# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, शुक्रवार 01 अगस्त 2025 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 08, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 115 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.2 | 23.5 |
| डालटनगंज | 32.4 | 25.3 |
| धनबाद | 30.8 | 26.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

## मालेगांव विस्फोट मामले में एनआईए कोर्ट ने 17 साल बाद सुनाया फैसला, शुरू हुई नई राजनीतिक बहस

# साध्वी प्रज्ञा व कर्नल पुरोहित समेत सभी सात आरोपी बरी

एजेंसियां। मुंबई

सितंबर 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में गुरुवार को मुंबई की एक विशेष अदालत ने पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया. इस विस्फोट में छह लोग मारे गए थे और 101 अन्य घायल हुए थे. एनआईए के मामलों की सुनवाई के लिए नियुक्त विशेष जज एके लाहोटी ने अभियोजन पक्ष के मामले और की गई जांच में कई खामियां बताईं. उन्होंने कहा कि आरोपियों को संदेह का लाभ मिलना चाहिए. विस्फोट के सभी छह पीड़ितों के परिवारों को दो-दो लाख रुपए और सभी घायलों को 50,000 रुपए का मुआवजा दिया जाएगा.

**कोर्ट ने फैसले में क्या-क्या कहा**

- आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता. कोई भी धर्म हिंसा का समर्थन नहीं कर सकता. अदालत केवल धारणा और नैतिक साक्ष्य के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहरा सकती. इसके लिए ठोस सबूत होना जरूरी है.
- अभियोजन पक्ष ने साबित किया कि मालेगांव में विस्फोट हुआ था, लेकिन यह साबित नहीं कर पाया कि उस बाइक में बम रखा गया था. अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि घायलों की संख्या 101 नहीं, बल्कि केवल 95 थी. कुछ मेडिकल प्रमाणपत्रों में भी हेराफेरी की गई थी.
- श्रीकांत प्रसाद पुरोहित के आवास में विस्फोटकों के भंडारण या संयोजन का कोई सबूत नहीं मिला. पंचनामा करते समय जांच अधिकारी की ओर से घटनास्थल का कोई स्केच नहीं बनाया गया था. घटनास्थल से कोई फिंगरप्रिंट, डंप डेटा या अन्य कोई जानकारी एकत्र नहीं की गई थी. नमूने गड़बड़ थे, इसलिए रिपोर्ट निर्णायक और विश्वसनीय नहीं हो सकी. विस्फोट में कथित रूप से शामिल बाइक का चेसिस नंबर स्पष्ट नहीं था. अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि विस्फोट से ठीक पहले वह साध्वी प्रज्ञा के पास थी.
- इस मामले में यूएपीए लागू नहीं किया जाएगा, क्योंकि नियमों के अनुसार मंजूरी नहीं ली गई थी. इस मामले में यूएपीए के दोनों मंजूरी आदेश दोषपूर्ण हैं.
- अभियोजन पक्ष ने अभिनव भारत संगठन को एक सामान्य संदर्भ के रूप में इस्तेमाल किया था. इस बात का कोई सबूत नहीं है कि अभिनव भारत के धन का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए किया गया था.
- हमने एडीजी एटीएस को आरोपी सुधाकर चतुर्वेदी के घर में विस्फोटक रखने के मामले की जांच शुरू करने का आदेश दिया है.



### साध्वी प्रज्ञा ने क्या कहा

फैसले के बाद साध्वी प्रज्ञा सिंह ने कहा- मैंने शुरू से ही कहा था कि जिन्हें भी जांच के लिए बुलाया जाता है, उनके पीछे कोई न कोई आधार जरूर होना चाहिए. मुझे जांच के लिए बुलाया गया और मुझे गिरफ्तार करके प्रताड़ित किया गया. इससे मेरा पूरा जीवन बर्बाद हो गया. मैं एक साधु का जीवन जी रही थी, लेकिन मुझ पर आरोप लगाए गए और कोई भी हमारे साथ खड़ा नहीं हुआ. मैं जिंदा हूं, क्योंकि मैं एक संन्यासी हूं. उन्होंने एक साजिश के तहत भगवा को बदनाम किया. आज भगवा की जीत हुई है, हिंदुत्व की जीत हुई है और ईश्वर दोषियों को सजा देगा. हालांकि, भारत और भगवा को बदनाम करने वालों को आपने गलत साबित नहीं किया.

### कर्नल पुरोहित ने क्या कहा

लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित ने कहा, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे उसी दृढ़ विश्वास के साथ अपने देश और अपने संगठन की सेवा करने का मौका दिया, जैसा मैं इस मामले में फंसने से पहले कर रहा था. मैं इसके लिए किसी भी संगठन को दोष नहीं देता. जांच एजेंसियों जैसे संगठन गलत नहीं हैं, बल्कि संगठनों के अंदर के लोग ही गलत कर रहे हैं. मैं आपको व्यवस्था में आम आदमी का विश्वास फिर से बहाल करने के लिए धन्यवाद देता हूं.

**कौन-कौन आरोपी थे:** इससे पहले सुबह सातों आरोपी दक्षिण मुंबई स्थित सत्र न्यायालय पहुंचे, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी. आरोपी जमानत पर बाहर थे. मामले के आरोपियों में प्रज्ञा ठाकुर, कर्नल पुरोहित, मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे. उन सभी पर यूएपीए और भारतीय दंड संहिता तथा शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आतंकवादी कृत्य करने का आरोप लगाया गया था.

**फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे: पीड़ित परिवारों के वकील :** पीड़ित परिवारों के वकील एडवोकेट शाहिद नदीम ने कहा कि बम विस्फोट की पुष्टि कोर्ट ने कर दी है. हम इस बरी करने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे. हम स्वतंत्र रूप से अपील दायर करेंगे.

**क्या है मामला :** बता दें कि 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में एक मस्जिद के पास बम धमाके में छह लोगों की मौत हुई थी. इस मामले में साध्वी प्रज्ञा, लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित समेत कई लोगों को आरोपी बनाया गया था. एनआईए की विशेष अदालत ने सबूतों के अभाव में सभी को बरी कर दिया.

## 'भगवा आतंकवाद' : कांग्रेस पर बरसी भाजपा कहा- देश पर थोपे गए झूठ का हुआ पर्दाफाश

**नयी दिल्ली।** मालेगांव ब्लास्ट केस में 17 साल बाद एनआईए कोर्ट ने साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, कर्नल श्रीकांत पुरोहित सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया. कोर्ट के इस फैसले के बाद राजनीतिक हलकों में भूचाल आ गया है. भाजपा ने इसे 'ऐतिहासिक दिन' करार देते हुए कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं. भाजपा नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने देश के बहुसंख्यक समाज पर आतंकवाद का ठप्पा लगाने की साजिश रची. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, सुशील शिंदे और पी. चिदंबरम जैसे नेताओं ने 'भगवा आतंकवाद' जैसा शब्द गढ़ा, लेकिन कोर्ट के फैसले ने यह साबित कर दिया कि यह पूरा नैरेटिव झूठा और राजनीतिक रूप से प्रेरित था. रविशंकर प्रसाद ने यह भी कहा कि जब राहुल गांधी से इस पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, बात मत भटकाओ, अडानी की बात करो. भाजपा ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी से देश से माफी मांगने की मांग की है.

### आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता: दिग्विजय सिंह

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने बयान दिया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता. न ही कोई हिंदू आतंकवाद है और न ही इस्लामी. हर धर्म प्रेम, सत्य और अहिंसा का प्रतीक है.

## ब्रीफ न्यूज

### सीईसी ज्ञानेश बोले: आज जारी करेंगे मसौदा सूची

**नयी दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने गुरुवार को कहा कि बिहार की मसौदा मतदाता सूची शुक्रवार को प्रकाशित की जाएगी. सूची में नाम जोड़ने या हटाने के लिए राजनीतिक दलों और लोगों को पूरे एक महीने का समय दिया जाएगा. सीईसी ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची के लिए जारी एसआईआर प्रक्रिया के तहत एक अगस्त को प्रस्तावित सूची प्रकाशित की जाएगी. जिला चुनाव अधिकारी बिहार के सभी 38 जिलों में सभी राजनीतिक दलों को इस सूची की प्रिंट और डिजिटल प्रति उपलब्ध कराएंगे. उन्होंने बताया कि बिहार के सीईओ और सभी 243 सीटों के ईआरओ एक अगस्त से एक सितंबर तक आपत्तियां और सुझाव मांगेंगे.

### मानसून के दूसरे हिस्से में सामान्य से ज्यादा बारिश

**नयी दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को कहा कि इस साल मानसून के दूसरे हिस्से यानी अगस्त और सितंबर में देश में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है. आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अगस्त में देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य बारिश होने की उम्मीद है, लेकिन पूर्वोत्तर और उससे सटे पूर्वी भारत के कुछ इलाकों में कम बारिश हो सकती है. उन्होंने कहा, सितंबर में बारिश सामान्य से ज्यादा रहने की संभावना है. कुल मिलाकर, जून-सितंबर की मानसून अवधि के दूसरे हिस्से में देशभर में औसत से ज्यादा यानी 106% बारिश होने के आसार हैं. यह अनुमान 422.8 मिमी दीर्घकालीन औसत (एलपीए) के आधार पर है.

## देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने 48 स्टूडेंट्स को बांटीं डिग्री

# प्राइमरी हेल्थ पर फोकस करें डॉक्टर

शुभम संदेश। देवघर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि नए डॉक्टरों को प्राइमरी हेल्थ पर फोकस करना चाहिए, ताकि निचले स्तर पर भी लोगों को बेहतर इलाज मिल सके. राष्ट्रपति गुरुवार को देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं. कहा कि एम्स में प्रवेश पाकर विद्यार्थी आज एक अच्छे डॉक्टर बन गए हैं. एक युवा डॉक्टर किसी के जीवन मे उजाला कर सकते हैं. प्राइमरी हेल्थ में भी नए डॉक्टर फोकस करें. देश की बड़ी आबादी गांवों में बसती है, उसकी सेहत पर खास ध्यान देने की जरूरत है.

खुशी की बात है कि एम्स ने पांच ट्राइबल विलेज को गोद लिया है. एम्स को अपना दायरा बढ़ाना चाहिए और कुछ अन्य गांवों को भी गोद लेना चाहिए. आदिवासियों में एनीमिया और सर्वाइकल कैंसर की समस्या है. लेकिन ट्राइबल विलेज को गोद लेने से इसमें कमी आएगी. क्योंकि कहां भी गया है हेल्थ इज वेल्थ.

**डॉक्टर व्यवहार में क्लीनिकल न रहें :** राष्ट्रपति ने कहा कि डॉक्टर व्यहार में क्लीनिकल न बनें, बल्कि सहानुभूति के साथ सलाह दें.बाबा बैद्यनाथ ने आपको जनसेवा के लिए भेजा है. आपका एक अच्छे डॉक्टर के साथ एक अच्छा इंसान भी होना जरूरी है. उन्होंने कहा कि डॉक्टर अनगिनत जीवन में उजाला कर सकते हैं. समाज निर्माण में भी वे अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं.

**एम्स के साथ मेरी विशेष स्मृति है जुड़ी:** राष्ट्रपति ने कहा कि एम्स के साथ मेरी विशेष स्मृति जुड़ी हुई है. जब मैं झारखंड की राज्यपाल थी, तो 25 मई 2018 में सिंदरी से इसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था. देवघर एम्स की विकास यात्रा से मेरा विशेष संबंध बन गया है. देवघर एम्स में कल्चर ऑफ एक्सिलेंस की शुरूआत हो रही है. इसके लिए भी मैं आपकी पूरी टीम को शुभकामनाएं देती हूं.

**पदक पाने वाली बेटियों की संख्या छात्रों के बराबर :** राष्ट्रपति ने कहा कि आज उपाधि और पदक पाने वालों में बेटियों की संख्या छात्रों के बराबर है. एम्स में प्रवेश पाना और शिक्षा ग्रहण करने का मतलब है कि आप एक कुशल डॉक्टर बन गए हैं. लेकिन संसेटिव कम्यूनिकेशन की क्षमता भी होनी चाहिए. कुछ ऐसे डॉक्टर हैं जिनके परामर्श से परिवार के लोग बेहतर महसूस करते हैं.



### पदक विजेताओं को किया सम्मानित

**गोल्ड मेडल:** डॉ अस्मित अग्रवाल, **सिल्वर मेडल:** डॉ तनिष्क कुमार, **ब्रांज मेडल:** डॉ हर्षवीर कौर.

**एमबीबीएस में सर्वाधिक अटेंडेंस:** डॉ ऋचा जायसवाल

**राष्ट्रपति ने इन्हें प्रदान की उपाधि:** डॉ अंजनी कुमारी, डॉ गौतम शंकर, डॉ सुमिता सिन्हा, डॉ शिक्षा सिंह, डॉ ओम शंकर

### चिकित्सा पेशा नहीं, बल्कि पुनीत कर्म हो: राज्यपाल

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि चिकित्सा केवल पेशा ही नहीं होना चाहिए. बल्कि एक पुनीत कर्म भी होना चाहिए. ज्ञान की प्राप्ति तभी सार्थक है, जब उसका उपयोग जनकल्याण के लिए हो. अपनी विशेषज्ञता को राष्ट्र निर्माण में लगाएं. यह शैक्षणिक उपलब्धि ही नहीं सामाजिक दायित्व की भी शुरूआत है. चिकित्सा मार्ग सिर्फ करियर ही नहीं, बल्कि संवेदना और नैतिक दृढ़ता की भी मांग करता है. एम्स देवघर से बिहार और पश्चिम बंगाल के लोगों को भी लाभ होगा.

### रांची पहुंची राष्ट्रपति, करेंगी रात्रि विश्राम

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर हैं. गुरुवार को देवघर एम्स के दीक्षांत समारोह में शामिल के बाद शाम को रांची पहुंचीं. एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति का स्वागत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया. हेमंत ने झुक कर राष्ट्रपति का अभिवादन किया. राष्ट्रपति रात राजभवन में ही विश्राम करेंगी. शुक्रवार को धनबाद जाएंगी. एक अगस्त को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बरवाअड्डा हवाई अड्डा पहुंचेंगी. वहां से सीधे आईआईटी (आईएसएम) धनबाद जाएंगी. जहां वे 45वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगी. यह कार्यक्रम सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर तय है.राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए धनबाद हवाई पट्टी क्षेत्र को 32 घंटे के लिए नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है. पूरे राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं.



### मैं भी एक डॉक्टर हूं, अपने मेडिकल कॉलेज के दिन याद आ रहे: डॉ इरफान

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मैं भी एक डॉक्टर हूं. मंत्री भी हूं. ये मेरे लिए पद नहीं भावना है. अपने मेडिकल कॉलेज के दिन याद आ रहा है. डॉक्टर के नाते मरीज का दर्द समझता हूं. यह प्रोफेशन नहीं बल्कि एक कमिटमेंट है.

### देवघर एम्स में शिक्षा, सेवा और शोध एक साथ चलते है: सौरभ वार्ष्णेय

देवघर एम्स के कार्यकारी निदेशक सौरभ वार्ष्णेय ने कहा कि देवघर एम्स में शिक्षा सेवा और शोध एक साथ चलते हैं. सितंबर 2019 को पहले बैच की शुरूआत हुई. इसमें 50 विद्यार्थी थे. आज विभिन्न फैक्लटी में 900 विद्यार्थी हैं.

## ट्रंप के टैरिफ बम पर केंद्र का बड़ा बयान, कहा-

# भारत के हितों की रक्षा के लिए उठाएंगे सभी कदम

एजेंसियां। नयी दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय निर्यात पर 25% टैरिफ के ऐलान के बाद केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को लोकसभा में बयान दिया. उन्होंने कहा कि अमेरिका के इस कदम से होने वाले असर का आकलन किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि हम राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे. उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है.

उन्होंने कहा, भारत-यूएस के बीच समझौते को अंतिम रूप देने के लिए कई अहम बैठकें हुईं. राष्ट्रपति ट्रंप ने 2 अप्रैल को रेसिप्रोकल टैरिफ पर एक कार्यकारी आदेश जारी किया था और तीन दिन बाद 10% का बेसलाइन टैरिफ लागू हो गया था. भारत पर बेसलाइन टैरिफ सहित 26% का अतिरिक्त शुल्क लगाया गया था. इसके बाद 90 दिनों के लिए और फिर 1 अगस्त तक के लिए निलंबित कर दिया गया था. केंद्रीय मंत्री ने संसद को बताया, भारत और अमेरिका ने के बीच मार्च में ट्रेड डील पर बातचीत शुरू हुई थी. हमारा उद्देश्य इस डील के पहले चरण को अक्टूबर-नवंबर तक अंतिम रूप देना था. इसके लिए पहली बैठक दिल्ली में हुई और बाकी बैठकें वाशिंगटन डीसी में हुईं.

दोनों देशों के बीच कई वर्चुअल बैठकें भी हुई थी. उन्होंने कहा, हम अपने घरेलू उद्योगों की सुरक्षा करेंगे. दुनिया के विकास में भारत का योगदान 16 फीसदी है. हम अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित और आगे बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे. हमारी सरकार किसानों के लिए काम कर रही है. हमें विश्वास है कि हम 2047 तक विकसित देश बन जाएंगे.

### ट्रंप टैरिफ से भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को मिली बड़ी राहत

भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री को अमेरिका की तरफ से लगाए जाने वाले प्रस्तावित टैरिफ से फिलहाल दो हफ्तों की राहत मिली है. यह जानकारी सरकारी और उद्योग से जुड़े सूत्रों ने दी है. ये राहत इसलिए मिली है क्योंकि एक अहम सेक्शन (धारा 232) की समीक्षा अभी बाकी है, जो भारत और अमेरिका के बीच चल रही द्विपक्षीय बातचीत का हिस्सा है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को घोषणा की कि 1 अगस्त से भारत से आने वाले सभी सामानों पर 25 प्रतिशत टैक्स (टैरिफ) लगाया जाएगा. इसके अलावा, भारत की तरफ से रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने के लिए भी एक अलग जुर्माना तय की जाएगी, जिसकी अभी घोषणा नहीं की गई है. अमेरिका की तरफ से लगाया गया यह टैरिफ सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक दबाव का भी संकेत है. अमेरिका नहीं चाहता कि भारत रूस से रक्षा उपकरण और तेल खरीदता रहे. यह जुर्माना उसी के तहत एक दबाव तकनीक है. भारत अब 'रणनीतिक स्वतंत्रता' और 'अंतरराष्ट्रीय व्यापार दबाव' के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है. दो हफ्ते के भीतर सेक्शन 232 पर अमेरिकी समीक्षा होगी. यदि छूट जारी रही, तो भारत को राहत मिलेगी. यदि शुल्क लागू होता है, तो भारत को डब्ल्यूटीओ या द्विपक्षीय बातचीत के जरिए कूटनीतिक लड़ाई लड़नी पड़ेगी. नई व्यापार नीतियां, निर्यात सब्सिडी और स्थानीय विनिर्माण बढ़ाने के उपाय करने होंगे.

## अलर्ट : आज से हो रहे कई बड़े बदलाव

# आपकी जेब पर पड़ेगा सीधा असर!

शुभम संदेश डेस्क

1 अगस्त 2025 में कई नियमों और कीमतों में बदलाव होने जा रहे हैं, जो आम जनता के दैनिक खर्च, डिजिटल लेनदेन, और वित्तीय योजनाओं को प्रभावित करेंगे. इन बदलावों का असर आपकी रसोई से लेकर यात्रा और बैंकिंग तक पर पड़ सकता है. आइए जानते हैं विस्तार से:

**यूपीआई यूजर्स के लिए नए नियम :** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने यूपीआई आधारित ऐप्स जैसे पेटीएम, फोनपे और गूगल-पे के लिए नए नियम लागू किए हैं. 1 अगस्त से यूजर्स एक दिन में अधिकतम 50 बार ही बैंक बैलेंस चेक कर सकेंगे, जबकि ट्रांजैक्शन डिटेल्स 25 बार ही देखी जा सकेंगी. ऑटो-पे के लिए भी समय स्लॉट तय किए गए हैं :


- सुबह: 10 बजे से पहले
- दोपहर: 1 से शाम 5 बजे तक
- रात: 9:30 बजे के बाद

इन नियमों का उद्देश्य यूपूआई सिस्टम पर लोड कम करना और उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाना है.

**सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका:** नौ अप्रैल के बाद से सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन 1 अगस्त से इनके दाम बढ़ने की संभावना जताई जा रही है. अगर ऐसा हुआ तो ऑटो, कैब और घरेलू रसोई के खर्च पर असर पड़ेगा. इससे ट्रांसपोर्टेशन और किचन बजट पर अतिरिक्त बोझ बढ़ सकता है.

**हवाई यात्रा हो सकती है महंगी :** 1 अगस्त से एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में बदलाव संभव है. अगर कीमतें बढ़ीं तो एयरलाइंस इसका बोझ यात्रियों पर डाल सकती हैं, जिससे हवाई टिकट महंगे हो सकते हैं. विशेषज्ञों की सलाह है कि यात्री पहले से टिकट बुक करें ताकि बढ़े हुए किराए से बचा जा सके.

**एसबीआई बंद करेगा फ्री एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) 11 अगस्त 2025 से अपने कई को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड्स पर दी जानेवाली फ्री हवाई दुर्घटना बीमा सुविधा को बंद करेगा. यह सुविधा यूको बैंक, सेंट्रल बैंक, करूर वैश्य बैंक और इलाहाबाद बैंक के साथ एलीट और प्राइम कार्ड्स पर उपलब्ध थी, जिसमें ₹50 लाख से ₹1 करोड़ तक का कवर मिलता था. अब कार्डधारकों को बीमा कवर के लिए अन्य विकल्प तलाशने होंगे.



### रसोई गैस की कीमतों में बदलाव की संभावना

तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) हर महीने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों की समीक्षा करती हैं. पिछले महीने कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 60 रुपए की कटौती की गई थी. इस बार 1 अगस्त को होने वाली समीक्षा में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में राहत की उम्मीद है, लेकिन बढ़ोतरी भी संभव है. इससे घरेलू उपभोक्ताओं का बजट प्रभावित हो सकता है.

### आरबीआई की ब्याज दरों पर अहम बैठक

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति 4 से 6 अगस्त तक बैठक करेगी. इस दौरान ब्याज दरों में बदलाव को लेकर फैसला लिया जाएगा, जिसका सीधा असर होम लोन, कार लोन और अन्य कर्जों की ईएमआई पर पड़ सकता है.

# झारखंड समेत छह राज्यों के 13 जिलों में 4 मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी

एजेंसियां। नयी दिल्ली

केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड राज्यों के 13 जिलों को कवर करने वाली रेल मंत्रालय की चार मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को गुरुवार को मंजूरी प्रदान की. इससे भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क लगभग 574 किलोमीटर बढ़ जाएगा. इन परियोजनाओं की कुल लागत 11,169 करोड़ रुपये आंकी गई है.

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां कैबिनेट ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने रेल मंत्रालय की चार परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी कुल लागत 11,169 करोड़ रुपये (लगभग) है. इनमें इटारसी – नागपुर चौथी रेल लाइन, अलुअबारी रोड–न्यू जलपाईगुड़ी तीसरी और चौथी लाइन छत्रपति संभाजीनगर–परभणी डबलिंग, डांगापोसी–जरौली तीसरी और चौथी लाइन प्रमुख रूप से शामिल हैं.



इटारसी-नागपुर चौथी रेलवे लाइन को लेकर वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इटारसी और नागपुर के बीच चौथी लाइन को मंजूरी दी है. इसका निर्माण दिल्ली और चेन्नई के साथ-साथ मुंबई और हावड़ा को जोड़ने वाले उच्च-घनत्व वाले गलियारे पर किया जाएगा. यह चारों दिशाओं का मिलन बिंदु है. इन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 574 किलोमीटर की वृद्धि होगी, जिससे कुल नेटवर्क और अधिक सशक्त होगा. उन्होंने कहा कि इन प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से लगभग 2,309 गांवों तक सम्पर्क बढ़ेगा, जो लगभग 43 लाख लोगों की आबादी को सीधा लाभ पहुंचाएंगे. इसके अलावा इन परियोजनाओं से सालाना 95.91 मिलियन टन अतिरिक्त मालवाहक ट्रैफिक को संभालने की क्षमता भी बढ़ेगी, जिससे देश के औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों को प्रत्यक्ष लाभ होगा.

## रेलकर्मियों के लिए राहत भरी खबर

### ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की पहल पर रेलवे बोर्ड ने जारी किया नया आदेश

# अब कर सकेंगे पद और विभाग की आपसी अदला-बदली

**1800 ग्रेड पे वाले कर्मचारी किसी भी विभाग, मंडल या ज़ोन में कर सकेंगे स्वैच्छिक तबादला**

शुभम संदेश। धनबाद/ रांची

धनबाद। रेलवे कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत की खबर आई है. अब 1800 ग्रेड पे वाले रेलकर्मी आपसी सहमति से किसी भी स्तर पर- चाहे वह एक ही मंडल हो, अलग-अलग मंडल या विभिन्न जोन- अपने पद और विभाग की अदला-बदली कर सकेंगे. यह निर्णय ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन (एआईआरएफ) की पहल पर रेलवे बोर्ड द्वारा लिया गया है. फेडरेशन की रेलवे बोर्ड के साथ हुई स्थायी वार्ता तंत्र (पीएनएम) की बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया था. विभागीय अदला-बदली को लेकर पहले जारी आदेशों की गलत व्याख्या पर स्पष्टीकरण मांगा गया था. इस पर रेलवे बोर्ड ने अपने पत्र (संख्या-ई (एन जी) /वन- 2020/ टी आर/13 ( ई-3327313), दिनांक 08/ 07 2025) जारी करते हुए यह स्पष्ट किया है कि उक्त विषय में पूर्व के आदेश (संख्या 99/2018) की कई स्थानों पर गलत व्याख्या की जा रही है. बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि 1800 ग्रेड पे में कार्यरत दो रेलकर्मियों के बीच मंडल के अंदर या दो मंडलों के बीच या दो विभिन्न जोन में आपसी सहमति से उनके पदों और विभागों की अदला-बदली की जा सकती है.



ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा ने बताया कि इस संबंध में फेडरेशन द्वारा रेलवे बोर्ड की स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक में रखे गए मद (संख्या 20/2024) के तहत विभागीय अदला- बदली मामलों पर स्पष्टीकरण मांगी गई थी. यह देखा जा रहा था कि दो विभिन्न विभागों के बीच आपसी सहमति से पदों की अदला -बदली को मंडल व जोन स्तर पर स्वीकार नहीं किया जा रहा था.

ईसीआरकेयू धनबाद के मीडिया प्रभारी एनके खवास ने कहा कि यह आदेश सैकड़ों रेलकर्मियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है, जो अब अपने घर के पास वाले विभाग या मंडल में कार्य करने का सपना साकार कर सकेंगे. इस निर्णय के लिए ईसीआरकेयू के केंद्रीय संगठन मंत्री नेताजी सुभाष, जितेंद्र कुमार साव, बसंत दूबे, आरके सिंह, एनके खवास, बीके साव, अमित मोहन, आईएम सिंह, चंदन शुक्ल, पीके सिन्हा, बीबी सिंह, महेन्द्र प्रसाद महतो, पीके गांगुली, रणधीर प्रसाद, अभय राज सिंह, आरएन चौधरी, अजीत कुमार मंडल, सुनील कुमार सिंह, उमेश सिंह, सीपी पाण्डेय, सुदर्शन महतो, मंटू सिन्हा, परमेश्वर कुमार, विश्वजीत मुखर्जी, रूपेश कुमार सहित अन्य रेलकर्मियों ने फेडरेशन केप्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह आदेश न केवल कर्मचारियों का संतोष बढ़ाएगा, बल्कि उनकी कार्यकुशलता में भी इजाफा करेगा.

## एक नजर

### झारखंड कैडर के आईपीएस संपत मीणा और एमएस भाटिया केंद्र में डीजी रैंक में इंपैनल

**रांची।** झारखंड कैडर के आईपीएस अधिकारी संपत मीणा और एमएस भाटिया को केंद्र में डायरेक्टर जनरल (डीजी) रैंक में इंपैनल किया गया है. केंद्र सरकार ने 1993 और 1994 बैच के 35 आईपीएस अधिकारियों को डीजी या समकक्ष पदों के लिए इंपैनल किया है, जिसमें झारखंड से ये दोनों वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं. संपत मीणा रांची में एसएसपी और डीआईजी जैसे अहम पदों पर रह चुकी हैं, जबकि एमएस भाटिया ने भी सीनियर एसपी के रूप में राजधानी में अपनी सेवाएं दी हैं. कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने 29 जुलाई को जारी अपने पत्र (संख्या 35/04/2025-ईओ(एसएम-I)) में इन अधिकारियों के नाम, कैडर और बैच की जानकारी दी है. सूची में बिहार से जितेन्द्र कुमार और अमित कुमार, उत्तर प्रदेश से जाकी अहमद, प्रकाश डी., राजा श्रीवास्तव, सुजीत पांडे और अखिल कुमार, तथा पंजाब से प्रवीण कुमार सिन्हा और सुधांशु एस श्रीवास्तव जैसे वरिष्ठ अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं. यह कदम केंद्र में शीर्ष पुलिस पदों पर योग्य अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

### राज्यपाल से मिले भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष किशुन दास, सौंपा 7 सूत्री मांग पत्र

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने बुधवार को राजभवन, रांची में महामहिम राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात कर अनुसूचित जाति समाज पर हो रहे अत्याचारों की रोकथाम हेतु सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा. उन्होंने मांग की कि झारखंड में अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की शीघ्र नियुक्ति हो, अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम और परामर्शदात्री परिषद का गठन हो, रांची नगर निगम में महापौर पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया जाए और हर जिले में छात्रावास बने. इसके अलावा, मेधावी विद्यार्थियों को विदेश शिक्षा हेतु सहयोग और विधानसभा एवं हाईकोर्ट परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा लगाने की मांग की गई. इस अवसर पर अरविंद सिंह, रंजन पासवान, सूरज दास, राजीव राजलाल, विनोद कुमार,राजेंद्र कुमार,संदीप कुमार, बप्पी बाउरी व अभिषेक राज उपस्थित थे.

### भानु प्रताप ने महिलाओं से खेली कीचड़ की होली

**रांची।** भाजपा के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही खेतों में काम कर रहीं महिलाओं को कीचड़ लगाते दिखे. जिसके बाद महिलाओं ने भी उन्हें कीचड़ से पोत दिया. दरअसल, ये पूरा वाकया धान रोपाई के दौरान का है. भानु प्रताप शाही अपने क्षेत्र में निकले थे. इसी दौरान उन्होंने खेतों में धान रोपाई करतीं महिलाओं को देखा. महिलाएं परंपरागत गीत गाते हुए धनरोपनी कर रहीं थी. इसी दौरान भानु प्रताप शाही वहां पहुंचे और उन्होंने महिलाओं के साथ कीचड़ की होली खेली. महिलाओं ने भी अपने पूर्व विधायक के साथ खूब होली खेली. भानु प्रताप शाही ने कीचड़ की होली खेलते हुए वीडियो अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट की है. जिसमें उनके और महिलाओं के बीच की हंसी ठिठोली साफ दिख रही है. दरअसल, झारखंड में धान की रोपाई के दौरान कीचड़ की होली एक पारंपरिक उत्सव के रूप में खेली जाती है. यह त्योहार धान की खेती के मौसम की शुरुआत के साथ ही शुरू हो जाता है. इस दौरान लोग धान के खेतों में एक-दूसरे पर कीचड़ फेंकते हैं, ठीक वैसे ही जैसे होली के दौरान एक-दूसरे पर रंग फेंकते हैं.धनरोपनी के दौरान, महिलाएं गीत गाते हुए धान रोपती हैं. लोग नाचते भी नजर आते हैं.

### जेएससीए चुनाव मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने सभी प्रतिवादियों को जारी किया नोटिस

**रांची।** हाईकोर्ट ने झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के सत्र 2025-28 के लिए हुए चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है. कोर्ट ने सभी प्रतिवादियों को छह सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश भी दिया है. जेएससीए चुनाव के बाद उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे नंदू पटेल ने याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि चुनाव में कुल 107 वोट ऐसे डाले गए जो जेएससीए बायलॉज और न्याय के नैसर्गिक सिद्धांतों का उल्लंघन है. याचिका में आरोप लगाया गया है कि 18 मई को संपन्न हुए चुनाव में जेएससीए की धारा-5 के तहत लगातार पांच वार्षिक आमसभा से अनुपस्थित रहनेवाले अवैध सदस्यों, राज्य के बाहर निवास करनेवाले अवैध सदस्यों, दो साल तक सदस्य रहने के बाद वोट देने का प्रावधान का उल्लंघन करने और लगभग ढाई दर्जन सदस्यों द्वारा एक से ज्यादा वोट डालने के कारण कुल 107 वोट अवैध तरीके से डाले गए. ऐसा करने से जेएससीए बायलॉज का उल्लंघन हुआ है. इसलिए, चुनावी प्रक्रिया को रद्द करते हुए नियमानुकूल निर्विवाद वोटर लिस्ट तैयार कर फिर से निष्पक्ष चुनाव कराए जाए.

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रोनी मंडल ने हाईकोर्ट से मांगी जमानत

**रांची।** बांग्लादेशी घुसपैठ से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित बांग्लादेशी मूल की महिला रोनी मण्डल ने झारखंड हाईकोर्ट से जमानत की गुहार लगाई है. उसने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है. इससे पहले रोनी मण्डल ने राची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में अपनी जमानत के लिए गुहार लगाई थी. लेकिन कोर्ट ने उसे जमानत देने से इनकार करते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी. जिसके बाद रोनी मंडल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है.

### लातेहार के व्यवसायी महलका कोर्ट से बरी

**रांची।** लातेहार शहर के युवा व्यवसायी व समाजसेवी रितेश महलका को सेंट्रल बैंक से जुड़े एक मामले में अदालत ने बरी कर दिया है. रितेश महलका ने कहा कि उन्हें अदालत पर पूरा भरोसा था. अब वे आरोपों से मुक्त हो गये हैं. उन्होंने इस प्रकरण में सेंट्रल बैंक के तत्कालीन ब्रांच मैनेजर व सीनियर मैनेजर पर 50-50 लाख यानी कुल एक करोड़ रुपये की मानहानि का दावा ठोंका है. महलका के अधिवक्ता सुनील कुमार ने बताया कि अक्टूबर 2020 में एक सुनियोजित साजिश के तहत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की हेठपोचरा शाखा के तत्काललीन बैंक मैनेजर संदीप नारायण सिन्हा व सीनियर मैनेजर बेनन पी बारला ने रितेश महलका के खिलाफ गंभीर आपराधिक धाराओं में झूठी प्राथमिकी दर्ज कराई थी. इस झूठे मुकदमे से महलका की सामाजिक प्रतिष्ठा, पारिवारिक सम्मान और व्यावसायिक छवि को गंभीर क्षति पहुंची है.

## झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र आज से, सभी तैयारियां पूरी

# सर्वदलीय बैठक, सकारात्मक और रचनात्मक विमर्श पर जोर

शुभम संदेश। रांची

शुक्रवार 1 अगस्त से 7 अगस्त 2025 तक आहूत षष्ठम झारखंड विधानसभा के तृतीय सत्र (मानसून सत्र) के सफल, व्यवस्थित और सुचारु संचालन को लेकर गुरुवार को झारखंड विधानसभा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. इस बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने की. बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के विधायक दलों के नेता एवं प्रतिनिधि शामिल हुए. बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी उपस्थित रहे. उन्होंने सत्र के दौरान सदन में शालीन, सकारात्मक और रचनात्मक विमर्श की आवश्यकता पर बल दिया. मुख्यमंत्री ने सभी दलों से अपेक्षा जताई कि वे जनहित के मुद्दों पर चर्चा को प्राथमिकता देंगे और सत्र को सार्थक बनाने में सहयोग करेंगे. विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने भी सत्र के दौरान अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने की अपील की. उन्होंने कहा कि मानसून सत्र महत्वपूर्ण विधायी कार्यों और नीतिगत चर्चाओं के लिए अवसर प्रदान करता है, ऐसे में सभी दलों की रचनात्मक सहभागिता अपेक्षित है.

इस बैठक में सीएम हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, राधाकृष्ण किशोर, प्रदीप यादव अरूप चटर्जी सहित कई नेता अन्य शामिल हुए. बैठक में सदन के कार्य संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ, जिसमें यह सुनिश्चित करने की कोशिश की गई कि सदन का वातावरण सौहार्दपूर्ण बना रहे और जनहित के मुद्दों पर गहन चर्चा हो सके. ज्ञात हो कि इस बार का मानसून सत्र सात दिनों का होगा, जिसमें सरकार कई महत्वपूर्ण विधेयकों को प्रस्तुत कर सकती है और विपक्ष भी राज्य की नीतियों, कानून-व्यवस्था, विकास योजनाओं आदि पर सवाल उठा सकता है. इस तरह, मानसून सत्र के पूर्व नेताओं की यह समन्वय बैठक सत्र को शांतिपूर्ण और प्रभावी रूप से संचालित करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल मानी जा रही है.

**पेश होगा अनुपूरक बजट:** इस सत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा, जो राज्य के विकास और कल्याणकारी योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण होगा. इस बजट में सरकार की प्राथमिकताओं को दर्शाया जाएगा और राज्य के विकास के लिए आवश्यक संसाधनों का आवंटन किया जाएगा.



### मानसून सत्र में होंगे पांच कार्यदिवस

इस बार का मॉनसून सत्र सात दिनों का होगा, जिसमें पांच कार्यदिवस होंगे. इस दौरान महत्वपूर्ण विधायी कार्यों और नीतिगत चर्चाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा. नेताओं की यह समन्वय बैठक सत्र को शांतिपूर्ण और प्रभावी रूप से संचालित करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल मानी जा रही है.

### ऐसा है सत्र का शेड्यूल

- **1 अगस्त:** राज्यपाल की सहमति प्राप्त विधेयक सदन के पटल पर रखे जाएंगे और दिवंगत विभूतियों को याद किया जाएगा.
- **4 अगस्त:** वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा.
- **5 अगस्त:** प्रश्नकाल, अनुपूरक बजट पर चर्चा.
- **6 अगस्त:** प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक.
- **7 अगस्त:** प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक, गैर सरकारी संकल्प.

### सकारात्मक व रचनात्मक विमर्श की सीएम की अपील

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सत्र के दौरान सदन में शालीन, सकारात्मक और रचनात्मक विमर्श की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने सभी दलों से अपेक्षा जताई कि वे जनहित के मुद्दों पर चर्चा को प्राथमिकता देंगे और सत्र को सार्थक बनाने में सहयोग करेंगे.

## अलकायदा की आतंकी के झारखंड कनेक्शन पर बोले बाबूलाल मरांडी

# सरकार आतंकी नेटवर्क की पहचान कर सख्त कार्रवाई करे

शुभम संदेश। रांची

बेंगलुरु से गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी शमा परवीन का झारखंड कनेक्शन सामने आया है. इसे लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन से सभी आतंकी नेटवर्क की पहचान कर सख्त कार्रवाई की मांग की है. बाबूलाल मरांडी ने इस बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है.गौरतलब है कि गुजरात एटीएस ने हाल ही में बेंगलुरु के हेब्बाल इलाके से संदिग्ध अलकायदा आतंकी समा परवीन को गिरफ्तार किया है. शमा परवीन झारखंड के कोडरमा जिले की रहने वाली है. हालांकि, वह काफी समय तक हैदराबाद में रही और फिर बेंगलुरु चली गई. गुजरात एटीएस ने अपनी जांच में पाया कि शमा सोशल मीडिया के जरिए चरमपंथी विचारधारा



को बढ़ावा दे रही थी. वह अलकायदा के विचारों को फैलाने और युवाओं को अब इस मामले को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पोस्ट किया है और आतंकी नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि "यह बेहद चिंताजनक है कि गिरफ्तार संदिग्ध महिला आतंकवादी शमा परवीन का झारखंड के कोडरमा जिले से सीधा संबंध है. एटीएस की जांच में पता चला है कि शमा अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (AQIS) जैसे खतरनाक आतंकवादी संगठन से जुड़ी थी और सोशल मीडिया के माध्यम से आतंकवादी विचारधारा का प्रचार कर रही थी.उन्होंने आगे लिखा कि गौरतलब है कि शमा मूल रूप से कोडरमा की रहने वाली है और पिछले कुछ सालों से हैदराबाद होते हुए बेंगलुरु में अपने भाई के साथ रह रही थी. यह गिरफ्तारी झारखंड में पनप रहे आतंकी नेटवर्क की एक और कड़ी को उजागर करती है. पिछले कुछ सालों में रांची, जमशेदपुर, लोहरदगा, हजारीबाग जैसे जिलों से भी आतंकी गतिविधियों और संदिग्ध गिरफ्तारियों की खबरें आती रही हैं. बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन से अपील करते हुए कहा कि झारखंड धीरे-धीरे आतंकी संगठनों की शरणस्थली बनता जा रहा है. ऐसी घटनाएं पूरे राज्य की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं.

# इरफान अंसारी ने की हिंदू टाइगर फोर्स पर कड़ी कार्रवाई की मांग

### घटना के लिए बाबूलाल को ठहराया जिम्मेदार

शुभम संदेश। रांची/जामताड़ा

झारखंड के रामगढ़ में युवक के थाने से फरार होना और उसकी लाश मिलने की घटना ने तूल पकड़ लिया है. स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने इस घटना को लेकर रामगढ़ के हिंदू टाइगर फोर्स पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है. साथ ही हिंदू टाइगर फोर्स में कौन-कौन है, इसकी जांच हो. स्वास्थ्य मंत्री ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कानून अपना काम करेगा. हिंदू टाइगर फोर्स कहां से आ गया है. इसकी जांच कर कठोर कार्रवाई हो. मंत्री इरफान अंसारी ने इस घटना के लिए बाबूलाल मरांडी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि उनके ट्वीट के कारण यह घटना घटी है.

**पलटवार**



इरफान का भानु प्रताप शाही पर तंज

इरफान अंसारी ने प्रतिपक्ष नेता बाबूलाल मरांडी एवं भाजपा नेता भानु प्रताप शाही पर निशाना साधा है. उन्होंने बाबूलाल मंडी को झारखंडी तो भानु प्रताप शाही को विदेशी बताया है. मंत्री ने कहा कि बाबूलाल मरांडी झारखंडी है, लेकिन भानु प्रताप शाही झारखंडी नहीं, वह विदेशी हैं. भानु प्रताप शाही पर तंज कसते हुए कहा कि जब वह मंत्री थे तो उन्होंने क्या किया. स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी मिहिजाम में पार्टी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे. इसके अलावा उन्होंने कई शिलान्यास कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया. इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने ये बातें कहीं.

# झामुमो नेता और पूर्व विधायक ज्योतिन्द्र प्रसाद का निधन, सादगी और जनसेवा के थे मिसाल

शुभम संदेश। रांची

झारखंड ने गुरुवार को अपना एक सच्चा गांधीवादी नेता खो दिया. गिरिडीह विधानसभा से पूर्व विधायक और झारखंड मुक्ति मोर्चा के अनुभवी नेता ज्योतिन्द्र प्रसाद का निधन हो गया. अपने सादगीपूर्ण जीवन और जनसेवा की भावना के लिए जाने जाने वाले ज्योतिंद्र प्रसाद को लोग 'झारखंड के गांधी' कहकर संबोधित करते थे. उनके निधन की खबर से पूरे गिरिडीह सहित प्रदेश भर में शोक की लहर फैल गई है. स्व. प्रसाद का अंतिम संस्कार शुक्रवार को गिरिडीह में किया जायेगा. अंतिम दर्शन के लिए सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है. पूर्व विधायक लक्ष्मण सोनकर, दिनेश यादव, दीपक उपाध्याय समेत कई प्रमुख राजनीतिक और सामाजिक चेहरे उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे.



**सादगी और संघर्ष की मिसाल:** गिरिडीह के जमुआ प्रखंड अंतर्गत गांव निवासी ज्योतिंद्र प्रसाद ने अपने सार्वजनिक जीवन में उस आदर्श राजनीति को जिया, जिसकी आज कल्पना भर होती है. उन्होंने कभी दोपहिया वाहन तक नहीं लिया, झोपड़ी जैसे खपरैल घर में जीवन बिताया, और माइका मजदूर आंदोलन के दौरान मजदूरों के साथ धरती पर सोए, भोजन की व्यवस्था के लिए उनकी पत्नी ने अपने कान की बाली तक बेच दी. यह सब उन्होंने बिना किसी दिखावे के, केवल जनसेवा के भाव से किया. उन्हें कभी सत्ता का लोभ नहीं हुआ. राजनीति उनके लिए सेवा का माध्यम था, न कि साधन.

### राजनीतिक जीवन

वर्ष 1990 में कांग्रेस के टिकट पर वे गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए. अपने कार्यकाल में उन्होंने शुचिता, पारदर्शिता और आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता की मिसाल कायम की. उनकी ईमानदार छवि ने उन्हें गिरिडीह के घर-घर में भरोसेमंद नाम बना दिया. राजनीति में रहते हुए भी उन्होंने कभी दिखावटी जीवन नहीं जिया और सादगी को अपना धर्म बनाया.

# झारखंड हाईकोर्ट ने प्रेशर हॉर्न, फ्लैग रॉड और अवैध इमरजेंसी लाइट्स पर रोक लगाई

शुभम संदेश। रांची

शोर और दृश्य प्रदूषण पर सख्ती करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य भर में प्रेशर हॉर्न, मल्टी-टोन हॉर्न, फ्लैग रॉड और अवैध लाइट्स लगे वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है. मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने गुरुवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को केंद्रीय मोटर वाहन नियम, ध्वनि प्रदूषण (नियमन और नियंत्रण) नियम और भारतीय ध्वज संहिता के अनुपालन को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया.

**मुख्य निर्देश**

- प्रेशर हॉर्न और मल्टी-टोन हॉर्न लगे वाहनों पर पूरी तरह से रोक.
- गैर-आपातकालीन वाहनों पर लगी लाल b नीली लाइटें तुरंत हटाई जाएं.
- राजनीतिक या धार्मिक झंडों और फ्लैग रॉड का अवैध उपयोग रोका जाए.
- रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बिना अनुमति के लाउडस्पीकर के प्रयोग पर सख्ती हो.

कोर्ट ने कहा कि झारखंड राज्य में अब प्रेशर और मल्टी-टोन हॉर्न का उपयोग नहीं किया जा सकेगा. अवैध इमरजेंसी लाइट्स वाले वाहनों की पहचान कर उनके उपकरण तुरंत हटाए जाएं. कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि झंडों और फ्लैग रॉड का अनुचित उपयोग ध्वज संहिता का उल्लंघन है और प्रशासन को इस पर सख्ती से कार्रवाई करनी होगी. पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव को निर्देश दिया गया है कि वे इन आदेशों के पालन का व्यक्तिगत हलफनामा 11 अगस्त से पहले दाखिल करें.

## कमाल की कारस्तानी: जरूरत से ज्यादा खरीद ली गई डेंगू किट

# खपाने के लिए वहां भी भेजी जा रही जहां जांच की व्यवस्था ही नहीं

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू जांच किट की खरीद में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है. विभाग ने राज्य भर के मेडिकल कॉलेजों और जिला जनस्वास्थ्य प्रयोगशालाओं (डीपीएचएल) की आवश्यकता से कहीं अधिक संख्या में डेंगू जांच किट की खरीद कर ली. इनमें से कई किट उन जिलों में भेज दी गईं, जहां जांच की बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं है.

स्थिति स्पष्ट होने पर विभाग ने इन किट को अन्य संस्थानों में स्थानांतरित करने का आदेश जारी किया. इसके साथ ही, किट के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए बोकारो, गुमला, धनबाद, लोहरदगा



और खूंटी जैसे जिलों को एलाइजा रीडर विद वॉशर मशीन भी उपलब्ध करा दी गई. हालांकि इन जिलों में अब तक न तो मशीनें चालू हुई हैं और न ही चिकित्सकों व तकनीशियनों को प्रशिक्षण दिया गया है.


**जांच के आदेश की संभावना:** इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के प्रबंध निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा है कि यदि जरूरत से अधिक किट की खरीद हुई है तो यह जांच का विषय है. यह देखा जाएगा कि किस परिस्थिति में यह निर्णय लिया गया और क्या प्रक्रियाएं अपनाई गईं."

### खरीद और उपयोग में बड़ा अंतर

विभाग द्वारा कुल 1.88 लाख डेंगू जांच किट खरीदी गई, जबकि आंकड़ों के अनुसार पिछले एक वर्ष में राज्य में डेंगू जांच के लिए 10 हजार मरीज भी सामने नहीं आए. ऐसे में कई संस्थानों को भेजी गई किट की संख्या इतनी अधिक है कि उनकी उपयोग अवधि (1 से 1.5 वर्ष) समाप्त होने से पहले खपत कर पाना संभव नहीं होगा. कुछ केंद्रों ने अंदेशा जताया है कि इन किटों की खपत में 4 से 5 साल लग सकते हैं, जो कि व्यावहारिक नहीं है.

### सीएम के निर्देश पर बीपीएम एल-5 और एल-6 कर्मियों की मांगों पर सरकार ने कार्रवाई शुरू की, महासंघ ने जताया आभार

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस), ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत पलाश परियोजना में कार्यरत ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर (बीपीएम) एल-5 और एल-6 संवर्ग के कर्मियों की लंबित मांगों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है. झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ द्वारा मुख्यमंत्री से इन कर्मियों की न्यायोचित मांगों को पूरा करने का आग्रह किया गया था, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री के निर्देशन पर उनके वरीय आप्त सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव के हस्ताक्षर से एक पत्र ग्रामीण विकास विभाग के सचिव को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा गया है. जारी पत्र में बीपीएम एल-5 और एल-6 कर्मियों की प्रमुख मांगों 80,000 मासिक मानदेय, मानव संसाधन नियमावली में लेवल एल-4 में समावेश, वेतन पुनर्संरचना, नई एचआरएनएम नीति लागू करने, स्थायी समायोजन और राज्यकर्मियों के समकक्ष सुविधाएं शामिल की गयी हैं. मुख्यमंत्री के सकारात्मक पहल के लिए उनके प्रति महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह, अध्यक्ष देव नारायण सिंह मुंडा, संरक्षक गणेश प्रसाद सिंह, मुक्तेश्वर लाल, घरभरन राम, अगस्त क्रांति कुमार, मुक्तेश्वर लाल, घरभरन राम, अगस्त क्रांति कुमार, कमलेश कुमार, रामाशीष पासवान, सुरेश कुमार, सुरेश हाजरा, अंजना सिंह, प्रेम प्रकाश, मुकेश कुमार पांडेय, मो अदिबुल, राजीव मिश्रा, गिरिजेश शर्मा, जन्मंजय बाउरी, मनोज महतो,अरुण महतो, पी टोपनो, धनंजय उरांव, ए मिंज, प्रेरणा सांगा, सुजाता बेक, अमित दुबे,धनेश्वर उरांव ,नवीन कुमार, प्रमोद कुमार,तेज कुमार कंडुलना, अनुज कुमार ने आभार जताया है.



# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, शुक्रवार 01 अगस्त 2025 । श्रावण शुक्ल पक्ष 08, संवत 2082 । रांची एवं पटना से प्रकाशित । वर्ष : 3, अंक : 115 । मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12




## ब्रीफ न्यूज

नीलांबर-पीतांबर विवि

### कुलपति ने साइंस फैकल्टी की मान्यता रद्द की

**रांची।** पलामू के नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के विवादित कुलपति ने एके सिंह कॉलेज के साइंस फैकल्टी की मान्यत रद्द कर दी है. इससे कॉलेज में एडिमिशन ले चुके 1000 छात्रों की परेशानियां बढ़ गयी है. मान्यता रद्द करने के लिए निर्धारित क्षमता से अधिक एडमिशन को आधार बनाया गया है. हालांकि एफिलियेटेड कॉलेज में एडमिशन के लिए छात्रों की संख्या निर्धारित नहीं है. कुलपति के निर्देश पर रजिस्ट्रार की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि है कि विश्वविद्यालय ने एके सिंह कॉलेज के साइंस फेकल्टी को अस्थायी मान्यता देने के लिए निरीक्षण समिति का गठन किया था. समिति ने कॉलेज में 2025-29 तक के लिए साइंस के शैक्षणित सत्र को मान्यता नहीं देने की अनुशंसा की.

### गिरिडीह में दो पक्षों में खूनी झड़प, 2 की हालत गंभीर

**गिरिडीह।** जिले के देवरी थाना क्षेत्र स्थित खोजाटोल गांव में मंगलवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव गहराता चला गया, जो अंततः हिंसक झड़प में बदल गया. विवाद के दौरान लाठी-डंडों के साथ तलवार और भाले तक चले. घटना में पांच लोग घायल हो गए हैं. घायलों में कुनी महथा (60), सुखनी देवी (55), संजय महथा (38), कौशल्या देवी (55) और गुंजा कुमारी (16) शामिल हैं. प्राथमिक उपचार के लिए सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल कुनी महथा और सुखनी देवी को गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर किया गया है. सूचना मिलते ही देवरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति पर नियंत्रण पाया. पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पहले से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था. मंगलवार को भी बातचीत के दौरान मामला गर्मा गया था और गुरुवार को गाली-गलौज से शुरू होकर झड़प ने उग्र रूप ले लिया.

# देवघर के बाबा बैद्यनाथधाम में अबतक 40.57 लाख श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण

**शुभम संदेश। देवघर**

सावन माह में देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब लगातार उमड़ रहा है. गुरुवार तड़के 04:15 बजे से मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया. श्रद्धालुओं को बीएड कॉलेज से तिवारी चौक, शिवराम झा चौक, नेहरू पार्क, क्यू कॉम्प्लेक्स होते हुए जिला प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा के बीच जलार्पण



कराया जा रहा है. बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में शिवभक्तों की गूंज है. कांवड़िए कतारबद्ध होकर बाबा का जयघोष करते हुए जलार्पण कर रहे हैं. सुल्तानगंज से जल लेकर 105 किलोमीटर पैदल यात्रा कर देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंच कर कांवड़िए जलार्पण करते हैं.

जिला प्रशासन के अनुसार सावन मेला में अब तक कुल 40 लाख 57 हजार 220 श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण किया है. देश के हर कोने और विदेश से भी भक्त भोलेनाथ को जलार्पण करने आ रहे हैं.

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

श्रद्धालुओं की भीड़ देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. एसपी अजित पीटर डुंगडुंग ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सभी स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है. बाबा बैद्यनाथ धाम स्थित पूरे मेला क्षेत्र में कुल 564 मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है. 9 हजार 650 पुलिस बल प्रतिनियुक्त किये गये हैं. साथ ही चार सीआरपीएफ की कम्पनी, दो पुलिस अधीक्षक, एनडीआरएफ की टीम मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त हैं. मेला में 101 स्थानों पर आवासन की व्यवस्था की गयी है. मेला में 81 चिकित्सक और पारा मेडिकल स्टाफ की संख्या 449 है. रूट लाइन और मंदिर परिसर के निगरानी के लिए 765 सीसीटीवी कैमरा, 200 एआई कैमरा और 10 ड्रोन कैमरा लगाए गए हैं. उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी लगातार मंदिर परिसर और रूट लाइन का जायजा ले रहे हैं.

### खूंटी में करोड़ों की लागत से बने मार्केट कॉम्प्लेक्स हुए जर्जर

# नीलामी में लोग नहीं दिखा रहे रुचि बिना स्थल चयन के निर्माण का आरोप

**शुभम संदेश। खूंटी**

बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए जिला परिषद ने खूंटी जिले के विभिन्न इलाकों में पांच सौ से अधिक दुकानों का निर्माण कराया है. कुछ जगहों पर अभी भी दुकानों का निर्माण कार्य चल रहा है. इसके लिए जिले के सभी छह प्रखंडों में करीब 12 जगहों पर मार्केट कॉम्प्लेक्स बनाए गए हैं. निर्माण पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं. इसके बावजूद ये कॉम्प्लेक्स अभी भी वीरान पड़े हैं. इससे जिस उद्देश्य से इन दुकानों का निर्माण कराया गया था, वह पूरा नहीं हो पा रहा है.दुकानों की नीलामी में लोगों ने रुचि नहीं दिखाई है. इस वजह से वे सभी दुकानें अभी भी खाली हैं और धीरे-धीरे जर्जर होती जा रही हैं. इतना ही नहीं, विभाग द्वारा आयोजित नीलामी में भी किसी ने भाग नहीं लिया. कुछ जगहों पर नीलामी हुई, लेकिन वहां भी दुकानें नहीं खुलीं.

जिले में अब तक कुल 7,69,38,850 रुपये की लागत से भवनों का निर्माण हो चुका है. जहां भी मार्केट कॉम्प्लेक्स बने हैं, वहां लोग दुकानें लेने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं.



इसके पीछे कारण यह बताया जा रहा है कि वह जगह बाजार से काफी दूर है. जिसके कारण करोड़ों की इमारतें आज बेकार हो रही हैं. कई जगहों पर स्थानीय लोग अपने पालतू जानवर पालते हैं, तो कई जगहों पर लकड़ियां डंप कर दी गई हैं. बेकार पड़ी इमारतें अब धीरे-धीरे जर्जर अवस्था में पहुंच गई हैं. कर्रा प्रखंड के कोसंबी मार्केट के पीछे रहने वाले एक ग्रामीण ने बताया कि मार्केट तीन साल पहले बनकर तैयार हो गया था. कभी-कभार अधिकारी आते हैं, देखते हैं और चले जाते हैं. बनने के बाद से मार्केट का शटर नहीं खुला है, इसका कारण उन्हें नहीं पता.

सांसद प्रतिनिधि नईम खान ने कहा कि जिला परिषद का फंड जमीनी स्तर पर लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए है. लेकिन जिला परिषद ने बिना स्थल चयन किए ही आनन-फानन में टेंडर निकालकर मार्केट का निर्माण करा दिया. जो अनियमितता को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि एक-दो स्थलों को छोड़कर सभी मार्केट बर्बाद हो रहे हैं. जिन जगहों पर मार्केट कॉम्प्लेक्स बनना था, वहां निर्माण नहीं होना चाहिए था. जिला अभियंता और जिला परिषद के लोगों ने सरकारी राशि का दुरुपयोग किया है. उन्होंने कहा कि मार्केट निर्माण की जांच होनी चाहिए ताकि भविष्य में सरकारी राशि का दुरुपयोग न हो सके. प्रतिनिधि ने कहा कि नियमानुसार दुकानों का आवंटन कराने के लिए वे पहल करेंगे. वहीं जब जिला परिषद अध्यक्ष को उनका पक्ष लेने के लिए फोन किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया. मसीह गुड़िया जिला परिषद अध्यक्ष हैं. उन्होंने ने इस बारे में कुछ भी बोलने के पीछे हट गए.

उधर, डीडीसी आलोक कुमार दुबे ने कहा कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में वर्षों से बने मार्केट कॉम्प्लेक्स की जानकारी प्रशासन को है. डीडीसी ने कहा कि मार्केट तो बन गया है, लेकिन उसका उपयोग नहीं हो रहा है. पूर्व में कई बार नीलामी की प्रक्रिया हुई, लेकिन किसी के शामिल नहीं होने से परेशानी हुई. उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर कुछ समस्याएं हैं, जिन्हें दूर करने का प्रयास किया जा रहा है.

डीडीसी ने माना कि भवन बिना उपयोग के खराब हो रहा है. जल्द ही विभागीय प्रयास से जिस उद्देश्य से मार्केट भवन का निर्माण किया गया था, उसके अनुरूप उसे मूर्त रूप दिया जाएगा. एक-दो माह में लोगों को मार्केट का लाभ मिलने लगेगा.

# नगर निकाय चुनाव से पहले ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया की जांच में जुटा ओबीसी आयोग



**शुभम संदेश। जमशेदपुर**

झारखंड में आगामी नगर निकाय चुनाव से पहले ओबीसी आरक्षण के मद्देनजर ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया की समीक्षा को लेकर झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की टीम गुरुवार को जमशेदपुर पहुंची. आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव के नेतृत्व में टीम ने सर्किट हाउस में जिले के वरीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं नगर निकाय के पदाधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की.

बैठक में आयोग की टीम ने नगर निकायों की वर्तमान स्थिति, ओबीसी मतदाताओं की संख्या और जातिगत स्थिति पर विस्तार से चर्चा की. टीम अब वार्ड स्तर पर जाकर ओबीसी समुदाय के वोटरों की संख्या, पहचान और उनकी सामाजिक स्थिति का आकलन कर रही है. इसके तहत वोटर लिस्ट में दर्ज नाम, पिता या पति का नाम और जाति की स्पष्टता की जांच की जाएगी ताकि यह तय किया जा सके कि संबंधित व्यक्ति को राजनीतिक आरक्षण का अधिकार मिल रहा है या नहीं.

आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ने बताया कि टीम डोर-टू-डोर सर्वेक्षण करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि जिनका नाम ओबीसी श्रेणी में दर्ज है, उनकी जातीय पहचान स्पष्ट रूप से हो. उन्होंने कहा कि यदि मतदाता सूची में जाति अस्पष्ट पाई जाती है, तो यह राजनीतिक प्रतिनिधित्व में बाधा बन सकती है और ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया अधूरी रह जाएगी. इसके साथ ही बैठक में इस बात की भी समीक्षा की गई कि पिछड़े वर्ग के लोगों को जाति प्रमाण पत्र बनवाने में कोई प्रशासनिक कठिनाई तो नहीं आ रही है. आयोग यह भी जांच कर रहा है कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जा रही नियुक्तियों में ओबीसी वर्ग को नियत आरक्षण मिल रहा है या नहीं.

जमशेदपुर दौरे के बाद आयोग की यह टीम सरायकेला-खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम जिलों का भी दौरा करेगी और वहां भी नगर निकायों में ट्रिपल टेस्ट की स्थिति की गहन समीक्षा करेगी. इस दौरे में आयोग के अध्यक्ष के साथ सदस्य नरेश वर्मा भी मौजूद रहे.

# बालू का अवैध खनन और परिवहन रोकें : उपायुक्त

**शुभम संदेश। लोहरदगा**

जिले के उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में गुरुवार को एनजीटी की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई. बैठक में जिला में बालू का अवैध खनन, उठाव और परिवहन रोके जाने का सख्त निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिया गया. उपायुक्त ने कहा कि एनजीटी के आदेशों का सख्ती से पालन कराएं। बालू के अवैध खनन, उठाव और परिवहन की सूचना पर त्वरित गति से नियमानुसार कार्रवाई करें। बालू उठाव के रास्तों अस्थायी रूप से बंद करें. कहीं पर बालू अवैध रूप से स्टॉक किया गया है तो उन पर भी कार्रवाई करें.

उपायुक्त ने कहा कि एनजीटी के आदेश का सख्ती से पालन कराने के लिए प्रशासनिक पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें. हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को जिला में प्रदूषण, हवा की गुणवत्ता, आद्रता,




घनत्व आदि निर्देशांकों को डिस्प्ले करने के लिए उपकरण स्थापित करने के लिए दिए गए पूर्व निर्देश का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया.

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी की ओर से जिला में जंगल-झाड़ भूमि, पूर्व से वन भूमि की प्रकृति और पौधरोपण वाले भूमि का सर्वेक्षण करने के लिए भारत सरकार के निर्देशों से सभी अंचल अधिकारियों को अवगत कराया. उपायुक्त की ओर से सभी अंचल पदाधिकारियों को उक्त भूमि का सर्वेक्षण मौजावर करने का निर्देश दिया. साथ ही जिला में आर्द्रभूमि को भी चिन्हित करने का निर्देश दिया.

बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.

# रांची सहित आसपास के इलाकों में हुई बारिश से लोगों की बढ़ी परेशानी



**शुभम संदेश। रांची**

राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में गुरुवार को सुबह से ही रिमझिम बारिश दर्ज की गई. हल्की बारिश होने से लोगों को अपनी दिनचर्या में परेशानी हुई, जबकि स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा. इधर, मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है. हालांकि मौसम विभाग ने अगस्त माह के पहले हफ्ते में भारी बारिश नहीं होने की बात कही है. विभाग ने एक अगस्त को राज्य के उत्तरी और मध्यवर्ती जिलों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है. विभाग ने इन इलाकों के कुछ हिस्सों में आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की चेतावनी दी है. इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है. वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश धनबाद जिले के भाव नागपुर में 62.1 मिलीमीटर दर्ज की गई. गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री, जमशेदपुर में 30.9 डाल्टनगंज में 30.8, बोकारो में 31.1 और चाईबासा में तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.

# आस्था या अंधविश्वास ? मृत बेटे को जीवित करने को 7 घंटे तक प्रार्थना करता रहा परिवार

**शुभम संदेश। चतरा**

जिले में अंधविश्वास का एक बड़ा मामला सामने आया है जहां एक मां अपने मृत बच्चे के शव को जिंदा करने के लिए सुबह के 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रभु यीशु की प्रार्थना करती रही. मामला हंटरगंज के पैनीकला गांव का है जहां बीते बुधवार को मृतक की मां के अलावा फुआ, चाचा और गांव के अन्य महिलाएं प्रार्थना में शामिल रहीं.

मिली जानकारी के अनुसार गुजरात के अहमदाबाद में सोमवार को पैनीकला गांव के प्रदीप पासवान का 21 वर्षीय पुत्र विक्रम कुमार पासवान की मौत अचानक तबियत बिगड़ने से हो गई थी. जिसके बाद शव बुधवार को गांव लाया गया, जिसके बाद अंधविश्वास का तमाशा शुरू किया गया. शव के आते ही उसकी मां अनिता देवी, फुआ चिंता



देवी और चाचा नंदु पासवान के साथ गांव व रिश्तेदार की अन्य महिलाएं प्रभु यीशु से प्रार्थना करने लगे. वहीं मृतक की मां ने घर के किसी भी सदस्य को रोने नहीं दिया और 7 घंटे तक घर में शव को रख प्रार्थना करती रही.

घटना की जानकारी वशिष्ठनगर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह को दी गई कि शव को घर में रखकर जिंदा करने के लिए झाड़-फूक किया जा रहा है. जिसके बाद पुलिस स्थानीय लोगों के साथ मौके पर पहुंची. पुलिस की खबर मिलते ही परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने श्मशान घाट ले कर ले गए. पुलिस के पूछताछ के बाद मृतक की मां ने बताया 17 जुलाई को मेरा बेटा गुजरात काम करने के लिए पैनीकला गांव से निकला था. सोमवार को उसकी अचानक तबीयत खराब हुई और मौत हो गयी, लेकिन मुझे यकीं नहीं हो रहा था. जिसके बाद हमने अंतिम प्रयास के लिए बाइबिल के सहारे प्रार्थना कर उसे पुनः जीवित करने में जुट गए. यही नहीं उन्होंने बताया कि इस प्रार्थना में शामिल होने के लिए इस धर्म से जुडी कुछ महिलाएं भी बिहार के डोभी, घोड़ाघाट आदि गांव से आई थी और बच्चे को जीवित करने का प्रयास कर रही थी. लेकिन अंत में मृतक का हिंदू रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया.

# जंगली मशरूम खाने से कई लोग बीमार हुए

**शुभम संदेश। मेदिनीनगर**

जिले में जंगली खुखड़ी (मशरूम) खाने से नौ लोग बीमार हो गए हैं. सभी को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया है. सभी लोगों की हालत खतरे से बाहर है. जंगली खुखड़ी खाने के बाद बीमार लोग एक ही परिवार ले रहने वाले हैं. दरअसल, पलामू में चैनपुर थाना क्षेत्र के रबदा गांव के ग्रामीण बुधवार की सुबह जंगल से खुखड़ी (मशरूम) चुनकर लाए थे. खुखड़ी खाने के बाद लोग धीरे-धीरे बीमार पड़ते गए और बुधवार की रात तक नौ लोगों की हालत गंभीर हो गई. स्थानीय स्तर पर इलाज के बाद सभी लोगों को गंभीर हालत में मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया. जहां डॉक्टर की निगरानी में सभी का इलाज हुआ और फिलहाल सभी खतरे से बाहर है.

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में मौजूद टीओपी के प्रभारी नीरज सिंह ने बताया कि खुखड़ी खाने के बाद नौ लोग इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचे थे सभी की हालत खतरे से बाहर है. खुखड़ी खाने के बाद आदर्श चौधरी, प्रभा देवी, दुर्गावती देवी, रीता कुमारी, अशोक चौधरी, अखिलेश्वर कुमार, कुर्ती कुंवर, अरविंद कुमार, सुषमा देवी बीमार हुए है. बीमार सदस्यों में कई एक ही परिवार के रहने वाले हैं.

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में तैनात डॉक्टर आरके रंजन ने बताया कि जंगली खुखड़ी खाना बेहद ही खतरनाक है. जंगल में कई दिनों तक कड़ी यूं ही रहती है और वह फूड प्वाइजनिंग का कारण बनती है. खाने के बाद किसी भी व्यक्ति को असहज महसूस होता है तो वह तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें.

### रामगढ़ : फूड सेफ्टी विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 30 हजार लीटर मिलावटी दूध जब्त कर सड़क पर बहाया

**शुभम संदेश। रामगढ़**

जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटी दूध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. गुप्त सूचना के आधार पर फूड सेफ्टी ऑफिसर दीपश्री की टीम ने हाईवे पर एक दूध टैंकर को पकड़ा, जिसमें लगभग 30 हजार लीटर मिलावटी दूध भरा हुआ था.

यह टैंकर ओडिशा से उत्तर प्रदेश की ओर जा रहा था, और रास्ते में रामगढ़ के पास इसकी पिकअप की जा रही थी. जांच में सामने आया कि टैंकर से दूध निकाल कर उसमें पानी और अन्य केमिकल मिलाकर उसे फिर से टैंकर में भर दिया जा रहा था, ताकि मात्रा बनी रहे और यह मिलावटी दूध



बाजार में खपाया जा सके.

फूड सेफ्टी अधिकारी दीपश्री ने बताया कि टैंकर का नंबर पीबी 11 सीएम 3311 है और इसकी कुल क्षमता 30 हजार लीटर थी. मौके पर मौजूद टीम ने दूध से सैंपल लेकर फूड लैब भेज दिया है, साथ ही फूड सेफ्टी एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है. मिलावटी दूध के सभी साक्ष्य मिलने के बाद, विभाग ने करीब 20 लाख रुपये मूल्य का यह दूध हाईवे पर बहा दिया, ताकि किसी भी सूरत में यह बाजार में न पहुंचे. फूड सेफ्टी ऑफिसर दीपश्री के मुताबिक, यह पूरा नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय था, और इस कार्रवाई के जरिए विभाग ने एक बड़े मिलावट सिंडिकेट पर करारा प्रहार किया है.

# पलामू में ट्रैक्टर के नीचे दबने से किसान की मौत

**शुभम संदेश। मेदिनीनगर**

जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव में गुरुवार सुबह ट्रैक्टर के नीचे दबने से एक किसान की मौत हो गई. युवक की पहचान 45 वर्षीय अभिनय सिंह उर्फ अनुज सिंह के रूप में हुई. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है. जानकारी के अनुसार अभिनय सिंह उर्फ अनुज सिंह का ट्रैक्टर लेकर उनका ड्राइवर खेत में काम करने गया था इसी क्रम में ट्रैक्टर खेत में फंस गया ड्राइवर के प्रयास से उसे निकाला नहीं जा सका. इसकी जानकारी मिलने पर अभिनय मौके पर पहुंचे और ड्राइविंग सीट पर बैठकर खुद ट्रैक्टर निकलने लगे. इसी क्रम में ट्रैक्टर और धंस गया. काफी प्रयास करने पर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसके नीचे अभिनय दब गए. आनन फानन में मौके पर जेसीबी मंगा कर ट्रैक्टर को सीधा किया गया और अभिनय को बाहर निकाला गया. गंभीर हालत में उन्हें इलाज के लिए लेस्लीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, लेकिन वहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एमएमसीएच रेफर कर दिया गया. जहां ले जाने पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित किया. घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया. गांव में शोक की लहर है. ग्रामीणों के अनुसार अभिनय सिंह एक मिलनसार और मेहनती किसान के रूप में जाने जाते थे. उनकी असमय मृत्यु से पूरा गांव सदमे में है. स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और मृतक के बच्चों की शिक्षा के लिए सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है.

### झारखंड चैंबर के पुनीत पोद्दार व किशोर मंत्री नगर विकास मंत्री से मिले

# भवन नियमितीकरण योजना का ड्राफ्ट दो माह में कैबिनेट में रखा जाएगा : सुदिव्य कुमार

**शुभम संदेश।रांची**

झारखंड में भवन नियमितीकरण योजना को शीघ्र प्रभावी बनाने की मांग को लेकर गुरुवार को झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा गठित स्पेशल कमेटी के चेयरमैन एवं निवर्तमान अध्यक्ष किशोर मंत्री व पुनीत पोद्दार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार से मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि भवन नियमितीकरण



योजना को शीघ्र अंतिम रूप देकर लागू किया जाए, ताकि राज्यभर में लोगों को राहत मिल सके. मंत्री सुदिव्य कुमार ने अवगत कराया कि योजना पर कार्यप्रगति पर है और आगामी दो माह के भीतर ड्राफ्ट कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा. प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि ड्राफ्ट कॉपी साझा की जाए, ताकि आवश्यक सुझाव या संशोधन समय रहते शामिल किए जा सकें. मास्टर प्लान में संशोधन के संदर्भ में मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि आवश्यकतानुसार उचित परिवर्तन किए जाएंगे, हालांकि संपूर्ण बदलाव संभव नहीं है. चैंबर के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य पुनीत पोद्दार ने कहा कि झारखंड में बिल्डिंग रेगुलराइजेशन बिल समय की मांग है और इसका शीघ्र क्रियान्वयन राज्यहित में होगा. प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के 24 जिलों के व्यापारियों, शिक्षा और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े सदस्यों की सहभागिता के साथ एक वृहद् बैठक आयोजित करने का भी आग्रह किया, जिस पर मंत्री ने ड्राफ्ट प्रारूप तैयार होने के बाद बैठक के लिए आश्वस्त किया. यह जानकारी चैंबर के महासचिव आदित्य मल्होत्रा व प्रक्ता सुनील सरावगी वने दी.

## शिक्षा में नवाचार की दिशा में डीआईईटी रातू

**रांची।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डीआईईटी) रातू रांची में यूएलएलएएस न्यू इंडिया साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रेरणादायक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया जिसमें जिले के सभी प्रखंडों से डीआरजी और सीआरपी जैसे शिक्षा पदाधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया. कार्यक्रम की शुरुआत जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई. उन्होंने प्रशिक्षण का औपचारिक शुभारंभ करते हुए रांची जिले को वर्ष 2027 तक पूर्ण साक्षर बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में आने वाली चुनौतियों एवं उनके संभावित समाधान पर प्रकाश डाला. मास्टर ट्रेनर संजय झा एवं जयंती कुमार ने उल्लास कार्यक्रम के उद्देश्यों संरचना एवं क्रियान्वयन रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी साझा की.

## एक नजर

### संत इग्नाशियुस लोयोला दिवस पर शिक्षा और सेवा का संकल्प दोहराया



**रांची।** येसु समाज के संस्थापक संत इग्नाशियुस लोयोला दिवस गुरुवार को पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाया गया. लोयोला ट्रेनिंग सेंटर संस्थान के निदेशक डॉ. मुकुल लकड़ा को टीएसी के पूर्व सदस्य रतन तिर्की, आजसू के संस्थापक अध्यक्ष प्रभाकर तिर्की और समाजसेवी बलराम ने इस अवसर पर बधाई दी. साथ ही, होफमैन लीगल सेल के निदेशक एवं अधिवक्ता फादर महेंद्र पीटर तिग्गा को लोयोला इंटरमीडिएट कॉलेज इंग्लिश मीडियम स्कूल और लोयोला हिंदी मीडियम स्कूल के खूंटी प्रांगण में शुभकामनाएं दी गईं. डॉ. मुकुल लकड़ा और फादर महेंद्र पीटर तिग्गा ने अपने संदेश में कहा कि येसु समाज हमेशा से समाज के प्रत्येक वर्ग और समुदाय को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति करने में सहायक रहा है. संत इग्नाशियुस लोयोला के मार्गदर्शन और समाजसेवी विचारधारा को अपनाते हुए येसु समाज ने पूरे देश में शिक्षा के प्रसार को प्राथमिकता दी है.

### मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनी



**रांची।** पुंदाग स्थित मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम (अपना घर आश्रम) में गोस्वामी तुलसीदास जयंती का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और प्रेरणाप्रद विचारों के साथ किया गया. इस अवसर पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के उपाध्यक्ष ललित पोद्दार ने तुलसीदास को युगद्रष्टा संत बताया, जिन्होंने रामकथा को घर-घर तक पहुंचाया. महामंत्री विनोद कुमार जैन ने रामचरितमानस को जीवन मार्गदर्शिका बताया. श्री माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष किशन साबू ने तुलसीदास की भक्ति और काव्य रचनाओं को आत्मा को शुद्ध करने वाला बताया. श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने रामचरितमानस को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताया. इस अवसर पर डुंगरमल अग्रवाल, निर्मल बुधिया, वासुदेव भाला, नरेंद्र लखोटिया, मनोज कुमार चौधरी, सज्जन पाड़िया, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, शिव भगवान अग्रवाल, अभय कुमार, मधु जाजोदिया, विष्णु सोनी, पवन पोद्दार, मनीष सोनी, मनीष जालान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे.

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की झारखंड शाखा ने मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनायी

**रांची।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, झारखंड प्रदेश इकाई द्वारा उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रणय कुमार ने कहा कि साहित्य की दुनिया में शायद ही कोई ऐसा व्यक्तित्व होगा जो अपने मूल नाम की बजाय साहित्यिक नाम से अधिक प्रसिद्ध हो. ऐसे महान साहित्यकार थे मुंशी प्रेमचंद, जिनका मूल नाम धनपत राय था. उन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से तत्कालीन समाज की सच्चाइयों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया. मानवीय जीवन के हर पहलू को उन्होंने न केवल समझा, बल्कि उसे साहित्य के माध्यम से जनमानस तक पहुंचाया. महासभा की ओर से उन्हें शत-शत नमन किया गया. महासभा के प्रदेश प्रवक्ता सह रांची जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार सिन्हा ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि ₹साहित्य₹ शब्द का अर्थ ही होता है, जिसमें सबका हित समाहित हो. मुंशी प्रेमचंद ने अपनी लेखनी से इस विचार को साकार किया.

### प्रेमचंद कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रारंभ



**ओरमांझी।** प्रेमचंद महतो इंटर कॉलेज मेसरा, ओरमांझी में गुरुवार से 15 अगस्त तक एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान चलेगा. कॉलेज के प्राचार्य उमेश यादव ने बताया मुख्यमंत्री स्वच्छ स्कूल अभियान के तहत कॉलेज में पठन-पाठन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को कॉलेज कैंपस या अपने पैतृक जमीन या अन्य सहयोगी के जमीन पर स्वच्छ झारखंड -उन्नत झारखंड के तहत पौधरोपण किया गया. प्रेमचंद महतो इंटर कॉलेज मेसरा प्रांगण में अभियान का प्रारंभ करते हुए 21 पौध लगाए गए. इस अभियान में कॉलेज के व्याख्याता मुख्य रूप से प्राचार्य उमेश यादव, सीमा, ममता, संजय कुमार, हरिमणी, सुवेदी, सुधा तिवारी, अनिता रानी, अजय महथा. शशिकांत रंजन ने भाग लिया.

### नामकुम रेलवे क्रॉसिंग के पास श्री साईं यात्री बस के खलासी का शव मिला, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. गुरुवार सुबह नामकुम रेलवे क्रॉसिंग के समीप एक बस खलासी की बॉडी बरामद की गई है. मृतक की शिनाख्त हदीस अंसारी के तौर पर की गई है, जो पलामू जिले के तरहसी का निवासी था. मिली जानकारी के अनुसार हदीस अंसारी श्री साईं बस में खलासी के तौर पर काम करता था और बुधवार की रात बस स्टैंड में ही गाड़ी में सोया था. सुबह उसकी बॉडी संदिग्ध अवस्था में नामकुम रेलवे क्रॉसिंग के पास मिली. घटना की सूचना मिलते ही नामकुम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. मामले की जांच शुरू कर दी गई है और पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है.

## नामकुम के सरना मैदान में हुई ऑटो चालकों की बैठक, 10 अगस्त को फिर होगा मंथन




**रांची।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की ओर से गुरुवार को नामकुम के सरना मैदान में बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह और प्रदेश सचिव रमाशंकर सिंह के साथ-साथ सैकड़ों की संख्या में मैजिक ऑटो चालक और मालिक शामिल हुए. बैठक में मुख्य मुद्दा 19 जुलाई को हुई बैठक के बाद तय किए गए नए भाड़ा दर को लेकर था.कुछ ऑटो चालक इस भाड़ा दर का विरोध कर रहे हैं. इसलिए इस पर दोबारा विचार करने के लिए यह बैठक की गई. पहले तय हुआ था कि 1 अगस्त से नया भाड़ा लागू किया जाएगा, लेकिन विरोध को देखते हुए इसे फिलहाल स्थगित कर दिया गया है. इसके अलावा गलत रूट पर चल रहे ऑटो को बंद कराने और यात्री हित में उचित व्यवस्था लागू करने के लिए 10 अगस्त एक और अहम बैठक दुर्गा सोरेन चौक (नामकुम) में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक की जाएगी. इसमें नामकुम, रामपुर, कांटा टोली, टाटीसिलवे, गोंदली पोखर और अनगड़ा मार्ग के ऑटो चालक शामिल होंगे.बैठक में यह भी तय किया गया कि इन मार्गों पर ऑटो संचालन को बेहतर बनाने के लिए यूनियन का गठन किया जाएगा.

## श्री राधा कृष्ण मंदिर में श्रीकृष्ण बीतक कथा का समापन



**रांची।** श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग परिसर में आयोजित पांच दिवसीय संगीतमय श्रीकृष्ण बीतक कथा का समापन गुरुवार को अत्यंत भक्ति भाव और आध्यात्मिक ऊर्जा के वातावरण में संपन्न हुआ. यह आयोजन संत शिरोमणि स्वामी सदानंदजी महाराज के सान्निध्य में श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की ओर से संपन्न कराया गया. कथा के अंतिम दिन सुप्रसिद्ध कथा वाचिका विदुषी साध्वी मीणा महाराज ने स्वामी महामती प्राणनाथजी और राजा छत्रसालजी के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक मिलन का भावपूर्ण चित्रण प्रस्तुत किया. उन्होंने कहा कि यह मिलन केवल दो महान आत्माओं का नहीं, बल्कि धर्म और शक्ति, भक्ति और कर्म का संगम था. साध्वीजी ने बताया कि स्वामी प्राणनाथजी ने छत्रसालजी को आत्मज्ञान की ओर अग्रसर कर धर्मयुद्ध के लिए प्रेरित किया, जो आज भी आत्म जागरण का प्रेरणास्रोत है. कथा में साध्वी मीणा महाराज ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर गीता के उपदेशों तक के प्रसंगों को मार्मिकता से प्रस्तुत किया.

## योगदा सत्संग कॉलेज में दो दिवसीय स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ, पुस्तक का हुआ लोकार्पण



**रांची।** योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में गुरुवार को योगदा सत्संग महाविद्यालय में दो दिवसीय स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ हुआ. इस अवसर पर जीवन और जलवायु विषय पर आधारित पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन स्वामी निश्चलानंद गिरी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हर व्यक्ति सुख चाहता है, दुख नहीं. लेकिन जीवन में सुख-दुख दोनों अपरिहार्य हैं. यदि हम सुखी हैं तो अहंकार नहीं करना चाहिए और अगर दुख में हैं तो निराश नहीं होना चाहिए. इन दोनों अवस्थाओं के बीच संतुलन बनाना ही जीवन की कला है. उन्होंने कहा कि जीवन में क्या करना है और क्या नहीं, यह समझना बेहद जरूरी है. सोचने की आजादी सबको है, लेकिन सोच-समझ कर ही निर्णय लेना चाहिए. अतीत को छोड़ वर्तमान में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जीने की आवश्यकता है. छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में जीवन मूल्यों की समझ विकसित करनी चाहिए ताकि भविष्य बेहतर बन सके. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की सफलता शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों से ही संभव होती है. समारोह में कॉलेज की प्राचार्या प्रगति बक्सी, सचिव ए.के. सक्सेना, वाइस चेयरमैन लेफ्टिनेंट जनरल ज्ञान भूषण, कर्नल हिमांशु शेखर, मृणाल गौरव, सिमरन कौर, रवींद्र कुमार समेत कॉलेज के शिक्षक, विद्यार्थी एवं अन्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे.

### बिरसा समाधि स्थल के पास सरना झंडा गाड़ने को लेकर भिड़े दो गुट

# पुलिस हस्तक्षेप के बाद संभला मामला

- दोनों गुट एक-दूसरे पर लगा रहे गंभीर आरोप, पुलिस बल तैनात

**शुभम संदेश।रांची**

सरना झंडे की स्थापना को लेकर गुरुवार को भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल के सामने रांची में आदिवासी समाज के दो पक्ष आमने-सामने हो गए. एक पक्ष इसे पारंपरिक आस्था और जमीन की रक्षा से जोड़ रहा है, जबकि दूसरा पक्ष इसे झूठी आस्था के नाम पर जमीन कब्जा करने की साजिश बता रहा है. फिलहाल दोनों पक्षों के बीच बात बढ़ने लगी, तो लगा बिरसा समाधि स्थल रणक्षेत्र बन जाएगा. लेकिन ऐनवक्त पर बड़ी संख्या में पहुंचे पुलिस बल ने दोनों पक्षों को समझा-बुझा कर मामला शांत कराया. हालांकि मामला थमा नहीं है और दोनों पक्षों में भारी तनाव है. इसको देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है.



**दो आदिवासी गुट आमने-सामने**

कोकर समाधि स्थल के सामने केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की के गुट के सैकड़ों लोग जमीन बचाने के लिए सरना झंडा स्थापित करने पहुंचे. वहीं इसके विरोध में जेएलकेएम नेता निशा भगत, सोमा उरांव, मेघा उरांव सहित दर्जनों आदिवासी संगठनों के लोग सरना झंडा स्थापना का विरोध किया. इस दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। निशा भगत ने कहा कि सरना झंडा पूजा स्थलों पर ही लगाया जाना चाहिए. वहीं दोनों पक्षों के बीच हो रहे हंगामे को देखते हुए लालपुर थाना के कई महिला पुलिसकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया है.

केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की पर झंडा गाड़ने और समाज में फूट डालने के आरोप लगाया गया है. निशा भगत ने सीधे तौर पर तिर्की को दलाली करने वाला बताते हुए कहा कि झंडा का अपमान सहन नहीं किया जाएगा. उन्होंने कहा कि झंडा पारंपरिक पुजारी के हाथों ही स्थापित होना चाहिए, न कि किसी दलाल के माध्यम से. सोमा उरांव ने झंडा के गलत इस्तेमाल की बात उठाते हुए कहा कि पूजा स्थलों पर श्रद्धा (सरना) के लिए झंडा लगाया जाता है, लेकिन अब कुछ लोग इसे जमीन कब्जाने के हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं.

#### कानूनी कार्रवाई की मांग की

उन्होंने दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की. वहीं अजय तिर्की ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ईसाई और सरना परिवार वर्षों से मिलजुल कर रह रहे हैं. झंडा इसलिए लगाया जा रहा है, ताकि बिल्डर माफिया जमीन पर कब्जा न कर सकें। इसकी शिकायत थाना में भी दी गई है. अरगोड़ा मौजा के पाहन (परंपरागत पुजारी) शिबू पाहन ने दावा किया कि बिना शुद्धिकरण के झंडा उखाड़ा गया है, जो परंपरा के खिलाफ है. स्थानीय लोगों का कहना है कि उनका परिवार पीढ़ियों से उसी जमीन पर रह रहा है और अब जमीन बचाने के लिए ही झंडा स्थापित किया गया है.

### नगर विकास के 23 अफसर इधर से उधर

## राहुल को रांची के सहायक नगर आयुक्त की जिम्मेवारी

**शुभम संदेश।रांची**

झारखंड सरकार के नगर विकास विभाग ने 23 अफसरों का तबादला किया है. इसमें 18 कार्यपालक पदाधिकारी और पांच सहायक नगर निवेशक शामिल हैं. राहुल यादव को



रांची नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त की जिम्मेवारी सौंपी गई है. विभाग ने इसका आदेश गुरुवार को जारी कर दिया.

| नाम | कहां गए |
|---|---|
| सागर सिन्हा | सहायक नगर निवेशक रांची |
| कुमार चेतन लाल | सहायक नगर निवेशक रांची |
| विवेक हार्सिल | सहायक नगर निवेशक रांची |
| सावित्री कुमारी | सहायक नगर निवेशक रांची |
| अभिषेक गौरव | नगर निगम रांची |
| सारजेन मरांडी | कार्यपालक पदाधिकारी बासुकीनाथ |
| मनीष कुमार | कार्यपालक पदाधिकारी गुमला |
| प्रियंका कुमारी | सहायक नगर आयुक्त चिरकुंडा |
| अरविंद तिर्की | कार्यपालक पदाधिकारी सिमडेगा |
| समीर बोदरा | कार्यपालक पदाधिकारी सरायकेला |
| शशि शेखर सुमन | सहायक नगर आयुक्त चास |
| सोमा खंडैत | कार्यपालक पदाधिकारी जामताड़ा |
| जयपाल सिंह | सहायक नगर आयुक्त विश्रामपुर |
| दानिश हुसैन | कार्यपालक पदाधिकारी राजमहल |
| इस्मिता किरण | सहायक नगर आयुक्त चास |
| गोपेश कुंभकार | कार्यपालक पदाधिकारी मिहिजाम |
| अरविंद अग्रवाल | कार्यपालक पदाधिकारी गोड्डा, अप्र महगामा |
| मोटाय बानरा | कार्यपालक पदाधिकारी , चाकुलिया |
| अजमल हुसैन | कार्यपालक पदाधिकारी रामगढ़ |
| विजय हांसदा | कार्यपालक पदाधिकारी चक्रधरपुर |
| चंदन कुमार | सहायक नगर आयुक्त मानगो |
| राहुल यादव | सहायक नगर आयुक्त रांची |
| तहसीन कुमार हंस | विशेष पदाधिकारी जमशेदपुर |

### झारखंड में एसआईआर का कांग्रेस ने किया विरोध

## महागठबंधन से विधानसभा में प्रस्ताव लाने की तैयारी



**शुभम संदेश।रांची**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मानसून सत्र से पहले कांग्रेस विधायक दल की बैठक कांग्रेस भवन में विधायक दल के नेता प्रदीप यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और प्रदेश प्रभारी डॉ. सीरीबेला प्रसाद उपस्थित रहे. बैठक को संबोधित करते हुए प्रदीप यादव ने चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे एसआईआर (सिलेक्टिव इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन) का विरोध किया. उन्होंने इसे आम जनता के मतदान अधिकार को छीनने की कोशिश बताया और कहा कि कांग्रेस इसका झारखंड में जोरदार विरोध करेगी. उन्होंने कहा कि महागठबंधन की ओर से विधानसभा में एसआईआर के विरोध में प्रस्ताव पारित कराने की कोशिश की जाएगी, ताकि देशभर में यह संदेश जाए कि यह संविधान प्रदत्त अधिकारों का उल्लंघन है.बैठक में मानसून सत्र के दौरान विपक्ष की भूमिका, अनुपूरक बजट की तैयारी और विपक्ष द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों पर भी चर्चा हुई.बैठक में कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, शिल्पी नेहा तिर्की, डॉ. रामेश्वर उरांव, अनूप सिंह, रामचंद्र सिंह, ममता देवी, सोनाराम सिंकू, नमन विक्सल कोंगाड़ी, भूषण बारा, श्वेता सिंह और निशत आलम उपस्थित थे.

### फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दे महाराष्ट्र सरकार : राजद

**रांची।** राजद ने मालेगांव बम ब्लास्ट मामले में एनआईए कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती देने की मांग महाराष्ट्र सरकार से की है. पार्टी महासचिव कैलाश यादव ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अदालत ने साक्ष्य के अभाव में सभी सात आरोपितों को बरी कर दिया है. लगभग 17 वर्ष पुराने मामले में भाजपा नेत्री साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित सहित अन्य लोग आरोपित थे और उन्हें जेल जाना पड़ा था. यादव ने कहा कि मालेगांव ब्लास्ट केस में एनआईए कोर्ट ने सभी को बरी कर दिया.

### राज्य सरकार के हर कर्मचारी-अधिकारी के लिए छह प्रशिक्षण जरूरी

# पासिंग सर्टिफिकेट गोपनीय चारित्री में दर्ज कराना होगा

- मिशन कर्मयोगी योजना के तहत कर्मियों को आईजीओटी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर प्रशिक्षण पूरा करना होगा

**शुभम संदेश।रांची**

केंद्र सरकार की मिशन कर्मयोगी प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत अब राज्य सरकार के हर कर्मचारी और अधिकारी के लिए छह प्रशिक्षण लेना अनिवार्य कर दिया गया है. प्रशिक्षण पूरा करने के बाद संबंधित कर्मचारियों को इसके प्रमाण पत्र अपनी गोपनीय चारित्री में दर्ज कराना होगा. कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग ने इस



संबंध में सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, विभागाध्यक्ष, प्रमंडलीय आयुक्त और उपायुक्तों को निर्देशित करते हुए पत्र जारी किया है. पत्र में अधिकारियों को कर्मचारियों की गोपनीय अभिलेख में प्रशिक्षण पूरा होने की जानकारी दर्ज करने का निर्देश दिया गया है.

योजना का उद्देश्य कर्मचारियों और अधिकारियों में टीम भावना, कार्यसंस्कृति, वाक्पटुता और संवाद कौशल को विकसित करना है. जानकारी के अनुसार, कर्मचारी आईजीओटी पोर्टल पर जाकर पहले रजिस्ट्रेशन करेंगे. इसके बाद वे पोर्टल पर उपलब्ध दर्जनों प्रशिक्षण कार्यक्रमों में से अपनी पसंद के छह प्रशिक्षण चुनेंगे. चुने गए प्रशिक्षण के क्लासेज पूरी करने के बाद पोर्टल पर प्रश्नोत्तर सत्र होगा, जिसमें सही उत्तर देने पर प्रशिक्षण पूरा करने का प्रमाण पत्र मिलेगा. प्रमाण पत्र प्राप्ति के बाद इसे गोपनीय चारित्री में दर्ज करना अनिवार्य होगा. फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि अगर कोई कर्मचारी या अधिकारी प्रमाण पत्र गोपनीय चारित्री में दर्ज नहीं कराता है, तो उसके खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी।

### हाईकोर्ट ने प्रार्थी पर लगाया 25 लाख रुपये का जुर्माना

**रांची।** हाईकोर्ट ने गुरुवार को एक याचिका खारिज करते हुए प्रार्थी पर 25 लाख का हर्जाना लगाया है. हाईकोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि प्रार्थी के मामले की सक्षम प्राधिकार में सुनवाई हो रही थी. इसके बाद हाईकोर्ट में याचिका दायर नहीं की जानी चाहिए. हाईकोर्ट इसके लिए सक्षम न्यायालय नहीं है. जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट में सुनवाई हुई. इस संबंध में हिनू की लीलावती ने याचिका दायर की थी. अपनी याचिका में उन्होंने कहा था कि उन्होंने एसडीएम को आवेदन देकर कहा था कि कुछ लोगों ने उनके घर के सामने की सड़क पर सेफ्टी टैंक बना दिया है उसे हटाया जाए. लेकिन बाद में वहां धारा 144 लगाया गया था. सक्षम कोर्ट ने नगर निगम को उस स्थल का निरीक्षण का आदेश दिया. जिसके बाद नगर निगम ने उस स्थल का निरीक्षण कर बताया था कि वहां सेफ्टी टैंक बना है और तोड़ा जाना चाहिए. जिसके बाद इसको तोड़ने का आदेश दिया गया था.

### भैरव सिंह की मां ने रांची पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप, कहा-

## एसएसपी से मेरे बेटे को जान का खतरा

**शुभम संदेश।रांची**

रांची प्रेस क्लब में गुरुवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता भैरव सिंह को झूठे मुकदमे में फंसाए जाने और प्रशासनिक प्रताड़ना के संबंध में गंभीर आरोप लगाए गए. इस प्रेस वार्ता में स्वामी दिव्यानंद महाराज, भैरव सिंह की माता रानी देवी तथा अधिवक्ता कीर्ति नारायण सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे. प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा भैरव सिंह को बेवजह परेशान किया जा रहा है तथा झूठे आरोपों के आधार पर उन्हें जेल भेजा गया है. उनकी माता रानी देवी ने आरोप लगाया कि रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इशारे पर, उनके बेटे के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई कर रहे हैं.



उन्होंने बताया कि जिस मामले में भैरव सिंह को जेल भेजा गया, उसी मामले में 30 मई को भैरव सिंह द्वारा आईजी कार्यालय में आवेदन दिया गया था जिसमें उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की जांच की मांग की थी. उक्त फुटेज में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि शिकायतकर्ता अमन चंद्र के साथ मारपीट करने वाले असली आरोपी कौन हैं. इसके बावजूद कोई जांच नहीं की गई और दो महीने बाद, जब भैरव सिंह एक नाबालिग बच्ची के लव जिहाद से जुड़े मामले में पंडरा थाना पहुंचे, तो अचानक उनकी गिरफ्तारी कर ली गई और 19 तारीख को उन्हें जेल भेज दिया गया.

प्रेस वार्ता में यह भी बताया गया कि 25 तारीख को रांची ग्रामीण क्षेत्र में एक युवती पर पेट्रोल फेंकने की घटना के बाद, पुलिस ने युवती को थाने में बैठाकर 24 घंटे से अधिक समय तक प्रताड़ित किया और दबाव डाला. युवती ने प्रमुख अखबारों में बयान दिया कि प्रशासन उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है और अपराधियों को बचाने की कोशिश कर रहा है.

## ब्रीफ न्यूज

### विधायक प्रतिनिधि ने शिक्षा दान किया

**चंदवा।** प्रखंड शिक्षा विधायक प्रतिनिधि इरशाद ने गुरुवार को विधायक निरीक्षण के दौरान उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परसाही के बच्चों को पढ़ाने का काम किया. इरशाद ने कहा शिक्षा एक ऐसा धन है जिसे जितना बांटा जाय बढ़ते ही रहेगा,मुझे आज बच्चों के बीच आ कर अपने बचपन की यादें ताजा हो गई, बच्चों को पढ़ाते समय अलग तरह की अनुभूति का अहसास हुआ और मेरे में शिक्षा दान करने की जिज्ञासा जगी इसके बाद मैं शिक्षा दान करने का निर्णय लिया.

### भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा जिला कार्यकारिणी का विस्तार होगा

**लातेहार।** भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा लातेहार जिला इकाई की विस्तार विधिवत कार्यक्रम आयोजित कर की जाएगी. उक्त घोषणा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी (पूर्व एडीएम) ने की. तिवारी ने कहा है कि भ्रष्टाचार रोकने के लिए संकल्पित यह संस्था राज्य के सभी जिलों में कार्यरत है. श्री तिवारी ने आगे कहा कि मोर्चा के राष्ट्रीय संगठन सचिव अधिवक्ता संजय पांडेय के निर्देशानुसार राज्य में मोर्चा की इकाई को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है. मालूम है तिवारी गुरूवार को लातेहार जिला के भ्रमण में थे.

### विधायक ने प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया

**बालूमाथ (लातेहार)।** क्षेत्रीय विधायक प्रकाश राम ने ग्रामीण विकास विभाग के लिए बालूमाथ प्रखंड के केरी, मुरपा निवासी विजय यादव, पिता स्वर्गीय बनवारी लाल गोप को अपना विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है. इस संबंध में विधायक प्रकाश राम ने लातेहार उपायुक्त को पत्र प्रेषित किया है. पत्र में विधायक ने अपनी अनुपस्थिति में प्रखंड स्तर पर आयोजित बैठको में भाग लेने व सूचना के आदान प्रदान के लिए बतौर प्रतिनिधि विजय यादव का मनोनयन किया है.

### लातेहार की अर्चना का जेपीएससी में चयन

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार की पूर्व छात्रा अर्चना कुमारी ने जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में 152वीं रैंक प्राप्त की. गुरुवार को विद्यालय में अर्चना को सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि अर्चना कुमारी ने विद्यालय में बिताए अपने पलों को याद करते हुए कहा कि धैर्य, अनुशासन और समय प्रबंधन ही सफलता की मूल कुंजी हैं. उन्होंने बताया कि इससे पहले 2019 में वह हाई स्कूल में शिक्षक थीं. प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने बताया कि इस बार जेपीएससी परीक्षा में विद्या भारती के 18 विदयार्थियों का चयन हुआ है.

## लातेहार के एक हजार पारा शिक्षक 4 अगस्त को अब रांची में विधानसभा का घेराव करेंगे

# सभी प्रखंडों में घेराव की तैयारियां पूरी

शुभम संदेश। लातेहार



पारा शिक्षकों की वर्षों पुरानी वेतनमान लागू कराने की मांग को लेकर झारखंड राज्य एकीकृत सहायक अध्यापक मोर्चा के आह्वान पर आगामी 4 अगस्त को रांची में विधानसभा घेराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. इस संबंध में लातेहार के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार एवं महासचिव अनूप कुमार ने जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में लातेहार जिले से लगभग एक हजार पारा शिक्षक भाग लेंगे. जिला अध्यक्ष अतुल कुमार ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में विधानसभा घेराव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. ऑनलाइन तथा जूम के माध्यम से नियमित बैठकें कर तैयारियों की समीक्षा की जा रही है. उन्होंने कहा कि इस बार यह लड़ाई आर या पार की होगी, क्योंकि हेमंत सोरेन सरकार के दूसरे कार्यकाल के दो वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन अभी तक पारा शिक्षकों के वेतनमान की मांग पूरी नहीं हुई है. अतुल कुमार ने कहा कि पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम के साथ पारा शिक्षकों के लिए जो लिखित समझौता हुआ था, उसे भी अभी तक लागू नहीं किया गया है. इस कारण वेतनमान की मांग को लेकर शिक्षक बेहद नाराज हैं. उन्होंने जिले के सभी पारा शिक्षकों से अपील की है कि वे चार अगस्त को रांची जाकर विधानसभा घेराव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और संगठन को तन-मन-धन से सहयोग करें ताकि सरकार को इस मुद्दे पर मजबूर किया जा सके. गुरुवार को जिला अध्यक्ष अतुल कुमार ने सीपीडी प्रशिक्षण लेने आए जिले के अन्य प्रखंडों के सहायक अध्यापकों के साथ भी संवाद किया और उन्हें इस आंदोलन में जोश के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर नंदकिशोर यादव, विनोद राम, प्रमोद प्रसाद, शिशुपाल सिंह, संजीत प्रसाद, संजय कुमार द्विवेदी, नेमा अगरिया, धर्मदेव सिंह, ब्रज किशोर यादव, उदय प्रसाद, प्रवीण सिंह, निर्मल कुमार यादव, दिनेश प्रसाद गुप्ता, दिनेश ठाकुर, सुधा देवी, सुनैना देवी, संगीता कुमारी, मंजू देवी, मीना देवी, मानो कुजूर, प्रार्थना सोनी, जयश्री कश्यप, बिहारी यादव, सुशीला रवि, रामप्रसाद प्रसाद, श्रवण कुमार, विनोद कुमार समेत कई अन्य शिक्षक मौजूद थे. पारा शिक्षकों ने कहा कि वेतनमान की मांग वर्षों से चली आ रही है, लेकिन सरकार द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है. ऐसे में विधानसभा घेराव आंदोलन के माध्यम से वे अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं. उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आगे भी कड़े आंदोलन किए जाएंगे. यह आंदोलन न केवल वेतनमान की मांग का मामला है, बल्कि पारा शिक्षकों के सम्मान और भविष्य की सुरक्षा का भी मामला है. अतुल कुमार और अन्य पदाधिकारियों ने जोर देकर कहा कि इस बार आंदोलन में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी और शिक्षक अपनी एकता व संघर्ष से सफल होंगे.

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर डीसी ने की बैठक, कहा

# सराहनीय कार्य करनेवाले नागरिक होंगे सम्मानित

शुभम संदेश। लातेहार





इस वर्ष भी लातेहार जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जायेगा. समारोह के आयोजन को लेकर समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गई. बैठक में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए. बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक (लातेहार), विपिन दुबे (महुआडांड़) सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे. उपायुक्त ने जानकारी दी कि 15 अगस्त की सुबह प्रभात फेरी के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे. प्रभात फेरी के सफल आयोजन के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) व जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं. मुख्य झंडोत्तोलन समारोह पूर्वाह्न 9 बजे जिला स्टेडियम में आयोजित होगा, जहां उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे. इसी समारोह में जिले में मैट्रिक व इंटर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं सहित अन्य क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जायेगा.

समारोह के बाद अपराह्न 3 बजे से जिला स्टेडियम में सद्भावना फुटबॉल मैच का आयोजन किया जायेगा. वहीं, संध्या 6 बजे से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें स्थानीय कलाकार देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुतियां देंगे. बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता सरयु प्रसाद सिंह ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान चलाने का सुझाव दिया, जिस पर उपायुक्त ने सहमति व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित किया. कांग्रेस नेता पंकज तिवारी ने स्वतंत्रता दिवस के दिन शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर देशभक्ति गीत बजाने का प्रस्ताव दिया. इस प्रस्ताव पर भी उपायुक्त ने जनसंपर्क विभाग और नगर पंचायत को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया.

उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के बीच कार्य और दायित्वों का बंटवारा किया तथा सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का ईमानदारी से पालन करने का निर्देश दिया. उन्होंने जिलेवासियों से भी अपील की कि वे सभी कार्यक्रमों में सहभागिता करें और आजादी का यह पर्व मिल-जुलकर मनाएं. बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, एसडीपीओ अरविंद कुमार, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, डीईओ प्रिंस कुमार, डीएसई गौतम साहू, उत्पाद अधीक्षक रंजन तिवारी, कार्यपालक अभियंता प्रभाकर सिंह सहित अन्य अधिकारी व स्कूल प्रतिनिधि उपस्थित थे. इस बार का स्वतंत्रता दिवस समारोह न केवल राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत होगा, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को भी नई ऊंचाई देगा.

### श्मशान घाट की जमीन पर कब्जे के खिलाफ दिया गया आवेदन

बरवाडीह। बरवाडीह-मेदिनीनगर मुख्य सड़क के किनारे पुराने श्मशान घाट की जमीन पर अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है. गुरुवार को गांव के सैकड़ों लोग जमा होकर इस अतिक्रमण के खिलाफ विरोध जताया और बरवाडीह के अंचलाधिकारी एवं एसडीपीओ को एक आवेदन सौंपा. इस दौरान ग्रामीणों ने अफसरों से मांग की है कि कब्जा करने वालों पर तुरंत कार्रवाई हो और शमशान घाट की जमीन को खाली कराया जाए. ग्रामीणों ने कहां जहां वर्षों से उनके परिजनों का अंतिम संस्कार होता आ रहा है. अब कुछ लोगों ने इस जमीन पर कब्जा करने की कोशिश शुरू कर दी है. ग्रामीणों के अनुसार, यह जमीन पुराना खाता संख्या 33, प्लॉट संख्या 487, रकबा 1.30 डिसमिल और नया खाता संख्या 52, प्लॉट संख्या 489, रकबा 0.30 डिसमिल है. ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने जल्द की ठोस कदम नहीं उठाया, तो वे आंदोलन करेंगे. इस दौरान गांव के कई प्रमुख लोग भी मौजूद थे जिन्होंने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग किया है. वहीं इस मामले में अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि ग्रामीणों का आवेदन मिलने के बाद दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर शुक्रवार को बुलाया गया है. उन्होंने कहा कि जमीन की वर्तमान स्थिति क्या है, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा, फिलहाल इस पर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी.

### कबड्डी खिलाड़ियों को नहीं मिल रही है उचित प्रशिक्षण और सुविधाएं

**हुसैनाबाद (पलामू)।** गांव की गलियों से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक अपनी पहचान बना चुकी कबड्डी अब एक पेशेवर खेल बन चुकी है. भारतीय मिट्टी से निकली यह खेल न केवल भारत में, बल्कि विदेशों में भी लोकप्रिय हो रही है. हालांकि, हुसैनाबाद में खिलाड़ियों को उचित प्रशिक्षण और संसाधनों की कमी के कारण अपनी प्रतिभा दिखाने में बाधाएं आ रही हैं. यहां के महिला कोच विद्या कुमारी और पुरुष कोच शुभम कुमार निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं ताकि पलामू जिले का नाम देश में चमक सके. लेकिन खिलाड़ियों ने कोचों पर गंभीर आरोप लगाए हैं.

## एक नजर

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान सफल होगाः एसडीओ

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल सभागार में आयोजित अनुमंडलीय समन्वय समिति की बैठक में एसडीओ सह आईएएस अधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि जनसहभागिता से ही फाइलेरिया उन्मूलन अभियान सफल होगा. उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद अनुमंडल में एमडीए/आईडीए-2025 अभियान 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगा. इस दौरान डीईसी, एल्बेंडाजोल एवं एलवारमेस्टिन की दवाएं स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर-घर जाकर निःशुल्क वितरित की जाएंगी. ये दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से खत्म करने में सहायक हैं. ओमप्रकाश ने स्थानीय स्तर पर गांव, पंचायत और ब्लॉक में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया. उन्होंने सभी विभागों को जिम्मेदारी देते हुए आंगनबाड़ी सेविकाएं, शिक्षक, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयंसेवी एवं स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा. उन्होंने गर्भवती महिलाएं, गंभीर रूप से बीमार और 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को छोड़कर सभी को दवा सेवन करना अनिवार्य बताया. उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अभियान में सहयोग करें, स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा दी जा रही दवाओं का सेवन करें और फाइलेरिया उन्मूलन में सक्रिय भूमिका निभाएं. बैठक में अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनेश कुमार, बीपीएम विभूति प्रसाद गुप्ता एवं बीडीओ सुनील वर्मा भी मौजूद थे.

### ससुराल आए युवक का जंगल में मिला शव

**नावा बाजार/पलामू।** नावाबाजार थाना क्षेत्र के कंडा पंचायत के सिंजो गांव के पास पिपरहवा माधी जंगल में लातेहार जिले के डिही यदुप गांव निवासी सरफराज खान का शव बरामद हुआ है. शव देखकर अंदेशा लगाया जा रहा है कि उसकी हत्या पत्थरों से कुचकर की गई है. सरफराज खान की शादी 22 जून को नावाबाजार निवासी शेख जसमुदीन खान के 18 वर्षीय पुत्री मुस्कान खातुन से मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी. शादी के एक माह आठ दिन बाद ही सरफराज की हत्या हो गई. जानकारी के मुताबिक, सरफराज तीन दिन पहले ससुराल से अपनी पत्नी मुस्कान को लेने आया था. बुधवार की सुबह लगभग 4 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल पर घूमने निकला और फिर से वापस नहीं लौटा. जब देर रात तक वह वापस नहीं आया तो ससुराल पक्ष ने नावाबाजार थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने मामले की जांच शुरू की. नावाबाजार पुलिस को सूचना मिली कि माधी के जंगल में एक युवक का शव और मोटरसाइकिल मिली है. पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया. हत्या के कारणों का पता अभी नहीं चल पाया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### करंट लगने से वृद्ध की मौत, परिवार में पसरा मातम

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के गौरा गांव में गुरुवार सुबह एक दुखद हादसा हुआ, जिसमें 60 वर्षीय अमरनाथ विश्वकर्मा की बिजली करंट लगने से मौत हो गई. परिवार के अनुसार, अमरनाथ विश्वकर्मा नहाने के लिए मोटर का तार बिजली के पोल पर चढ़ा रहे थे, तभी अचानक बिजली करंट की चपेट में आ गए. गंभीर रूप से घायल अवस्था में परिजनों ने उन्हें तत्काल विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. मृतक के परिवार में गहरा शोक छा गया है और वे रो-रोकर बुरा हाल हैं. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी अस्पताल पहुंची. अस्पताल पुलिस चौकी की एएसआई सुशीला टीयू, नीरज सिंह और पुलिस जवान विकास कुमार ने परिजनों से घटना की जानकारी लेकर शव का इंक्वेस्ट किया. शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है. यह हादसा स्थानीय लोगों के लिए एक गंभीर चेतावनी भी है, जिसमें बिजली के उपकरणों के साथ सावधानी बरतने की जरूरत को रेखांकित करता है. प्रशासन और पुलिस की ओर से इस घटना पर विशेष ध्यान दिए जाने की बात कही गई है.

### आरी ब्लेड से कटने से बच्ची गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के चियांकी निवासी संजय प्रजापति की दो वर्षीय पुत्री गुनगुन कुमारी गुरुवार की सुबह आरी ब्लेड से कटने से गंभीर रूप से घायल हो गई. गुनगुन के पिता मूर्ति बनाने का काम करते हैं और घटना के समय वे घर के आंगन में मूर्ति बना रहे थे. वहीं, गुनगुन पास में खेल रही थी. अचानक गुनगुन ने वहीं रखे आरी ब्लेड को उठा लिया और अपने पैर को काट लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई. परिजनों ने तुरंत उसे मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है. डॉक्टरों के अनुसार, बच्ची की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है. इस हादसे ने परिवार को गहरा सदमा पहुंचाया है. गुनगुन की मां इस घटना के बाद से लगातार आंसू बहा रही हैं और हालत बेहाल है. पुलिस ने बताया कि इस घटना को लेकर जांच जारी है और परिवार को हर संभव सहायता दी जा रही है. इस घटना ने आसपास के लोगों को भी झकझोर कर रख दिया है. घर में सावधानी बरतने की अपील की गई है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके.

### मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में भारत के उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की जबकि संचालन संजीत कुमार ने संभाला. कार्यक्रम की शुरुआत प्रेमचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुई. मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद न केवल एक महान लेखक थे, बल्कि वे देशभक्त, जिम्मेदार संपादक और संवेदनशील रचनाकार भी थे. उन्होंने अपने साहित्य में सामाजिक मुद्दों और देश के तत्कालीन परिवेश को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया. उदय राम ने कहा कि प्रेमचंद की कहानियां और उपन्यास, जैसे 'गोदान', 'पंच परमेश्वर', 'पोस्ट की रात' आदि, सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई हैं और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के युग को गहराई से दर्शाती हैं. शिवनारायण साहब ने मुंशी प्रेमचंद की जीवन गाथा और साहित्यिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला. इस अवसर पर उदेश कुमार राज, जसपाल मोची, संजय कुमार, संतोष कुमार, सतीश दुबे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे. कार्यक्रम में साहित्यकारों ने प्रेमचंद के लेखन और उनकी सामाजिक संवेदनाओं को याद करते हुए उनके कार्यों का महत्व बताया.

### एनएचएआई ने एनएच पर बने गड्ढे को भर दिया

**बालूमाथ (लातेहार)।** रांची चतरा मुख्य मार्ग एनएच 22 में बने गड्ढों की भराई गुरुवार को एनएचएआई के द्वारा कराई गई. एनएचएआई रांची डिवीजन के सहायक अभियंता ने बताया कि चंदवा से गोनिया के बीच सड़क में गड्ढे हो जाने से दुर्घटनाओं के खतरे बढ़ गए थे. एनएचएआई के द्वारा संज्ञान में लेकर सड़क पर उभरे गड्ढे की भराई की गई है. बारिश के मौसम समाप्त होते ही लेयरिंग का काम प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी. मौके पर एनएचएआई के कनीय अभियंता भी मौजूद थे. ज्ञात हो कि सड़क पर उभरे गड्ढे पर सोफा लगाकर स्थानीय लोगों ने अपना विरोध प्रकट किया था.

## तीन दुकानों में 50 हजार से अधिक की संपत्ति चोरी हुई

**हुसैनाबाद।** थाना से मात्र 100 मीटर की दूरी पर जपला शहर की तीन दुकानों में चोरी की घटनाएं हुई हैं. बुधवार की रात को अंजाम दी गई इन चोरियों का पता गुरुवार की सुबह दुकानदारों ने अपनी दुकान खोलते समय टूटे ताले देखकर लगाया. सबसे पहले अम्बेडकर चौक पर शशि पटेल की दुकान से करीब 5000 रुपये नकद चोरी हुए. इसके बाद फल विक्रेता रहमान राईन की दुकान से तीन पेटी अनार, एक पेटी कीवी, एक पेटी सेब, एक परात और लगभग 1000 रुपये चोरी हो गए, जिससे करीब 15 हजार रुपये का नुकसान हुआ. तीसरी घटना नसीर की आलू की दुकान में हुई, जहाँ से भी सामान चोरी होने की पुष्टि हुई. तीनों दुकानों को मिलाकर कुल चोरी का आंकड़ा लगभग 50 हजार रुपये से अधिक है. स्थानीय लोग और दुकानदार इस बढ़ती चोरी की घटनाओं का कारण अवैध लॉटरी के धंधे को बता रहे हैं, जिससे अपराधी और असामाजिक तत्व बढ़ रहे हैं. दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से इलाके में रात्रि गश्ती बढ़ाने और अवैध लॉटरी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है. हालांकि अब तक पुलिस की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे दुकानदारों में नाराजगी बढ़ती जा रही है.

## झारखंड की महिलाओं ने स्वदेशी राखी निर्माण में दिखाई प्रतिभा

संवाददाता। मनातू (पलामू)

झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के पलाश ब्रांड के तहत पलामू जिले में पहली बार स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं ने स्वदेशी राखी का निर्माण शुरू किया है. जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता केरकेट्टा के नेतृत्व में यह पहल स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित हो रही है. इस रक्षाबंधन पर भाइयों की कलाई पर स्वयं निर्मित राखियां सजेंगी, जो भावनात्मक मूल्यों के साथ-साथ कारीगरों के कौशल का प्रतीक भी होंगी. जिले के लेस्लीगंज, पंडवा और नावाबाजार प्रखंडों की महिलाओं ने राखी निर्माण में सक्रिय भागीदारी दिखाई है. इन राखियों को स्थानीय बाजारों में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया गया है, जिससे महिलाओं को आर्थिक लाभ भी मिल रहा है. इस सफलता से प्रेरित होकर मनातू प्रखंड के बुजुर्ग समूह ने भी राखी और साबुन निर्माण के व्यवसाय को अपनाया है. ग्राम डुमरी, रबदा और जशपुर के बुजुर्ग समूह इस स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं. मनातू प्रखंड के पदमा, मनातू और चक क्लस्टर में इन राखियों की बिक्री अच्छी चल रही है. ब्लॉक टीम ने बुजुर्ग समूहों को प्रशिक्षण दिया और बाजार में उत्पाद बेचने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक स्तर पर भी सकारात्मक बदलाव आया है. इस अवसर पर बुजुर्ग समूह के सदस्यों ने जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता केरकेट्टा, नॉन-फार्म अधिकारी नवल किशोर राजू, ब्लॉक नोडल प्रवीण कुमार सिंह और पूरी टीम का आभार व्यक्त किया. यह पहल 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को मजबूती देते हुए महिलाओं और बुजुर्गों को सशक्त बना रही है.

**आक्रोश** छह सूत्री मांगों को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने दिया एकदिवसीय धरना

# जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

शुभम संदेश। उंटारी रोड (पलामू)



त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघर्ष मोर्चा के बैनर तले गुरुवार को उंटारी रोड प्रखंड मुख्यालय पर जनप्रतिनिधियों ने अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया. प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अलका कुमारी ने की, जबकि संचालन मुरमा खुर्द पंचायत के मुखिया रामबचन राम ने किया. धरने में मुख्य रूप से उंटारी रोड जिला परिषद सदस्य अरविंद सिंह, विश्रामपुर जिला परिषद सदस्य विजय रविदास समेत दर्जनों पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए. जनप्रतिनिधियों ने बारी-बारी से धरने को संबोधित करते हुए राज्य सरकार से पंचायत प्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता से लेने की मांग की. धरना में उठाई गई प्रमुख मांगों में 15वें वित्त आयोग की बकाया राशि और राज्य वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित निधि का अविलंब भुगतान शामिल है. साथ ही, पंचायतों को प्रत्यायोजित 14 विभागों की शक्तियों को क्रियान्वित करने और शेष विभागों की शक्तियों को भी पंचायत प्रतिनिधियों को सौंपे जाने की मांग की गई.

अन्य मांगों में जिला योजना समिति की बैठक नियमित कराने, पूर्ववर्ती रघुवर सरकार द्वारा अनाबद्ध निधियों को लेकर लिए गए निर्णय को निरस्त करने, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को केरल राज्य के तर्ज पर मानदेय देने, वार्ड सदस्यों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ देने और सभी पंचायत प्रतिनिधियों को सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने की बातें शामिल हैं. धरना के अंत में प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) श्रवण कुमार भगत को सौंपा, जिसे मुख्यमंत्री के नाम संबोधित किया गया था. इस धरना में मुखिया संघ अध्यक्ष सह लहरबंजारी पंचायत के मुखिया अशोक सिंह, बीस सूत्री कार्यक्रम के प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह, लुंबा सतबहिनी की मुखिया शकुंतला देवी, करकट्टा की मुखिया कमला देवी, जोगा की मुखिया कमला देवी, मुरमा कलां के मुखिया प्रतिनिधि पारस कुमार, पंसस सुनैना देवी, ममता देवी, पूजा देवी समेत सभी पंचायतों के वार्ड सदस्य उपस्थित रहे. धरना के माध्यम से जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे.

# डीएवी लातेहार के खिलाड़ियों ने खेल प्रतियोगिता में जीते 10 पदक

संवाददाता। लातेहार



डीएवी पब्लिक स्कूल, लातेहार के छात्र व छात्राओं ने डीएवी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025 के तहत आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिला का नाम रौशन किया है. राँची के खेलगाँव में आयोजित कबड्डी, एरोबिक्स और एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अनुशासन, कठिन परिश्रम और अद्भुत खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए कुल 10 पदक अपने नाम किए. बालकों की श्रेणी में श्रेयांश ने (यू-14) जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक, विवेक ने (यू-17) शॉटपुट में कांस्य पदक तथा जेवलिन थ्रो में रजत पदक जीता. वीर प्रताप ने (यू-14) लंबी कूद में कांस्य पदक, आयुष यादव ने (यू-17) डिस्कस थ्रो और 1500 मीटर दौड़ दोनों में रजत पदक और चंचल ने (यू-14) 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता. जबकि बालिका श्रेणी में कृतिका ने (यू-14) लंबी कूद में कांस्य पदक पदक जीता. डीएवी लातेहार की टीम कबड्डी में बालक अंडर- 14 और बालिका अंडर- 17 में उपविजेता रही. एरोबिक्स अंडर-14 लड़कियों की श्रेणी में तृतीय स्थान पर रही. गढ़वा में आयोजित अंतर-डीएवी खेल प्रतियोगिताओं में भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक हासिल किए और खेल भावना की मिसाल पेश की. विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी छात्रों को उनकी शानदार उपलब्धियों पर बधाई दी. उन्होने कहा कि आशा ही पूर्ण विश्वास है कि यह क्रम यूं ही जारी रहेगा.

## ब्रीफ न्यूज

### आहर में मिली लाश जांच में जुटी पुलिस

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के तुलसीपुर गांव में एक अज्ञात व्यक्ति की आहर में डूबने से मौत हो गई. मंगलवार शाम मानसिक रूप से अस्थिर दिख रहे व्यक्ति ने आहर में छलांग लगाई, जिसे ग्रामीण बचा नहीं पाए. सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया है. शव की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है. थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि शव को सुरक्षित रखा गया है ताकि परिजन या कोई परिचित पहचान सके. आसपास के थानों को भी जानकारी दी गई है. थाना प्रभारी ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि शव की पहचान होने पर तुरंत हंटरगंज थाना को सूचित करें.

### बाइक चोरी के प्रयास में पकड़ा गया युवक

**हंटरगंज (चतरा)।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के बलुरी गांव में बुधवार की देर रात बाइक चोरी के प्रयास के दौरान एक युवक को ग्रामीणों ने दबोच लिया. मुकेश चंद्रवंशी के घर में सोते समय चोरों ने स्प्लेंडर बाइक चोरी करने की कोशिश की. जैसे ही मुकेश को हिलहलब महसूस हुई, उन्होंने शोर मचाया. ग्रामीण तेजी से पहुंचे और बाइक लेकर भाग रहे एक युवक को पकड़ लिया, जबकि दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए. पकड़े गए युवक के पास से मास्टर चाबी भी बरामद हुई है.

### हाथियों ने मचाया उत्पात तीन गाय की हुई मौत

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत धरगांव पंचायत में बुधवार की रात तीन हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया. इस दौरान हाथियों ने छह दुधारू गाय को अपने चपेट में ले लिया, जिसमें तीन गाय को पैरो तले कुचल दिया. जिससे तीनो गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन गायों का स्थिति गंभीर बनी हुई है. मिली जानकारी के अनुसार सभी गाय धरगांव के तालाब से लगभग आधा किलोमीटर की दुरी पर झोपड़ी में बांधा हुआ था. इस दौरान किसानों के द्वारा लगाए गए धान, मक्का एवं अन्य फसलों को भी नष्ट कर दिया है. वहीं शिबू मेहता, मेघलाल मेहता और टुकलाल मेहता के गाय को मार डाला.

### लावालौंग-पांकी मुख्य सड़क खस्ता, आवागमन मुश्किल

**चतरा।** लावालौंग से पांकी तक जाने वाली मुख्य सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है. रास्ते में हजारों गड्ढों के कारण पैदल और वाहन दोनों का आवागमन बाधित है. दुर्घटना के मामले बढ़ गए हैं और कई लोग घायल होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं. स्थानीय लोग सड़क की स्थिति पर नाराज हैं और इसे 'धान रोपनी' जैसा बताते हैं. यह सड़क लगभग 15-20 हजार लोगों को जोड़ती है और तीन पंचायतों का प्रमुख मार्ग है.

### शाह बने विनोबा भावे विवि के सीनेट सदस्य

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विवि, हजारीबाग के सीनेट में अब समाजसेवी व पूर्व प्रदेश मंत्री राजेश शाह की भी भागीदारी होगी. झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य के रूप में मनोनीत किया है. राज्यपाल सचिवालय, रांची द्वारा इसकी अधिसूचना जारी की गई है. राजेश शाह की नियुक्ति पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है. सीनेट सदस्य का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा.

डीसी ने शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक में सीआरपी को दिये निर्देश, कहा

# निर्धारित समय सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत करें

**शुभम संदेश। हजारीबाग**




जिला समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई. बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में संचालित शैक्षणिक योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करना तथा उनके सुचारु क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश देना था. बैठक में उपायुक्त ने शिक्षा विभाग से जुड़ी प्रमुख योजनाओं एवं कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की. इनमें विद्यालयों में शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति, छात्रों की उपस्थिति, यू-डाइस पोर्टल पर प्रविष्टि अद्यतन, टीचर मॉड्यूल अपडेट, एसडीएमआईएस, वृक्षारोपण कार्यक्रम, इको क्लब पंजीकरण, बच्चों के बैंक खाते, आधार नामांकन, तथा एमडीए-आईडीए अभियान के अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन शामिल हैं. उपायुक्त ने सभी सीआरपी एवं बीआरपी को निर्देशित किया कि वे विद्यालयों में संचालित योजनाओं की भौतिक जांच हेतु एक विस्तृत चेकलिस्ट तैयार करें तथा निर्धारित समय सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत करें. उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति प्रतिशत में सुधार के लिए ठोस एवं प्रभावी उपाय अपनाने का निर्देश भी दिया. उन्होंने यह भी कहा कि यू-डाइस पोर्टल पर जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों की प्रविष्टि पूर्ण एवं अद्यतन होनी चाहिए. टीचर मॉड्यूल के 100% लक्ष्य को शीघ्रता से प्राप्त करने पर बल दिया गया. साथ ही, सभी विद्यालय परिसरों में वृक्षारोपण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए.

फाइलेरिया उन्मूलन हेतु एमडीए-आईडीए अभियान के तहत सभी विद्यालयों में दवा वितरण अनिवार्य रूप से कराने पर विशेष बल दिया गया. उपायुक्त ने कहा कि दवा वितरण दिवस पर छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए ताकि अभियान का लक्ष्य पूरी तरह से सफल हो. बच्चों के बैंक खाते खोलने की प्रक्रिया में आ रही बाधाओं पर चिंता जताते हुए उपायुक्त ने कहा कि विशेष रूप से सुदूरवर्ती क्षेत्रों में बैंक कैंप आयोजित कर इस कार्य को गति दी जाए. उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी न हो. बैठक के अंत में उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा परियोजना से संबंधित सभी योजनाओं का सुचारु क्रियान्वयन, नियमित निगरानी, तथा मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों में उत्तरदायित्व की भावना के साथ कार्य करने की अपील की. इस समीक्षात्मक बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, बीआरपी, सीआरपी, तथा अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे.

आकांक्षा प्रखंड कार्यक्रमः संपूर्णता अभियान एवं आकांक्षा हाट का भव्य आयोजन

# उत्कृष्ट कर्मियों को किया गया सम्मानित

**शुभम संदेश। कोडरमा**



पूर्णिमा टॉकिज मैदान में आकांक्षा प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्णता अभियान सह सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त ऋतुराज, उप वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, विकास आयुक्त रवि जैन तथा अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती रिया सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर किया. इसके पश्चात आकांक्षा हाट का प्रतीकात्मक उद्घाटन गुब्बारे उड़ाकर किया गया.

कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए उप विकास आयुक्त रवि जैन ने आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, मूलभूत संरचना और सामाजिक विकास जैसे पाँच प्रमुख विषयों पर कुल 39 'की परफॉर्मेंस इंडिकेटर्स' निर्धारित किए गए हैं, जिन पर प्रभावी कार्य किया जा रहा है. मुख्य अतिथि उपायुक्त ऋतुराज ने अपने संबोधन में कहा कि आकांक्षा प्रखंड अंतर्गत संपूर्णता अभियान को जमीनी स्तर पर सफल बनाने में फ्रंटलाइन वर्करों की भूमिका सराहनीय रही है. उन्होंने बताया कि एएनसी रजिस्ट्रेशन (प्रथम तिमाही), मधुमेह एवं रक्तचाप जांच तथा सॉयल हेल्थ कार्ड वितरण में 100% उपलब्धि दर्ज की गई है, जबकि दो अन्य संकेतकों में 95% प्रगति हासिल की गई है. उपायुक्त ने यह भी बताया कि नीति आयोग द्वारा जारी डेल्टा रैंकिंग में कोडरमा जिले के मरकच्चो और जयनगर प्रखंडों की रैंकिंग में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है. दिसंबर 2023 में जॉन-6 रैंकिंग में मरकच्चो को उच्च स्थान प्राप्त हुआ था, वहीं मार्च 2024 में यह झारखंड में तीसरे स्थान पर पहुंचा. सितंबर 2023 की रैंकिंग में मरकच्चो ने देशभर के 500 आकांक्षी प्रखंडों में 11वां स्थान हासिल किया था.

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले फ्रंटलाइन कर्मियों और पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. यह सम्मान उन्हें आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की सफलता में उनके योगदान के लिए दिया गया. आकांक्षा हाट में विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, झारक्राफ्ट, पलाश मार्ट आदि के स्टॉल लगाए गए, जहां उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों ने सभी स्टॉलों का अवलोकन किया. इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक और स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण जैसी गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं, जो प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं. इस अवसर पर अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुर्णेदु, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे. समारोह के सफल आयोजन से क्षेत्र में विकास की दिशा में जागरूकता और सहभागिता की भावना को बल मिला है.

### घंघरी से दन्तार तक सड़क गड्ढों में तब्दील, ग्रामीण परेशान

**चतरा।** गया-चतरा मुख्य मार्ग (एनएच-22) के घंघरी से मां कुलेश्वरी होते हुए पैनी कला, दन्तार और लेढ़ो तक की सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है. लगभग 10.8 किलोमीटर लंबी यह सड़क अनेक जगहों पर इतनी खराब हो गई है कि वाहन चालकों को आगे बढ़ने से पहले सड़क का निरीक्षण करना पड़ता है. बरसात के मौसम में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, विशेष रूप से कटैया ढोंढा चेकडैम और रसरसी नाला के पास, जहां पानी भरने से आवाजाही पूरी तरह बाधित हो जाती है. यह सड़क जोलडीहा पंचायत के सुदूरवर्ती गांवों और कान्हाचट्टी प्रखंड को जोड़ने का मुख्य मार्ग है, साथ ही मां भद्रकाली मंदिर तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता भी है. ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क पहले वन विभाग के अधीन थी और बाद में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इसका आंशिक निर्माण कराया गया, लेकिन स्थायी समाधान आज तक नहीं हो पाया. 25 दिसंबर 2024 को 39.18 करोड़ की लागत से सड़क के जिर्णोद्धार के लिए निविदा तो मांगी गई थी, लेकिन अब तक निस्तारण नहीं हुआ है. इससे पहले 24 सितंबर 2024 को तत्कालीन मंत्री सत्यानंद भोक्ता द्वारा शिलान्यास कर जनता को गुमराह किया गया. अब ग्रामीणों ने भाजपा समर्थित लोजपा विधायक जनार्दन पासवान से सड़क निर्माण की मांग की है.

## अग्निवीर परीक्षा में अडानी फाउंडेशन कोचिंग सेंटर की बड़ी सफलता



**शुभम संदेश। हजारीबाग**

अदाणी फाउंडेशन द्वारा गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत संचालित कोचिंग सेंटर ने एक बार फिर सफलता की ऊंचाई छू ली है. यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 13 अभ्यर्थियों में से आठ ने अग्निवीर की लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है. इन सफल अभ्यर्थियों में रोशनी कुमारी एकमात्र महिला उम्मीदवार हैं, जिन्होंने परीक्षा पास कर क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है. सफलता के इस अवसर पर अदाणी फाउंडेशन द्वारा सभी सफल अभ्यर्थियों को टी-शर्ट और वॉटर बॉटल भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया. प्रशिक्षकों और मार्गदर्शकों का भी विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिनकी मेहनत से यह सफलता संभव हो पाई. अब ये अभ्यर्थी मेडिकल और शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी में जुट गए हैं. इसके लिए हजारीबाग में एक विशेष ट्रायल सेशन चलाया जा रहा है, जहां फिजिकल ट्रेनर उन्हें मार्गदर्शन दे रहे हैं. सफल अभ्यर्थियों में सुशांत शर्मा, सन्नी कुमार यादव, राजदीप कुमार, भानु सिंह राजपूत, सत्यम कुमार, ऋषभ कुमार और रोशनी कुमारी शामिल हैं. कोचिंग सेंटर में अभ्यर्थियों को निशुल्क किताबें, नाश्ता, मॉक टेस्ट, फिजिकल ड्रेस (ट्रैकशूट, जूते आदि) प्रदान किए जाते हैं. यह पहल न केवल युवाओं के भविष्य को दिशा दे रही है, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी अहम भूमिका निभा रही है.

### बसरिया में विधायक ने किया स्कूल भवन का उद्घाटन

**चौपारण।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरिया में गुरुवार को बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने 10 अतिरिक्त कक्षा-कक्षों के नए भवन का उद्घाटन किया और छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया. कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पिंटू सोनी, प्राचार्य दिलावर अंसारी सहित अन्य शिक्षकों ने विधायक का स्वागत किया. शिक्षकों ने विद्यालय में शिक्षकों और संसाधनों की कमी से संबंधित मांग पत्र सौंपा, जिस पर विधायक ने यथासंभव समाधान का आश्वासन दिया. विधायक ने कहा कि शिक्षा हमारे बच्चों के भविष्य की नींव है और इसे मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है. कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही. इसके बाद डॉ. बसंत नारायण उच्च विद्यालय बसरिया में विधायक ने बतौर पदेन अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक की और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने हेतु शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए. उन्होंने विद्यालय संचालन में पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने पर बल दिया.

## रेलवे कर्मियों को राहतः विभागीय अदला-बदली अब होगी आसान



**शुभम संदेश। रामगढ़**

ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन (एआईआरएफ) की पहल पर रेलवे बोर्ड ने 1800 ग्रेड पे में कार्यरत रेलकर्मियों को विभागीय व जोनल स्तर पर आपसी सहमति से पदों की अदला-बदली की अनुमति दे दी है. इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने दिनांक 08 जुलाई 2025 को पत्र संख्या ई (एनजी)/वन-2020/टीआर/13 (ई-3327313) जारी कर स्पष्टीकरण प्रदान किया है. एआईआरएफ के जोनल सचिव ओ पी शर्मा ने बताया कि फेडरेशन द्वारा स्थायी वार्ता तंत्र की बैठक में मद संख्या 20/2024 के तहत यह मुद्दा उठाया गया था. उन्होंने कहा कि पूर्व के आदेश संख्या 99/2018 की विभिन्न मंडलों व जोनों में गलत व्याख्या की जा रही थी, जिसके कारण रेलकर्मियों को अदला-बदली की सुविधा नहीं मिल रही थी. रेलवे बोर्ड के नए निर्देश के अनुसार, 1800 ग्रेड पे के दो रेलकर्मी एक ही मंडल, विभिन्न मंडलों या अलग-अलग जोनों में भी आपसी सहमति से अपने पद और विभाग बदल सकते हैं. यह निर्णय उन कर्मचारियों के लिए राहत का संदेश है जो अपने घर के नजदीक स्थानांतरण चाहते हैं. ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा सचिव महेंद्र प्रसाद महतो ने इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे हजारों रेलकर्मियों को लाभ मिलेगा. अध्यक्ष पी के गांगुली सहित कई रेलकर्मियों ने एआईआरएफ का आभार जताया है.

**चितरपुर** उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने किया चितरपुर प्रखंड का दौरा

# सुकरीगढ़ा ज्वेलरी क्लस्टर का किया निरीक्षण

**शुभम संदेश। रामगढ़**



रामगढ़ उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने गुरुवार को चितरपुर प्रखंड का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने चितरपुर प्रखंड अंतर्गत सुकरीगढ़ा स्थित गोल्ड एंड सिल्वर ज्वेलरी क्लस्टर का निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने क्लस्टर के अंतर्गत विकसित किए गए कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) का जायजा लिया और वहां मौजूद उपकरणों की कार्यक्षमता तथा कारीगरों को होने वाले लाभों की जानकारी ली. क्लस्टर डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव भूषण कुमार दांगी ने उपायुक्त को जानकारी दी कि सीएफसी में कारीगरों के लिए अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए हैं, जिनका उपयोग कर वे अपने कार्य को अधिक दक्षता और गुणवत्ता के साथ कर सकेंगे. उपायुक्त ने सभी उपकरणों की बारीकी से जांच की और उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी कर कॉमन फैसिलिटी सेंटर का संचालन प्रारंभ किया जाए, जिससे कारीगरों को शीघ्र लाभ मिल सके.

निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने सुकरीगढ़ा क्षेत्र में रहने वाले उन कारीगरों के घरों का दौरा भी किया, जो परंपरागत रूप से सोने-चांदी के आभूषण निर्माण कार्य से जुड़े हैं. उन्होंने कारीगरों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और आवश्यकताओं की जानकारी ली. कारीगरों ने उपकरणों की उपलब्धता, प्रशिक्षण और विपणन की कठिनाइयों को लेकर अपनी बातें सामने रखीं. उपायुक्त ने उन्हें आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन उनके लिए हरसंभव सहायता करेगा और उनकी समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान निकाला जाएगा. उपायुक्त ने कारीगरों से यह भी आग्रह किया कि वे अपने कार्य से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से संपर्क करें. उन्होंने कहा कि पारंपरिक कारीगरों का कौशल जिले की सांस्कृतिक पहचान है, जिसे संरक्षित और प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है.

### हर कार्य दिवस में अंचल कार्यालयों में मौजूद रहेंगे सीओः डीसी

**रामगढ़।** जिले में भूमि संबंधी बढ़ती शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश जारी किया है कि वे प्रत्येक कार्य दिवस पर अपराह्न 1:00 बजे से 3:00 बजे तक अपने-अपने अंचल कार्यालयों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें. इस अवधि के दौरान वे आम जनता की भूमि से संबंधित समस्याओं व शिकायतों का समाधान करें. उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि कई ऐसे मामले उपायुक्त कार्यालय में सामने आ रहे हैं, जिनका समाधान अंचल स्तर पर ही संभव है. ऐसे में अंचल अधिकारियों की अनुपस्थिति या लापरवाही से आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है. इस स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से यह निर्देश जारी किया गया है. यदि किसी विशेष कारणवश अंचल अधिकारी उस दिन अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं हो सकते, तो उन्हें इसकी पूर्व सूचना एक दिन पहले ही कार्यालय परिसर में लगे सूचना पट पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी होगी.

### प्रेम विवाह करने वाली युवती प्रेरणा की मौत

**जयनगर।** प्रेम विवाह करने वाली 19 वर्षीय प्रेरणा साहू उर्फ शाजिया परवीन की मौत ने पूरे इलाके में सनसनी मचा दी है. छत्तीसगढ़ से झारखंड आकर रहने वाली प्रेरणा का शव थाना क्षेत्र के रिजवी मुहल्ला स्थित घर से बरामद किया गया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया है. मृतका के पिता जगमोहन साव गुरुवार को छत्तीसगढ़ से कोडरमा पहुंचे और बेटी की पहचान की. जगमोहन ने बताया कि प्रेरणा ने 2022 में दंतेवाड़ा से 11वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद दुर्ग में अपने दादा के पास रहने लगी थी. इस साल अप्रैल में पिता के निधन के बाद जब वे दुर्ग पहुंचे, तब पता चला कि प्रेरणा एक मुस्लिम युवक इम्तियाज से प्रेम विवाह कर झारखंड में रह रही है. सामाजिक बदनामी के डर से परिवार ने खोजबीन नहीं की. पिता ने स्पष्ट किया कि उन्हें किसी पर संदेह नहीं है.

## एक नजर

### विभावि में शिक्षाशास्त्र विषय की संभावनाओं पर व्याख्यान

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय (विभावि), हजारीबाग के शिक्षाशास्त्र विभाग में मंगलवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षाशास्त्र विषय की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई. कार्यक्रम में सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद के शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. मधुसूदन जे वी एवं इग्नू, नई दिल्ली के प्राध्यापक डॉ अजीत कुमार सी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया. प्रो. मधुसूदन ने विभावि के समृद्ध शैक्षिक परिवेश की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां शोध और शिक्षण की असीम संभावनाएं हैं. वहीं, डॉ अजीत कुमार ने विश्वविद्यालय की हरित प्राकृतिक सुंदरता की सराहना करते हुए कहा कि यह उच्च शिक्षा के लिए आदर्श वातावरण प्रदान करता है. इस अवसर पर विभाग की ओर से दोनों अतिथि शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया.

### ट्रैफिकिंग कार्यक्रम में शेफाली गुप्ता बनीं विशिष्ट अतिथि



**हजारीबाग।** नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित वर्ल्ड डे अगेंस्ट ट्रैफिकिंग कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा मानव तस्करी के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई. इस अवसर पर हजारीबाग की सामाजिक कार्यकर्ता, ओम आरोहणाम संस्था की संस्थापिका एवं भारत सरकार की दिशा संगठन की सदस्य शेफाली गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं. उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग और रेलवे सुरक्षा बल के बीच मानव तस्करी रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ. आयोग की अध्यक्ष विजया राहतकर ने कहा कि इस तरह के समन्वय से महिला एवं बाल सुरक्षा को मजबूती मिलेगी.

### डीएवी बरकाकाना में छात्र परिषद् अलंकरण समारोह सम्पन्न



**रामगढ़।** डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल एनटीएस बरकाकाना में सत्र 2025-26 के लिए छात्र परिषद् का अलंकरण समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ. समारोह का शुभारंभ स्वागत गीत एवं नृत्य से हुआ. विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजीद ने प्रेरणादायक भाषण के माध्यम से छात्रों को कर्तव्यनिष्ठ बनने का संदेश दिया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नितीश कुमार, डीएफओ, रामगढ़ उपस्थित रहे. उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों को अनुशासन, ईमानदारी एवं नेतृत्व के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी. इसके पश्चात नव-निर्वाचित छात्र परिषद् के सदस्यों को बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया गया. हेड बॉय स्नेहल कुमार, हेड गर्ल अक्षिता कुमार, डिप्टी हेड बॉय राजकुमार राउत, डिप्टी हेड गर्ल वसी हैदर फलक सहित सभी नवनियुक्त सदस्यों ने जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की शपथ ली. जूनियर हेड बॉय अवयान बर्णवाल और जूनियर हेड गर्ल काव्या सिंह को भी अलंकृत किया गया. चारों हाउस - हंसराज, श्रद्धानंद, दयानंद और विवेकानंद के हाउस कैप्टन, सीसीए एवं स्पोर्ट्स कैप्टन तथा वाइस कैप्टन को भी मनोनीत किया गया. समारोह के अंत में छात्रों द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने सभी का मन मोह लिया. प्राचार्य मजीद ने कहा कि कम उम्र में जिम्मेदारी निभाना छात्रों को भविष्य का सक्षम नागरिक बनाता है.

### अंचल कार्यालय में कोलेश्वर महतो को दी गई विदाई

**केरेडारी (हजारीबाग)।** अंचल कार्यालय केरेडारी में अनुसेवक के पद पर कार्यरत कोलेश्वर महतो को सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावभीनी विदाई दी गई. इस अवसर पर एक सादे किन्तु गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अंचल अधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल और प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार समेत अंचल व प्रखंड के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे. सभी ने कोलेश्वर महतो के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता से निर्वहन किया. उनके सरल स्वभाव और सहयोगी दृष्टिकोण के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा. अधिकारियों ने महतो को सम्मानित कर उनके दीर्घ कार्यकाल को यादगार बताया और उनके स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय सेवानिवृत्त जीवन की कामना की. समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की.

### धनवार पंचायत भवन में वृद्धा पेंशन सत्यापन कैंप का आयोजन

**बरही।** बरही प्रखंड के धनवार पंचायत भवन में शुक्रवार को एक दिवसीय वृद्धा पेंशन सत्यापन कैंप का सफल आयोजन किया गया. इस कैंप का मुख्य उद्देश्य पंचायत क्षेत्र के सभी वृद्धा पेंशन लाभुकों का दस्तावेज़ी सत्यापन करना था, ताकि उन्हें पेंशन वितरण में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े. पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि यह कैंप सुबह 10 बजे शुरू होकर शाम 4 बजे तक चला. उन्होंने लाभुकों से अपील की कि वे अपने मूल आधार कार्ड के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित हों. राजेंद्र प्रसाद ने स्पष्ट किया कि सत्यापन के बिना भविष्य में वृद्धा पेंशन वितरण में बाधा आ सकती है, इसलिए सभी लाभुकों को समय पर उपस्थित होकर सत्यापन प्रक्रिया पूरी करनी होगी. उन्होंने कहा कि इस कदम से पात्र वृद्धजनों को समय पर पेंशन मिलने में सहायता मिलेगी और फर्जीवाड़े की संभावना भी कम होगी.

### आफताब हत्याकांडः दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

चितरपुर। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायत उल्लाह खान गुरुवार को लारीकलां पहुंचे, जहां उन्होंने मृतक आफताब अंसारी के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की. उनके साथ आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम और सदस्य डॉ. तौसीफ भी मौजूद थे. हिदायत उल्लाह खान ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और निंदनीय है. उन्होंने आश्वस्त किया कि झारखंड सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी. उन्होंने कहा कि मामले की पूरी जानकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दी जाएगी, और पुलिस प्रशासन को दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाएगा.

### कस्तूरबा विद्यालय में साइबर क्राइम पर जागरूकता कार्यक्रम

**रामगढ़।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गोला में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत डिजिटल साक्षरता एवं साइबर क्राइम विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या रीना चौधरी एवं अतिथियों द्वारा किया गया. कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी श्रीमती शांति बागे ने छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव और डिजिटल सुरक्षा के उपायों की विस्तृत जानकारी दी. विधि सह परिवीक्षा पदाधिकारी रणजीत कुमार ने बताया कि डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे सतर्क रहने की आवश्यकता है. उन्होंने छात्राओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी देते हुए टोल फ्री नंबर 1098, 181 व 1930 के उपयोग के बारे में बताया. सोशल मीडिया पर सतर्कता, ओटीपी साझा न करना, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करना जैसी महत्वपूर्ण सावधानियों से भी छात्राओं को अवगत कराया गया.

### बारिश में गिरा वृद्ध का मकान, परिवार बाल-बाल बचा

**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड के कोबना गांव में लगातार मूसलाधार बारिश के कारण 60 वर्षीय सतेंद्र भुईयां का कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया. वृद्ध सतेंद्र, उनकी पुत्रवधू और पोती तीनों बुधवार देर रात एक ही कमरे में सो रहे थे, तभी मकान अचानक ध्वस्त हो गया. भगवान का शुक्र है कि सभी सुरक्षित हैं, परंतु मकान गिरने से घर के सभी खाद्य पदार्थ, चारपाई और गृहस्थी मलबे के नीचे दबकर खराब हो गए. उन्होंने अधिकारियों से खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिलाने की मांग की है ताकि वे पुनः सुरक्षित जीवन शुरू कर सकें.

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**कोडरमा।** मामला तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर दो तिलैया बस्ती में एक पंद्रह वर्षीय राजवीर कुमार पिता दिलीप यादव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है. मिली जानकारी के अनुसार युक्त युवक बाजार से अपने घर वापस आया और अपने कमरे में चला गया. उस समय घर पर कोई नहीं था. जब परिजन घर पर आकर दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया. दरवाजा नहीं खोलने पर तोड़कर देखा गया तो युवक फंदे पर लटका था.

## ब्रीफ न्यूज

### नागरिकों की समस्याओं का होगा समाधान

**पिपरवार।** पिपरवार थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया जाएगा. इस कार्यक्रम में भूमि संबंधी और अन्य विभिन्न समस्याओं से जुड़ी मामलों का निष्पादन किया जाएगा. पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार यह आयोजन किया जा रहा है. इस दौरान थाना क्षेत्र के सभी नागरिक अपनी समस्याओं को सीधे पुलिस के समक्ष रख सकेंगे और उनका समाधान प्राप्त कर सकेंगे. थाना प्रभारी ने क्षेत्रवासियों से इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है, ताकि वे अपने अधिकारों और समस्याओं के निवारण के लिए पुलिस से सहयोग प्राप्त कर सकें.

### बुंडू में सड़क के गड्ढों से यातायात प्रभावित

**बुंडू।** बुंडू के सुभाष चौक और टावर चौक अस्पताल रोड पर बने गड्ढे सड़क यातायात को बाधित कर रहे हैं और दुर्घटना का खतरा बढ़ा रहे हैं. सुभाष चौक का गड्ढा, जो वाटर सप्लाई पाइप लाइन की मरम्मत के बाद ठीक से भरा नहीं गया, आधी सड़क को प्रभावित कर रहा है. यह मेन रोड बेहद व्यस्त है, खासकर स्कूलों के समय और बैंक के समीप होने के कारण यहां भीड़ अधिक रहती है. लोग गड्ढे से बचने के लिए सड़क पर घुमाव लेते हैं, जिससे सड़क और संकरी हो जाती है और दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है. टोटो चालक भी गड्ढे में गिरने से बचने के लिए इससे दूरी बनाए रखते हैं. इसी प्रकार, टावर चौक अस्पताल रोड पर टूटा स्लैब गड्ढे में बदल गया है, जो रोजाना स्कूल जाने वाले बच्चों और अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है.

### देवंती को एमएमबीबीएस परीक्षा में मिला 54वां रैंक

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले की आदिवासी गोंड जनजाति से ताल्लुक रखने वाली प्रतिभाशाली छात्रा देवंती कुमारी ने एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा में अनुसूचित जनजाति श्रेणी में 54वीं रैंक हासिल कर एक बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है. जामबाहर गांव की रहने वाली देवंती एक साधारण किसान परिवार से हैं, उनके पिता लहरू प्रधान किसान हैं. सीमित संसाधनों के बावजूद देवंती ने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की है. देवंती ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नवोदय विद्यालय से पूरी की, इसके बाद कोलेबिरा बागे कॉलेज से विज्ञान विषय में इंटरमीडिएट की पढ़ाई की, जिसमें उन्होंने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए. डॉक्टर बनने का उनका सपना और अटूट मेहनत आज रंग लाई है.

### सेवानिवृत्त सीनियर ओवरमैन को दी विदाई

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार एरिया के पिपरवार पीट ऑफिस में ऑपरेटर संघ एवं इनमोसा पिपरवार कमेटी द्वारा सेवानिवृत्त सीनियर ओभरमैन अनिल कुमार सिन्हा के सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर उन्हें माला, बुके और शॉल देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल कुँवर ने की जबकि संचालन इकबाल हुसैन ने किया. मुख्य अतिथि के रूप में अशोक परियोजना के वरिष्ठ प्रबंधक राजेन्द्र कश्यप मौजूद रहे. अपने संबोधन में राजेन्द्र कश्यप ने कहा कि कंपनी में नियुक्ति एवं सेवानिवृत्ति एक सतत प्रक्रिया है, जिसे हर कर्मचारी को पार करना होता है. उन्होंने अनिल कुमार सिन्हा के सेवाकाल को कोयला उत्पादन, डिस्पैच और सुरक्षित कार्य संचालन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के रूप में याद किया.

## बचरा ऑफिसर्स क्लब में सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन

# नौ कर्मियों को सम्मानित कर विदाई दी गई

**शुभम संदेश। पिपरवार**



सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन ने गुरुवार को बचरा ऑफिसर्स क्लब में सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए भावपूर्ण विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार एवं कार्मिक प्रबंधक अरुण कुमार महतो ने की. समारोह में पिपरवार क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं से सेवानिवृत्त हुए कुल 9 कर्मियों को सम्मानित कर विदाई दी गई. सेवानिवृत्त कर्मियों में परिवार परियोजना के वरिष्ठ ओवरमैन अनिल कुमार सिन्हा, डंपर ऑपरेटर रामलाल महतो, ड्राइवर सुरेश प्रसाद साहू, ईपी फीटर खेदु महतो, सीएचपी परियोजना के ओएस डीएन महतो, आर्म गार्ड बद्री नाथ, ऑपरेटर बिनोद कुमार राम, अशोक परियोजना के ईपी फीटर शंकर महतो एवं रीजनल स्टोर के टंडेल डेगन महतो शामिल थे.

कार्यक्रम के दौरान सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल, सेवा प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया. उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने इन कर्मियों के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. महाप्रबंधक संजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का एक भावुक एवं महत्वपूर्ण पड़ाव होता है. उन्होंने कहा कि कंपनी में कार्यरत सभी कर्मियों के लिए एक दिन सेवानिवृत्त होना निश्चित है, और स्वस्थ एवं कुशल होकर रिटायर होना एक सुखद अनुभव है. उन्होंने रिटायर हो रहे कर्मियों के अनुभव की अहमियत पर भी जोर दिया और कहा कि अनुभवी कर्मियों के जाने से कंपनी को नुकसान होता है. इसलिए नए कर्मियों को पुराने कर्मियों से सीखने का प्रयास करना चाहिए.

कार्यक्रम में रिटायर हुए सभी कर्मियों के ग्रेच्युटी, पेंशन और सीपीआरएम के क्लेम समय से पूर्व सेटल करने के लिए कार्तिक विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को भी बधाई दी गई. कार्यक्रम में महाप्रबंधक संजीव कुमार के अलावा कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल, स्टॉफ ऑफिसर पीएंडपी डीके शर्मा, स्टॉफ ऑफिसर सिविल कुन्दन कुमार, एरिया सर्वे ऑफिसर जगदीश मंडल, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर हेमचंद महतो, कार्मिक प्रबंधक अरुण कुमार महतो, शिशिर गर्ग, ज्योति कुशवाहा, श्रमिक प्रतिनिधि रविन्द्रनाथ सिंह, इस्लाम अंसारी, अरविन्द शर्मा, भीम प्रसाद मेहता, विधापति सिंह, सतीश पाण्डेय, कामेश्वर राम, दिलिप गोस्वामी, मोहम्मद रहमतुल्लाह एवं गांधीराम साहु सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे. यह समारोह सेवानिवृत्त कर्मियों के प्रति सम्मान और उनके योगदान को याद करने का एक महत्वपूर्ण मंच था, जहां सभी ने उनके उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की.

## कृषि यंत्र वितरण कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा

# सभी किसान योजनाओं से जुड़ें और बिचौलियों से बचें

**शुभम संदेश। गुमला**



कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, द्वारा कार्तिक उरांव महाविद्यालय स्थित बहुउद्देशीय भवन में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय कृषि यंत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की रहीं. कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी आशीष कुमार द्वारा किया गया, जिसमें कृषि, भूमि संरक्षण, पशुपालन, सहकारिता एवं अन्य विभागों की सक्रिय सहभागिता रही. इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड का प्रत्येक कोना मिट्टी, मेहनत और किसानी से जुड़ा है. सरकार की मंशा यह है कि किसान केवल उत्पादक न रहकर, तकनीकी ज्ञान और संसाधनों से लैस एक स्वावलंबी कृषक उद्यमी बने. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना एवं कृषि यंत्रीकरण योजना के माध्यम से महिलाओं, किसान समूहों और व्यक्तिगत किसानों को सीधे अनुदान आधारित परिसंपत्तियां उपलब्ध कराई जा रही हैं. उन्होंने कहा कि उपकरणों की खरीद में किसान को स्वतंत्रता दी जाती है. कोई भी अधिकारी किसी विशेष ब्रांड के ट्रैक्टर या उपकरण हेतु दबाव नहीं बना सकता. ट्रैक्टर या अन्य यंत्र चयन करते समय लाभुक स्वयं निर्णय लेते हैं और भुगतान बैंकिंग माध्यम से सीधे संबंधित कंपनियों को किया जाता है, जिससे प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे और किसानों को किसी प्रकार का धोखा न हो.

मंत्री ने ऑनलाइन फ्रॉड से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि किसान योजनाओं से जुड़ें, जानकारी प्राप्त करें और बिचौलियों से पूरी तरह बचें. उन्होंने बताया कि सोलर पंपसेट, जो सामान्यतः 1.5 लाख के होते हैं, उन्हें किसान मात्र 18 हजार में प्राप्त कर रहे हैं. यह न तो डीज़ल से चलता है और न ही पेट्रोल से, और महिलाएं भी इसे आसानी से संचालित कर सकती हैं. इस दौरान मंत्री महोदया ने कृषि संबंधित कई योजनाओं से लाभुकों को जागरूक किया. उन्होंने कहा कि सरकार योजनाएं दे रही है आपके लाभ के लिए, आपको स्वयं को भी सभी योजनाओं के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है. उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी समस्या के लिए आप हमसे सीधे संपर्क आवश्यक करें हम सभी आपके सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे.

कार्यक्रम के अंत में मंत्री द्वारा स्वयं ट्रैक्टर चलाकर यह सशक्त संदेश दिया गया कि महिलाएं अब खेती से लेकर मशीन संचालन तक हर क्षेत्र में दक्षता के साथ आगे आ रही हैं. उन्होंने महिला कृषकों को आत्मनिर्भर एवं उन्नत किसान बनने की प्रेरणा दी. इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक जेएएमटीटीसी आरपी सिंह ने कहा कि राज्य में कृषि तकनीक में परिवर्तन लाया जा रहा है और आधुनिक यंत्रों के माध्यम से छोटे और मध्यम किसानों को सशक्त बनाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत 80 से 90 प्रतिशत अनुदान पर यंत्रों का वितरण किया जा रहा है, जिसमें विशेष रूप से महिला किसानों की भागीदारी बढ़ी है. उन्होंने पारंपरिक खेती से हटकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खेती करने का आह्वान किया.

विधायक सुदीप गुड़िया ने अपने संबोधन में कहा कि खेती अब विज्ञान आधारित हो गई है और राज्य सरकार द्वारा दी जा रही अनुदान सहायता किसानों के लिए सशक्तिकरण का माध्यम बन रही है. इस अवसर पर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कार्यक्रम में उपस्थित गुमला, खूंटी, सिमडेगा, रांची एवं लोहरदगा जिलों से आए सभी किसानों का हृदय से स्वागत करते हुए कहा कि ₹आज का दिन जिले के लिए गौरव और प्रसन्नता का दिन है. कृषि हमारी आजीविका का मूल है और सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसान आधुनिक संसाधनों और तकनीकी सहयोग से अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकें. उन्होंने यह भी कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जमाने में एक कृषि कार्य ही एक ऐसा कार्य है जिसका स्थान कोई नहीं ले सकता, अतः किसानों को नए तकनीक का उपयोग करते हुए अपने क्षेत्र में उन्नत करने की आवश्यकता है. उपायुक्त ने अपने संबोधन में बताया कि आज के कार्यक्रम के दौरान गुमला जिले की 30 महिला कृषक समूहों को मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना 2024-25 के अंतर्गत 30 ट्रैक्टर और सहायक कृषि यंत्र वितरित किए जा रहे है, जिससे लगभग 450 परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा.

### अपहरण के मामले में एक युवक गया जेल

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र की तीन नाबालिग स्कूली छात्राओं को बहला फुसला कर अपहरण कर दिल्ली ले जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया है.साथ ही उनका अपहरण करने वाले एक नाबालिग किशोर व एक युवक को पकड़ लिया है. पूछताछ के बाद बुधवार की शाम 5 बजे नाबालिग को बाल सुधार गृह और युवक को जेल भेज दिया है. वही तीनों लड़की का मेडिकल कराया गया. ज्ञात हो कि गुमला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी और उसकी दो नाबालिग सहेलियों का अपहरण होने के मामले में थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया था. जिसमें पोढ़ा निवासी 18 वर्षीय सुरज साहू व एक किशोर द्वारा 3 छात्राओं को बहला फुसला कर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी.

### सड़क हादसे में बाइक सवार की हुई मौत

**गुमला।** रांची गुमला मुख्य मार्ग स्थित नागफेनी के समीप स्कोर्पियो व बाइक के बीच हुए सीधी भिड़ंत में बाइक सवार उपेन्द्र गोप की मौत हो गई. जबकि स्कोर्पियो में सवार कुछ लोगो को मामूली चोट आई है.स्कोर्पियो सवार लोग बाबा धाम से दर्शन कर वापस छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर लौट रहे थे. घटना के बाद स्कोर्पियो सवार सभी लोग खुद के साथ किसी अनहोनी की अंदेशा को लेकर तीतर बितर हो गए. सूचना के बाद सदर थाना के एसआई राजेन्द्र कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुच कर मार्ग को सुचारू कराया.

## राजा की रहस्यमय मौत परिजनों ने किया सड़क जाम

**शुभम संदेश। हजारीबाग**

हजारीबाग में एक बार फिर एक प्रेम कहानी ने ऐसा मोड़ लिया कि पूरे शहर में सनसनी फैल गई है. ओकनी मोहल्ले में फांसी के फंदे पर झूलते मिले राजा की मौत अब कई सवाल खड़े कर रहा है. परिजन इसे आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या बता रहे हैं और शक की सुई किसी और पर नहीं, राजा की पत्नी रानी पर ही जा रही है. इस मामले पर लोहसिंघना थाना प्रभारी पुन्नू यादव ने कहा कि विभिन्न बिंदुओं पर मामले की जांच की जा रही है मामला दर्ज कर आगे की कारवाई की जाएगी. राजा की मां आशा देवी ने लोहसिंघना थाना में आवेदन देकर सीधा आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या कर उसे फांसी पर लटका दिया गया, ताकि यह आत्महत्या लगे. कहा कि आरोपी पत्नी को उन्होंने पुलिस के हवाले किया, लेकिन थाने ने उसे चुपचाप छोड़ दिया. परिजनों का आरोप है कि रानी पेशे से नाचने-गाने का काम करती थी. जब वह बाहर जाती, तो राजा बच्चों की देखभाल करता था. इसी दौरान दोनों ने शादी कर ली. शादी के कुछ महीने बाद राजा को यह पता चला कि रानी का किसी और से अफेयर चल रहा है, जिससे दोनों के रिश्ते में तनाव बढ़ता चला गया. परिजनों का दावा है कि यह आत्महत्या नहीं, सोची-समझी साजिश है. पोस्मार्टम के बाद जब परिजन शव लेकर लौटे, तो वे सीधे लोहसिंघना थाना पहुंचे और शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया और सड़क जाम कर दी.

## सरस्वती विद्या मंदिर में मनाई गई तुलसीदास की जयंती

**शुभम संदेश। गुमला**



विद्या भारती झारखंड की योजना के अनुसार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में तुलसी दास की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार सिंहा,कार्यक्रम प्रमुख संगीता कुमारी एवं गणेश साहू, अनुज कुमार, देवेंद्रनाथ तिवारी, संजय कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ. प्राचार्य संजीव कुमार सिंहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाकवि तुलसीदास एक उत्कृष्ट कवि ही नहीं, महान् लोकनायक और तत्कालीन समाज के दिशा-निर्देशक भी थे इनके द्वारा रचित महाकाव्य 'श्रीरामचरितमानस'; भाषा, भाव, उद्देश्य, कथावस्तु, चरित्र-चित्रण तथा संवाद की दृष्टि से हिन्दी साहित्य का एक अद्भुत ग्रन्थ है. आचार्या संगीता कुमारी ने महर्षि तुलसीदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते भैया बहनों को उनके जीवन दर्शन, संस्कार से परिचित करवाया. भैया बहनों द्वारा तुलसीदास जी से जुड़ी कविता तथा उनके जीवन से जुड़ी घटनाओं को याद किया गया. इस अवसर पर प्रांत द्वारा निर्धारित कक्षा द्वितीय एवं तृतीय के भैया बहनो के बीच सुलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई. वही कक्षा चतुर्थ व पंचम के भैया बहनो के बीच चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई. माध्यमिक खंड में कक्षा षष्ठ से द्वादश तक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ तुलसीदास जयंती के शुभ अवसर पर विद्यालय के लिए नव अधिग्रहित वाहन की चाबियां आधिकारिक तौर पर प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह को सौंपी गईं. इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य और वरिष्ठ आचार्य भी उपस्थित रहे. इन नए वाहनों का अधिग्रहण विद्यालय के भैया बहनों के लिए परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है. दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों के लिए ये वाहन सहायक होंगे. प्रधानाचार्य ने तुलसीदास जयंती के पावन पर्व पर नए वाहनों के आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह विद्यालय के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा.

## शिक्षा

## डुमरी प्रखंड के लुचुतपाठ मध्य विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं का अभाव

# शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है

**शुभम संदेश। चैनपुर (गुमला)**



आकांक्षी प्रखंड डुमरी के लुचुतपाठ गांव स्थित मध्य विद्यालय की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है, जहां बुनियादी सुविधाओं के अभाव में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है. पर्याप्त शिक्षकों की कमी, पीने के पानी, शौचालय, बिजली, सुरक्षित भवन और गैस जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में 115 छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय दिख रहा है. प्रशासन की अनदेखी के कारण झेल रहे नौनिहाल भविष्य में खतरा मंडराता नजर आ रहा है. कक्षा 1 से 8 तक की पढ़ाई के लिए मात्र दो पारा शिक्षक ही कार्यरत हैं, जिनमें से एक, जयपाल असुर, प्रधानाध्यापक का भी प्रभार संभाल रहे हैं. विद्यालय में कोई स्थायी शिक्षक या प्रधानाध्यापक पदस्थापित नहीं है. जयपाल असुर ने बताया कि दो शिक्षकों के लिए आठ कक्षाओं का संचालन करना असंभव है. कम से कम तीन अतिरिक्त शिक्षकों की तत्काल आवश्यकता है. विद्यार्थी ओलिफ टोपो ने भी इस बात पर चिंता व्यक्त की कि कम शिक्षकों के कारण सभी कक्षाओं को पर्याप्त समय नहीं मिल पाता, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है और उन्हें अपने भविष्य को लेकर डर सता रहा है.

विद्यालय भवन की हालत बेहद खराब है. बरसात में छत और खिड़कियों से पानी टपकता है, जिससे क्लासरूम में पानी भर जाता है और बच्चों को गीले कपड़ों में पढ़ाई करनी पड़ती है. शौचालय का निर्माण भी अधूरा पड़ा है, जिससे छात्र-छात्राओं, विशेषकर बालिकाओं को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है, जो असुरक्षित और अस्वस्थकर है. रसोइया शांति मनी लकड़ा ने बताया कि मिड-डे मील बनाने और पीने के पानी के लिए उन्हें 1 से 2 किलोमीटर दूर तक जाना पड़ता है, जो एक कठिन कार्य है. खाना आज भी पारंपरिक चूल्हे पर बनाया जाता है, क्योंकि गैस कनेक्शन या सिलेंडर की कोई सुविधा नहीं है. धुएं में खाना पकाने से रसोइया के स्वास्थ्य और बच्चों के पोषण दोनों पर नकारात्मक असर पड़ता है. विद्यालय में पंखे लगे हैं, लेकिन बिजली की आपूर्ति ठप होने के कारण वे बेकार पड़े हैं. गर्मियों में बच्चों को पसीने में भीगते हुए पढ़ाई करनी पड़ती है. पहुंच मार्ग प्रताप किसान ने बताया कि विद्यालय तक पहुंचने वाली सड़क भी बेहद खराब है. बारिश में फिसलन के कारण बच्चों के गिरने और चोटिल होने का खतरा बना रहता है. लुचुतपाठ मध्य विद्यालय की यह बदहाली न केवल स्थानीय शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलती है, बल्कि सैकड़ों बच्चों के भविष्य को भी गंभीर संकट में डाल रही है. इस स्थिति पर तत्काल ध्यान देने और आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है ताकि इन बच्चों को भी बेहतर शिक्षा और सुरक्षित भविष्य मिल सके.

### स्वर साधना केंद्र में मनाई गई मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित स्वर साधना केंद्र संगीत विद्यालय में गुरुवार को संगीत के बादशाह मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार उपस्थित थे. कलाकारों ने अतिथियों का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मोहम्मद रफी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी याद में श्रद्धांजलि देने के साथ हुई. महाप्रबंधक संजीव कुमार ने रफी साहब के जीवन और उनके संगीत योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके गीत आज भी संगीत प्रेमियों को आनंदित करते हैं. उन्होंने कहा कि अपनी सभ्यता को बचाने के लिए संगीत से जुड़ना जरूरी है और मोहम्मद रफी ने देश के लिए अमर गीत दिए हैं जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता.

## एक नजर

### पेंटिंग के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**गुमला।** भारत विकास परिषद के तत्वावधान में गत दिनों डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. आज वंदना सभा में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, सचिव राकेश कुमार वर्मा एवं संरक्षक निर्मल गोयल ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया. प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत विकास परिषद के द्वारा संस्कृति एवं पर्यावरण के संरक्षण तथा विकास के लिए कई सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं. महेश प्रसाद गुप्ता ने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें. साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में क़दम बढ़ाते हुए ज़्यादा से ज़्यादा वृक्षारोपण करें. इस अवसर पर रितु प्रिया तिर्की, अद्वैता आहना मैती एवं दर्शना सृष्टि को पुरस्कृत किया गया.

### जलजमाव की समस्या को लेकर नगर परिषद से हुई चर्चा

सिमडेगा। केलाघाघ रोड पर पानी जमा होने की गंभीर समस्या को लेकर पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने नगर परिषद के अधिकारियों के साथ मौके पर चर्चा की. उन्होंने बताया कि जलजमाव के कारण लोगों को पैदल चलने में भारी परेशानी हो रही है, जिससे स्थानीय जनता बहुत परेशान है. उन्होंने नगर परिषद से अनुरोध किया कि इस समस्या का जल्द स्थायी समाधान किया जाए ताकि आम जनजीवन प्रभावित न हो. नगर परिषद के अधिकारियों ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए बताया कि एक-दो दिनों में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर स्थायी सुधार कार्य शुरू किया जाएगा. तब तक राहत स्वरूप रोड पर स्टोन डस्ट भरकर जलजमाव को कम करने की व्यवस्था की जाएगी. इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, महामंत्री दीपक पूरी, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, रवि गुप्ता, तुलसी साहू, अनूप प्रसाद समेत कई भाजपा कार्यकर्ता और नगर परिषद के अधिकारी मौजूद थे. पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने अधिकारियों से आग्रह किया कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि जनता को जल्द राहत मिल सके.

### जेपीएससी में सफल हुई मीनाक्षी को उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने किया सम्मानित

**लोहरदगा।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा आयोजित संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा-2023 में 120वां रैंक प्राप्त करने वाली मीनाक्षी को आज लोहरदगा के उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने सम्मानित किया. मीनाक्षी को इस परीक्षा में वित्त सेवा में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है, जो जिले के लिए गर्व का विषय है. सम्मान समारोह के दौरान उपायुक्त ने मीनाक्षी को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर उनके इस उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना की. उन्होंने मीनाक्षी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जिले की युवा पीढ़ी को मीनाक्षी से प्रेरणा लेनी चाहिए. यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव की बात है. मीनाक्षी के पिता गौरीशंकर शर्मा वर्तमान में लोहरदगा के सदर प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं. उन्होंने भी अपनी पुत्री की इस सफलता पर हर्ष जताया और इसे अनुशासन, परिश्रम और परिवार के सहयोग का परिणाम बताया. कार्यक्रम के दौरान अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी मीनाक्षी को बधाई दी और उनके भविष्य की सफलता की कामना की.

### मुंशी प्रेमचंद जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**इटकी।** कुन्दी रोड स्थित आशा संस्था में गुरुवार को नवां बिहान क्लब के तत्वाधान में मुंशी प्रेमचंद जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साकेत सिंह ने की. उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं भारतीय समाज की वास्तविकता को बहुत स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करती हैं. उनकी कहानियों में जीवन की सच्चाई और मानवीय संवेदनाओं का गहरा चित्र मिलता है, जो आज भी प्रासंगिक हैं. कार्यक्रम के दौरान पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रेमचंद की प्रमुख रचनाओं और उनके विचारों को दर्शाया गया. इसके साथ ही सामूहिक चर्चा भी हुई, जिसमें उपस्थित लोगों ने प्रेमचंद के साहित्यिक योगदान और उनके विचारों को वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों से जोड़कर समझने का प्रयास किया. इस चर्चा में सामाजिक न्याय, गरीबी, और मानवीय मूल्यों जैसे मुद्दों पर जोर दिया गया. कार्यक्रम में सुचिता, हाजी अलीहसन, मेराज आलम, सुनील कुमार, प्रीतम सिंह, असद आलम, नवाब, राजा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे. इस आयोजन का उद्देश्य प्रेमचंद के साहित्य को जीवंत बनाए रखना और उनके द्वारा उठाए गए सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाना था.

### ग्रामीण बैंक में सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक को विदाई

**इटकी।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के सेवानिवृत शाखा प्रबंधक राकेश सिन्हा को गुरुवार को बैंक शाखा में एक भावपूर्ण विदाई समारोह के दौरान सम्मानित किया गया. इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने राकेश सिन्हा द्वारा बैंक में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की और उनके भविष्य के जीवन के लिए खुशहाली की कामना की. समारोह में बैंक के कर्मचारियों ने भी उन्हें कई उपहार भेंट किए. इस अवसर पर नए शाखा प्रबंधक विनोद कुमार ने शाखा का कार्यभार संभाला, जिससे बैंक के संचालन में निरंतरता बनी रहेगी. कार्यक्रम में मुखिया रीता देवी, राजकुमार तिर्की, मनोज लोहरा, अभिषेक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे और उन्होंने अपने विचार साझा किए. वहीं, इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला की सेवानिवृत्त किचेन सर्वेंट तारा देवी को भी आरोग्यशाला प्रशासन द्वारा भावपूर्ण विदाई दी गई. इस अवसर पर उनके योगदान को याद करते हुए उनकी सेवा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया. दोनों कार्यक्रमों में सम्मानित व्यक्तियों के प्रति स्नेह और सम्मान की भावना झलकी.

### कोडरमा में जिला समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**कोडरमा।** उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई. बैठक में भूमि, अतिक्रमण, विकास योजनाओं एवं लंबित मामलों की समीक्षा कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. उपायुक्त ने वन पट्टा से जुड़े सभी जांच प्रतिवेदनों को समय पर अंचल अधिकारियों को उपलब्ध कराने और महतो अहरा, रामपुर बसरिया में भूमि जांच हेतु खतियान उपलब्ध कर अधिसूचना प्रकाशन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने को कहा. डुमरिया क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के दौरान स्थानीय विरोध पर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में कार्य सुचारू रूप से पूरा करने के निर्देश दिए गए. 35x35 मीटर क्षेत्रफल में अखड़ा निर्माण हेतु भूमि चिन्हित कर प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराने को भी कहा गया.

### सीसीएल यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन चुनाव संपन्न

**चरही।** सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के अंतर्गत यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की बैठक परेज ईस्ट ओपनकास्ट परियोजना परिसर में संपन्न हुई. बैठक में संगठन की भावी रणनीतियों और मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा की गई. इसके उपरांत परेज परियोजना के लिए मजदूरों की देखरेख और संगठनात्मक मजबूती के लिए एक नई कमेटी का गठन किया गया. इस कमेटी में जपन यादव को अध्यक्ष, सुजय कुमार राय को कार्यकारी अध्यक्ष, आलोक कुमार, घूरती उरांव और लालेश्वर महतो को उपाध्यक्ष बनाया गया. पप्पू कुमार दुबे को सचिव, सुखदेव महतो और हीरा प्रसाद को सह सचिव, तथा नागेश्वर महतो को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई. कार्यकारिणी सदस्य के रूप में निसार मियां, संदीप कुमार, अजित टोप्पो, संतोष कुमार, भरत लाल, बिनोद दांगी, संजय मुर्मू, अमित कुमसार अकेला, महेश महतो, लगरनाथ महतो, मेघलाल महतो और विकास महतो का चयन किया गया. यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष नीरज सिंह ने सभी नव-चयनित सदस्यों को बधाई दी और मजदूर हित में ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया.

### सतखारी गांव में अधेड़ ने लगायी फांसी, मौत

**गुमला।** पालकोट प्रखंड क्षेत्र के सतखारी गांव के रहने वाले 42 वर्षीय ग्रामीण बगाल खड़िया ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. सूचना पर गुरुवार को पहुंचे पालकोट थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल गुमला पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पूरे मामले की छानबीन में जुट गया. मृतक के पिता मंगरु खड़िया ने पुलिस को बताया है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी.

**मंथन**

## झारखंड में सभी आदिवासी प्रतिभा को पंख देने की पहल

झारखंड सरकार द्वारा 300 आदिवासी छात्र-छात्राओं को नीट और जेईई जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग देने की योजना स्वागतयोग्य और दूरगामी सोच की पहल है. यह न सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक न्याय को साकार करने का प्रयास है, बल्कि इससे राज्य के आदिवासी समाज की युवा पीढ़ी को मुख्यधारा में आगे लाने का मार्ग भी प्रशस्त होगा. झारखंड सरकार की योजना के अनुसार, 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों को दो बैचों में विभाजित कर, मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करवाई जाएगी. इस कोचिंग के लिए रांची के हिंदपीढ़ी क्षेत्र में स्थित कल्याण विभाग की इमारतों को अस्थायी केंद्र बनाया गया है, जहां आवास और भोजन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी. साथ ही भवन निर्माण का प्रस्ताव भी तैयार है, जिससे यह योजना स्थायी ढांचे की ओर अग्रसर दिख रही है. यहां यह उल्लेखनीय है कि योजना का लाभ पूरी तरह मेरिट के आधार पर मिलेगा और कोचिंग एजेंसी का चयन ओपन टेंडर प्रक्रिया से किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित होती है. हालांकि चयन प्रक्रिया की अंतिम रूपरेखा अभी तय नहीं हुई है, फिर भी विभाग की सक्रियता और संकल्प स्पष्ट है. जहां तक सुरक्षा संबंधी चिंताओं का प्रश्न है, कल्याण सचिव द्वारा स्थल का निरीक्षण और आश्वासन सकारात्मक संकेत देता है. ऐसे समय में जब शिक्षा में असमानता बढ़ती जा रही है, यह योजना वंचित वर्ग के लिए आशा की किरण बनकर उभरी है. जरूरत है इसे ईमानदारी से लागू करने की, ताकि आदिवासी युवाओं की प्रतिभा को नया आकाश मिल सके.

**नजरिया**

## कट्टरपंथ की अंधी आंधी में फंसी देश की युवा चेतना

झारखंड की एक और युवती की आतंकी लिंक में गिरफ्तारी ने न सिर्फ राज्य को झकझोर दिया है, बल्कि देश की सुरक्षा एजेंसियों के लिए भी एक गंभीर चेतावनी की तरह है. कोडरमा की शमा परवीन की गिरफ्तारी यह दिखाती है कि आतंकी संगठन अब सोशल मीडिया के माध्यम से विचारों की घुसपैठ कर रहे हैं, और युवाओं को गुमराह करने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म को हथियार बना रहे हैं. गुजरात एटीएस की ओर से की गई यह गिरफ्तारी सिर्फ एक व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं है, बल्कि यह कट्टरपंथी नेटवर्क की उस जड़ को उजागर करती है जो भारत में शरिया कानून लागू करने जैसे खतरनाक मंसूबे पाले हुए हैं. सोशल मीडिया से युवाओं को उकसाना, पाकिस्तान में बैठे आतंकियों से सीधा संपर्क और भारत विरोधी साजिशों में सक्रिय भागीदारी-ये सभी संकेत स्पष्ट करते हैं कि देश के भीतर ही एक वैचारिक युद्ध छिड़ा हुआ है. इस घटनाक्रम से यह भी साफ है कि झारखंड जैसे अपेक्षाकृत शांत राज्यों को भी अब आतंकी संगठनों ने टारगेट बनाना शुरू कर दिया है. यह सामूहिक चुनौती है -सिर्फ सुरक्षा एजेंसियों की नहीं, समाज और परिवारों की भी. कट्टरपंथ के बीज अक्सर अकेलेपन, भ्रम और गलत सूचना की जमीन में उगते हैं. हमें सतर्क रहकर, संवाद और शिक्षा के जरिए इस वैचारिक जहर को रोकना होगा. शमा परवीन की गिरफ्तारी केवल एक चेहरा उजागर करती है-असली लड़ाई उस मानसिकता से है, जो युवाओं को हथियार में बदलने पर तुली है.

# मानव तस्करी के खिलाफ आरपीएफ की लड़ाई

मनोज यादव



**मानव तस्करी के खिलाफ आरपीएफ निभा रहा अपनी महती भूमिका.**

21 जुलाई 2025 को न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन पर एक सामान्य अपराह्न था. ट्रेनों की हलचल, घोषणाएं और भागते यात्री उस अंधेरे पहलू को छिपाने में व्यस्त थे, जो अक्सर खुलेआम नजर आता है – मानव तस्करी. एक खुफिया सूचना पर, रेलवे सुरक्षा बल की महिला उप निरीक्षक सारिका कुमारी, आरपीएफ और जीआरपी अधिकारियों के साथ कार्रवाई करने में जुट गईं. ट्रेन नंबर 13245 डीएन के कई कोचों में एक चुपचाप समन्वित तलाशी शुरू हुई और जो उन्होंने पाया, वह चौंकानेवाला था. 56 युवा लड़कियां, जो अपने सफर के उद्देश्य को लेकर उलझन और अनिश्चितता में थीं, दो व्यक्तियों, जितेंद्र पासवान और चंद्रिमा कर द्वारा बेंगलुरु में मोटर पार्ट्स और मोबाइल कंपनियों में काम पर भेजे जाने के नाम पर यात्रा कर रही थीं. इन लड़कियों को विभिन्न कोचों में फैला दिया गया था, ताकि ध्यान न जाए. पूछताछ में लड़कियां अपनी यात्रा या रोजगार के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं दे सकीं और न ही उनके माता-पिता को यात्रा के उद्देश्य का कोई पता था. उनके कोच और बर्थ नंबर उनके हाथों पर स्याही से लिखे गए थे.

यह एक डरावना संकेत था कि तस्करी का यह अपराध किस हद तक संगठित हो चुका है. तस्करों के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं थे और उन्होंने किसी भी सटीक व्याख्या का जवाब नहीं दिया. सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए दोनों आरोपियों को तस्करी के संबंधित कानूनों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया और बचाई गई लड़कियों को सत्यापन के बाद रिहा कर दिया गया. जीवन की रक्षा में आरपीएफ के लिए यह केवल एक और दिन था, जो चुपचाप और दृढ़ता से सेवा करने में व्यस्त था. अपनी कई जिम्मेदारियों – यात्री सुरक्षा, रेलवे संपत्ति की रक्षा और आदेश बनाए रखने के साथ – पिछले एक दशक में एक और भूमिका ने अधिक महत्वपूर्ण रूप धारण किया है: मानव तस्करी को रोकना. भारतीय रेलवे, अपनी 13,000 ट्रेनों, 7,500 स्टेशनों और रोजाना 23 मिलियन यात्री संख्याओं के साथ, एक ऐसी नस की तरह है जो देश के दूरदराज के कोनों को शहरी केंद्रों से जोड़ती है. खुफिया जानकारी आधारित अभियानों और पुलिस, एनजीओ और अन्य एजेंसियों के




साथ समन्वय के माध्यम से, आरपीएफ ने खुद को मानव तस्करी के खिलाफ राष्ट्रीय लड़ाई में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है. एक तस्करी-मुक्त नेटवर्क की ओर मानव तस्करी के खिलाफ आरपीएफ की भूमिका रातों-रात नहीं आई. इसकी विकास यात्रा रणनीतिक, संरचित और प्रतिबद्ध रही है. यह परिवर्तन 2020 में शुरू हुआ, जब ऑपरेशन 'नन्हे फरिश्ते' की शुरुआत की गई, जिसका उद्देश्य उन बच्चों को बचाना था जो खो गए थे, या फिर जिनके साथ शोषण हो रहा था. शुरू में बच्चों पर केंद्रित इस ऑपरेशन ने तस्करी के एक व्यापक तंत्र का पर्दाफाश किया, जिससे यह साफ हो गया कि केवल बच्चों को ही नहीं, बल्कि महिलाओं और अन्य कमजोर वयस्कों को भी इन तस्करी नेटवर्क्स के माध्यम से शिकार बनाया जाता है. ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप साबित हुआ, जिसमें पिछले चार और आधे सालों में 64,000 से अधिक बच्चों को बचाया गया – 43,493 लड़के और 20,411 लड़कियां.

बचाए गए बच्चों को बाल कल्याण समितियों (सीडब्ल्यूसी) के सामने पेश किया जाता है, ताकि उन्हें पुनर्वास या सुरक्षित संस्थागत देखभाल मिल सके. इसकी सफलता के बाद, 2022 में आरपीएफ ने ऑपरेशन आहट की शुरुआत की और पूरे भारतीय रेलवे नेटवर्क में 750 एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स स्थापित किए. ये यूनिट्स खुफिया-आधारित अभियान, निगरानी ऑपरेशन और एनजीओ और पुलिस के साथ समन्वित बचाव अभियानों का संचालन करती हैं. आरपीएफ की पहचान प्रणाली अब मानव खुफिया जानकारी को डिजिटल निगरानी के साथ जोड़ती है.रेलवे के फ्रंटलाइन कर्मचारी–टिकट निरीक्षक, कुली व ऑनबोर्ड हाउसकीपिंग कर्मचारी

**एक साथ मिल कर सुरक्षा की ओर मानव तस्करी के खिलाफ लड़ाई केवल आरपीएफ का कर्तव्य नहीं है, यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है. हम सब को मिल कर इसे आगे बढ़ाना है.**

इन अपराधों की पहचान करने के लिए संवेदनशील और प्रशिक्षित किए गए हैं. इसके अलावा, डेटा विश्लेषण, सीसीटीवी निगरानी और एआई-पावर्ड चेहरे की पहचान प्रणाली (एफआरएस) का उपयोग करके तस्करों और संभावित पीड़ितों की पहचान की जाती है. सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से शिकायतें और अलर्ट भी प्राप्त होते हैं, जिनसे त्वरित कार्रवाई की जाती है.

मापनीय प्रगति, 2021 से 2025 के बीच 54 महीने में, आरपीएफ ने 2,912 मानव तस्करी पीड़ितों को बचाया, जिनमें 2,600 से अधिक बच्चे और 264 वयस्क शामिल हैं. इस अवधि में 701 तस्करों को गिरफ्तार किया गया. इसके अतिरिक्त, आरपीएफ ने बांग्लादेश और म्यांमार के अवैध प्रवासियों की पहचान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिनमें से कई तस्करी के रिंग्स का हिस्सा थे. इन आंकड़ों से अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि ये केवल सांख्यिकी नहीं हैं, बल्कि यह उन नेटवर्क्स को नष्ट करने, शोषण की चेन को तोड़ने और जीवन को सुरक्षा में बहाल करने के ठोस कदम हैं. पहली रक्षा पंक्तिबचाव और अभियोजन महत्वपूर्ण हैं. रोकथाम एक प्रभावी मानव तस्करी विरोधी रणनीति की आधारशिला बनी हुई है. आरपीएफ ने रेलवे पारिस्थितिकी तंत्र में एक जन जागरूकता अभियान भी शुरू किया है, ताकि हर यात्री चौकस बन सके. रेलवे स्टेशनों पर छोटे नाट्य कार्यक्रम, पोस्टर्स, बैनर, स्टैंडियों और सार्वजनिक घोषणाओं के माध्यम से यह संदेश फैलाया जा रहा है: क्योंकि हर बच्चे को स्वतंत्र होने का हक है.₹ इसके अतिरिक्त, समुदाय के साथ साझेदारी, सोशल मीडिया अभियानों, और हेल्पलाइन नंबर 1098 और 112 की त्वरित क्रियावली यह सुनिश्चित करती है कि तस्करी की घटनाओं की जानकारी मिलते ही कार्रवाई की जाए. एक साथ मिलकर सुरक्षा की ओर मानव तस्करी के खिलाफ लड़ाई केवल आरपीएफ का कर्तव्य नहीं है, यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है. और जब हर ट्रेन एक सुरक्षित स्टेशन पर पहुंचती है, बिना किसी जीवन के शोषण का शिकार हुए, तो हम एक कदम और नजदीक पहुंच जाते हैं, एक सुरक्षित और स्वतंत्र भारत की ओर. - **लेखक आईपीएस अधिकारी और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के महानिदेशक हैं.**

**आज का इतिहास**

1883 : ग्रेट ब्रिटेन में अंतर्देशीय डाक सेवा शुरू.
1916 : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एनी बेसेंट ने होम रूल लीग की शुरुआत की.
1920 : गांधी जी ने असहयोग आंदोलन शुरू किया.
1932 : फ़िल्म अभिनेत्री मीना कुमारी का जन्म.
1957 : राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की स्थापना.
1995 : हब्बल दूरबीन ने शनि के एक और चन्द्रमा की खोज की.
2004 : श्रीलंका ने भारत को हराकर क्रिकेट का एशिया कप जीता.
2021: बैडमिंटन खिलाड़ी वीपी संधू ने चीन की जियाओ को हराकर तोक्यो ओलंपिक की का कांस्य पदक जीता.
2021: भारत की पुरुष हॉकी टीम ने तोक्यो में ग्रेट ब्रिटेन को हरा कर 49 साल बाद ओलंपिक के सेमीफाइनल में जगह पाई.
2021: भारत ने अगस्त के महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली.

## आप कुछ भी कर सकते हैं, प्रयास तो करके देखें

**चिंतन**

बहुत पुरानी बात है. एक गांव में दो छोटे-छोटे अपने लड़के घर से कुछ दूर खेल रहे थे. खेलने में वे इतने मगन थे कि उन्हें पता ही नहीं चला कि वे भागते-भागते कब एक सुनसान जगह पहुंच गए. उसी जगह पर एक पुराना कुआं भी था, और उनमें से एक छोटा लड़का गलती से उस पुराने कुएं में जा गिरा.

दूसरा छोटा लड़का इस घटना से एकदम से डर गया और मदद के लिए जोर-जोर से चिल्लाने लगा, पर उस सुनसान जगह कहां कोई मदद को आने वाला था. फिर लड़के ने देखा कि कुएं के करीब ही एक पुरानी बाल्टी और रस्सी पड़ी हुई है, उसने तेजी दिखाते हुए तुरंत रस्सी का एक सिरा वहां गड़े एक पत्थर से बांधा और दूसरा सिरा नीचे कुएं में फेंक दिया. कुएं में गिरे लड़के ने रस्सी पकड़ ली, अब वह अपनी पूरी ताकत से उसे बाहर खींचे लगा, अथक प्रयास के बाद वो उसे ऊपर तक खींच लाया और उसकी जान बचा ली. दोनों काफी खुश थे कि बिना किसी की मदद से वो बच कर वापस आ गए.

जब दोनों ने गांव में जाकर अपने साथ घटी घटना की बात बताई, तो किसी ने भी उनकी बातों पर यकीन ही नहीं किया. गांव का एक आदमी बोला -तुम एक बाल्टी पानी तो निकाल नही सकते, इस बच्चे को कैसे बाहर खींच सकते हो. तुम कोरी झूठ बोल रहे हो. तभी एक बुजुर्ग बोला-यह पूरी तरह सही बात कह रहा हैं क्योंकि वहां पर इसके पास और कोई दूसरा रास्ता भी नही था, और वहां इसे कोई यह कहने वाला नही था कि तुम ऐसा नही कर सकते हो. इस लिए इसने कर डाला.

दोस्तों, जिंदगी में अगर सफलता चाहते हो, तो उन लोगो की बात मानना छोड दो, जो यह कहते हैं कि तुम इसे नही कर सकते. दुनिया में अधिकतर लोग इसलिए सफल नही हो पाते क्योंकि वे ऐसे लोगो की बातों में आ जाते हैं जो ना तो खुद कामयाब होते हैं और ना इस बात में यकीन करते हैं कि दूसरे कामयाब हो सकते हैं. इसलिए अपने दिल की सुनें,आप सब कुछ कर सकते हैं जो आप करना चाहते हैं, आपको भगवान ने विशिष्ट शक्तियों के साथ पैदा किया हैं, अतः स्वयं पर संशय करना छोड़ें और सफलता की और बढ़ चलें.

**इंडिया पर ट्रेंडिंग**



1. #malegaonblastcase
2. Trump
3. साध्वी प्रज्ञा
4. #IndiaInTop3Solar
5. गोस्वामी तुलसीदास
6. मुंशी प्रेमचंद
7. #KingdomReview
8. कर्नल पुरोहित
8. जलियांवाला बाग
10. #NariShaktiWithDhami

# बहुरंग



### सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की 'परम सुंदरी' अब 29 अगस्त को रिलीज होगी

फिल्मी पर्दे पर जल्द ही कई नई जोड़ियां नजर आने वाली हैं और उन्हीं में से एक है सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की जोड़ी. दोनों पहली बार साथ नजर आएंगे फिल्म 'परम सुंदरी' में. इस फिल्म को पहले 25 जुलाई को रिलीज किया जाना था, लेकिन अजय देवगन की 'सन ऑफ सरदार 2' से टक्कर टालने के लिए मेकर्स ने इसकी रिलीज फिलहाल के लिए टाल दी थी. हालांकि उस वक्त फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा नहीं हुई थी, मगर अब मेकर्स ने नई तारीख का ऐलान कर दिया है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है.

दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म 'परम सुंदरी' अब 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. इसकी घोषणा प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर फिल्म का नया मोशन पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, दिनेश विजान लेकर आ रहे हैं साल की सबसे दिल छू लेने वाली प्रेम कहानी 'परम सुंदरी'. देखिए इसे 29 अगस्त से सिर्फ सिनेमाघरों में. 'परम सुंदरी' का टीजर मई में रिलीज किया गया था, जिसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा उत्तर भारत के लड़के परम के किरदार में नजर आए थे, जबकि जाह्नवी कपूर को एक साउथ इंडियन लड़की सुंदरी के रूप में पेश किया गया था. टीज़र में सोनू निगम की आवाज में एक खूबसूरत गाने की झलक भी देखने-सुनने को मिली थी. टीज़र के बाद से ही फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, हालांकि अब भी फिल्म के बड़े पर्दे पर उतरने के लिए दर्शकों को थोड़ा और इंतज़ार करना होगा.'परम सुंदरी' का निर्माण कर रहे दिनेश विजान पहले ही 'स्त्री-2' और 'छावा' जैसी हिट फिल्मों से अपना जादू दिखा चुके हैं. इस बार वो दर्शकों के सामने एक नई और दिल छू लेने वाली प्रेम कहानी लेकर आ रहे हैं.

## कभी सोचा नहीं था कि अभिनेता बनूंगा: सिद्धांत

2018 में रिलीज हुई फिल्म धड़क ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बना ली थी. अब उसी संवेदनशील भावभूमि पर आधारित इसका अगला भाग धड़क-2 एक और दिल को छू जाने वाली प्रेम कहानी लेकर आ रहा है. इस बार फिल्म का निर्देशन शाजिया इक़बाल ने किया है और मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी. फिल्म में प्रेम, सामाजिक भेदभाव और आत्म-संघर्ष जैसे मुद्दों को बेहद मार्मिक और संवेदनशील तरीके से पेश किया गया है. 'धड़क-2' एक अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है.फिल्म की रिलीज से पहले सिद्धांत चतुर्वेदी ने 'हिन्दुस्थान समाचार' को एक इंटरव्यू में इस फिल्म और अपने करियर को लेकर खुलकर बातचीत की. पेश हैं. इस खास बातचीत के कुछ प्रमुख अंश...

**सवाल.** फिल्म में काम करने का प्रस्ताव मिलने पर आपकी पहली प्रतिक्रिया क्या थी?

जब मैंने इस फिल्म की कहानी पहली बार सुनी, तब इसका कोई नाम नहीं था. यह अनटाइटल्ड थी, लेकिन इसकी कहानी इतनी गहराई और प्रभाव से भरी हुई थी कि मैंने और तृप्ति, दोनों ने बिना देर किए हामी भर दी. यह महज़ एक रोमांटिक कहानी नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक भेदभाव की कई परतें भी जुड़ी हैं. मेरे लिए यह फिल्म एक आध्यात्मिक यात्रा जैसी है, जो दो अलग-अलग जातियों से आने वाले किरदारों के प्रेम को बेहद संवेदनशीलता के साथ दर्शाती है. मुझे लगा कि इस कहानी में कुछ कहने लायक है, कुछ महसूस करने लायक है और यही बात मुझे इससे जुड़ने के लिए प्रेरित कर गई.

**सवाल.** क्या आज के युवा दर्शक इस कहानी से जुड़ पाएंगे?

बिलकुल! मैं तो यह पूरे विश्वास के साथ कहूंगा कि 'धड़क-2' हर उस युवा की कहानी है, जो अपने सपनों



को हकीकत में बदलने के लिए कठिन रास्तों से गुजरता है. यह सिर्फ एक प्रेम कथा नहीं, बल्कि एक ऐसे सफर की झलक है, जो भारत के लाखों युवाओं के दिल की बात कहती है. जब कोई युवा अपने गांव या छोटे कस्बे से बड़े शहर की ओर कदम बढ़ाता है, तो उसके भीतर ढेर सारी उम्मीदें और एक नया जीवन गढ़ने का जुनून होता है. वो यह उम्मीद करता है कि उसकी पहचान, उसकी जाति या उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि उसके लिए कोई बाधा नहीं बनेगी. वह चाहता है कि उसे एक इंसान की तरह देखा जाए, उसकी काबिलियत और भावनाओं को समझा जाए, ना कि उसे उसके नाम या ठिकाने से परिभाषित किया जाए. यह फिल्म उन्हीं जज़्बातों, संघर्षों और सवालों का आइना है. इसमें न केवल प्रेम की मासूमियत है, बल्कि उस सामाजिक ढांचे की जटिलताएं भी हैं, जो अक्सर इंसानों को बाँटने का काम करती हैं. मुझे लगता है कि आज का युवा इन विषयों को लेकर बेहद जागरूक है. वह समानता और सम्मान की तलाश में है, और यही वजह है कि मुझे पूरा भरोसा है कि यह फिल्म उनके दिल को छुएगी. 'धड़क-2' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक भावनात्मक और सामाजिक दस्तावेज़ है, जिसमें हर संवेदनशील दर्शक खुद को खोज पाएगा.

**सवाल.** क्या आपने कभी थिएटर भी किया है?

स्कूल के दिनों में मैंने कुछ थिएटर परफॉर्मेंस जरूर की थीं, लेकिन वो काफी सीमित थीं. मैंने बहुत ज़्यादा मंच पर अभिनय नहीं किया. सच कहूं तो, उस समय मुझे कभी यह एहसास नहीं हुआ था कि मैं एक दिन अभिनेता बन जाऊंगा. हां, मुझे नई चीज़ों को आज़माने और खुद को चुनौती देने में हमेशा मज़ा आता रहा है. यही उत्सुकता शायद धीरे-धीरे मुझे अभिनय की ओर ले आई.

**सवाल.** आज के समय में 'आदर्श प्रेम कहानी' जैसी कोई चीज मौजूद है?

मेरे लिए तो आदर्श प्रेम कहानी की तलाश आज भी जारी है. मैं हमेशा से इस बात में विश्वास करता आया हूं कि प्यार इस दुनिया की सबसे खूबसूरत और ज़रूरी भावना है, इसके बिना जीवन कहीं न कहीं अधूरा लगता है. ज़रूरी नहीं कि पहला प्यार ही आखिरी या सच्चा हो. कई बार हम ज़िंदगी में अलग-अलग लोगों से मिलते हैं, उनसे कुछ अनुभव लेते हैं, और फिर कहीं जाकर कोई ऐसा मिलता है जो वाकई हमारे लिए बना होता है, जो हमें पूरी तरह समझता है और स्वीकार करता है.आज की पीढ़ी को चाहिए कि वो प्रेम को केवल एक भावना नहीं, बल्कि एक ज़िम्मेदारी और एक यात्रा के रूप में समझे. उसे निभाना आना चाहिए, सच्चे मन से, ईमानदारी से. मेरा मानना है कि अगर आप खुद के प्रति सच्चे हैं, अपनी भावनाओं के प्रति ईमानदार हैं, तो सच्चा प्यार एक न एक दिन ज़रूर आपकी ज़िंदगी में दस्तक देगा. मैं इसी सोच में यकीन करता हूं और आज भी उसी प्यार की राह देख रहा हूं, जो सिर्फ दिल से जुड़ता है, किसी शर्त या स्वार्थ के बिना.

## सन ऑफ सरदार-2 की हिट की राह में रोड़ा बनी सैयारा




अहान पांडे और अनीत पड्डा जैसे नए चेहरों से सजी 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसी तूफानी दस्तक दी कि किसी को इसकी उम्मीद नहीं थी. फिल्म ने रिलीज होते ही तहलका मचा दिया और इसकी जबरदस्त सफलता को देखते हुए अजय देवगन तक को अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सन ऑफ सरदार-2' की रिलीज डेट आगे खिसकानी पड़ी. अब जब 'सैयारा' का जलवा कायम है, तो एक अगस्त को तय की गई नई रिलीज डेट पर भी असमंजस के बादल मंडराने लगे हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो अजय देवगन और उनकी टीम की योजना 'सन ऑफ सरदार-2' को देशभर में लगभग 3,500 स्क्रीन्स पर रिलीज करने की थी. लेकिन अब यह आंकड़ा घटकर 2,500 स्क्रीन्स तक सिमटने की आशंका जताई जा रही है. इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह है 'सैयारा' और 'महावतार नरसिम्हा' जैसी फिल्मों का ज़बरदस्त प्रदर्शन. दोनों ही फिल्में फिलहाल बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही हैं और थिएटर मालिकों को अच्छा मुनाफा दे रही हैं. ऐसे में सिनेमाघर इन्हें हटाने के मूड में फिलहाल नहीं हैं, जिससे अजय की फिल्म की स्क्रीन शेयरिंग पर सीधा असर पड़ सकता है. सूत्रों की मानें तो 'सन ऑफ सरदार-2' के डिस्ट्रीब्यूटर्स की मांग है कि फिल्म को कुल शो टाइमिंग्स का 60 प्रतिशत हिस्सा मिले, लेकिन थिएटर मालिक इस पर पूरी तरह सहमत नहीं हैं. फिलहाल, अधिकतर सिंगल स्क्रीन सिनेमाघर सिर्फ दिन में दो शो देने को तैयार हैं, जबकि नॉन-नेशनल चेन सिनेमा हॉल्स भी इसी दिशा में झुकते नजर आ रहे हैं.

**फिल्मी खबर**

## फरहान की फिल्म में नजर आएंगे सनी देओल



'गदर-2' की सफलता के बाद सनी देओल ने फिर बॉलीवुड में दबदबा साबित कर दिया है. अब वह एक के बाद एक बड़े प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनते जा रहे हैं. वह नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में हनुमान की भूमिका निभा रहे हैं और जल्द ही 'बॉर्डर-2' में भी नजर आने वाले हैं. सनी ने अब फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी की 'एक्सेल एंटरटेनमेंट' के साथ हाथ मिलाया है. वह इस बैनर के तहत एक एक्शन थ्रिलर फिल्म में नजर आएंगे. सनी देओल पहली बार फरहान और रितेश सिधवानी की प्रोडक्शन कंपनी एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ काम करने जा रहे हैं. दोनों पक्षों के बीच इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी, जो अब फाइनल हो गई है. यह एक बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी, जिसकी कहानी सनी को काफी पसंद आई है. उन्होंने फिल्म के लिए हामी भर दी. फिल्म में उनका किरदार दमदार होगा. तमिल फिल्मों में सहायक निर्देशक के रूप में काम कर चुके बालाजी को इस एक्शन थ्रिलर फिल्म के निर्देशन की कमान सौंपी जा सकती है. अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा, तो फिल्म की शूटिंग दिसंबर 2025 तक शुरू होने की संभावना है. सनी की कई बड़ी फिल्में भी लाइन में हैं. वह वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी के साथ 'बॉर्डर-2' में नजर आएंगे, जो 3 जनवरी, 2026 को रिलीज़ होगी.




आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. मान-सम्मान में वृद्घि होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी. कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. शुभांक-5-6-9

**वृष :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें. वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा. किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव. सुख आरोग्य प्रभावित होगा. प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा. शुभांक-2-6-8

**मिथुन :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे. सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. यात्रा शुभ रहेगी. अपने काम पर पैनी नजर रखिए. विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा. शुभांक-4-7-9

**कर्क :** लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे. परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए. यात्रा शुभ रहेगी. शुभांक-1-3-5

**सिंह :** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे. आलस्य का त्याग करें. पुरुषार्थ का सहारा लें. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा. शुभांक-2-6-8

**कन्या :** विवाद समाप्त होंगे. शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा. परेशानियां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होंगी. अध्ययन में रुचि पैदा होगी. अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. स्वविवेक से कार्य करे. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. शुभांक-3-7-8

**तुला :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. बुरी संगति से बचें. नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक :** आवेश में आना आपके हित में नही होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा. बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी. सलाह उपयोगी सिद्घ होगी. विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी. शुभांक-5-6-8

**धनु :** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. आलस्य का त्याग करें. कार्यसिद्घि होने में देर नहीं लगेगी. आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा. शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा. शुभांक-2-6-8

**मकर :** समय पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. पुराने मित्र से मिलन होगा. स्वविवेक से कार्य करें. शुभांक-4-6-7

**कुंभ :** मेहमानों का आगमन होगा. राजकीय कार्यों से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. विद्यार्थियों को लाभ. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. शुभांक-3-5-8

**मीन :** जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. एकाकी वृत्ति त्यागें. हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे. साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा. इच्छित कार्य सफल होंगे. जीवन जीने का नाम, चलते रहो सुबहो शाम शुभांक-2-5-7



# मत्स्य पालन आजीविका का बेहतर जरिया

आज भारत मत्स्य उत्पादक देश के रूप में उभर रहा है। एक समय था, जब मछलियों को तालाब, नदी या सागर के भरोसे रखा जाता था। बदलते वैज्ञानिक परिवेश में इसके लिए कृत्रिम जलाशय बनाए जा रहे हैं, जहां वे सारी सुविधाएं उपलब्ध होती हैं जो प्राकृतिक रूप में नदी, तालाब और सागर में होती हैं। छोटे शहरों और गांवों के वे युवा, जो कम शिक्षित हैं वे भी मछली पालन उद्योग लगा कर अच्छी आजीविका अर्जित कर सकते हैं। देश के लाखों लोगों का चूल्हा इसी उद्योग से जलता है। मछली पालन उद्योग ज्यादातर तटीय इलाकों पर ही फलता-फूलता है।

### आर्थिक सुदृढ़ता में सहायक

मत्स्य पालन ने वर्ष 2008 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 1 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया। भारत में मछली पकड़ने के व्यवसाय में लगभग 14.5 लाख लोग जुड़े हुए हैं। विश्व के लगभग आधे देश भारत में पैदा होने वाली मछली का उपभोग करते हैं। इस प्रकार यह उद्योग आर्थिकी को सुदृढ़ करने के साथ-साथ रोजगार भी देता है। पिछले कुछ दशकों के दौरान भारतीय मत्स्य पालन और जलीय कृषि शिल्प में सुधार देखा गया है। मछली पकड़ने से आर्थिक लाभ के लिए भारत सरकार ने विशेष आर्थिक पैकेज अपनाया है। इसके लिए हिंद महासागर का 370 किलोमीटर और 2 लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक का क्षेत्र इसमें शामिल किया गया है।

### प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान

- अंतरदेशीय मत्स्य संस्थान, केरल
- केंद्रीय संस्थान मत्स्य प्रौद्योगिकी, कोच्चि
- केंद्रीय मत्स्य समुद्री और इंजीनियरिंग प्रशिक्षण संस्थान जुहु, मुंबई
- मत्स्य पालन केंद्रीय तटीय इंजीनियरिंग संस्थान, बंगलूर
- सेंट्रल इनलैंड फिशरीज रिसर्च इंस्टीच्यूट बैरकपुर, कोलकाता
- सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कोचीन
- सेंट्रल इंस्टीट्यूट फ्रेश वाटर एक्वाकल्चर भुवनेश्वर, ओडिशा
- डायरेक्टरेट ऑफ कोल्ड वाटर फिशरीज रिसर्च इंस्टीच्यूट भीमताल, उत्तराखंड
- पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, लुधियाना
- इसके अलावा भारत में 19 मत्स्य पालन से संबंधित कालेज हैं और एक मत्स्य पालन विश्वविद्यालय (सीआईएफई) इस क्षेत्र में प्रचार-प्रसार कर रहा है।

### शैक्षणिक योग्यता

मत्स्य पालन में तकनीकी ज्ञान का विशेष महत्व होता है। तकनीकी कौशल का होना अनिवार्य है, लेकिन अगर अभ्यर्थी ने बीएससी मेडिकल साइंस अथवा जूलॉजी जैसे विषयों में विधिवत शिक्षा प्राप्त की हो तो सुविधा रहती है। इस क्षेत्र में डीएफएसए और एमएससी की डिग्री भी होती है।

### वेतनमान

मत्स्य पालन में आमदनी इस बात पर निर्भर करती है कि आपने मछली पालन को किस स्तर पर अपनाया हुआ है और किस प्रजाति की मछली को पालन के लिए चुना है। वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन करने पर प्रति महीने एक लाख तक आमदनी हो सकती है।

### चुनौतियां कम नहीं

इस व्यवसाय से जुड़े लोग जोखिम भरी जिंदगी जीते हैं। समुद्र की लहरों से जूझने का जज्बा रखने वाले लोग ही इस करियर में कामयाब होते हैं। कभी-कभी तो ऐसे समाचार भी सुनने को मिलते हैं कि पाकिस्तान या दूसरे किसी देश ने हमारे मछुआरों को कैद कर लिया यानी कि मछली पकड़ते हुए दूसरे देश की हद में निकल जाते हैं और फिर घुसपैठ का आरोप लगाकर दूसरे देश द्वारा गिरफ्तार कर लिए जाते हैं। इस क्षेत्र में अपना रोजगार शुरू करने वाले को तालाब बनाने पर काफी खर्च करना पड़ता है। कभी-कभी तो कर्ज लेने की नौबत भी आ जाती है। इसके अलावा कई बार मछलियां किसी बीमारी का शिकार हो जाती हैं, तो फिश फारम चलाने वालों को बड़ा आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ता है।



# इमिटेशन ज्वेलरी उद्योग का अच्छा पर्याय

**आजकल इमिटेशन ज्वेलरी ने 9 हजार करोड़ के उद्योग की सीमा लांघ ली है। अमीर लोगों में इमिटेशन ज्वेलरी का ट्रेंड इन दिनों बहुत बढ़ा है। इसलिए इस क्षेत्र में भी कॅरियर की संभावनाएं बढ़ गई हैं।**

आजकल इमिटेशन ज्वेलरी ने 9 हजार करोड़ के उद्योग की सीमा लांघ ली है। अमीर लोगों में इमिटेशन ज्वेलरी का ट्रेंड इन दिनों बहुत बढ़ा है। इसलिए इस क्षेत्र में भी कॅरियर की संभावनाएं बढ़ गई हैं। इस क्षेत्र में अब प्रीमियम क्वालिटी रेंज आ गई है जिसमें गोल्ड, सिल्वर व प्लेटिनिम ज्वेलरी का समावेश है। इस क्षेत्र की विशेषता यह है कि इसके सभी प्रोडक्ट्स, फैंसी होने के कारण मटेरियल को बहुत ज्यादा महत्व न होकर सारा फोकस फैशन, पॉलिश व फिनिशिंग पर बहुत ज्यादा होता है। इस कारण इस इमिटेशन ज्वेलरी उद्योग में मार्जिन ऑफ प्रॉफिट भी बहुत है।

सोने की दिनोंदिन बढ़ती कीमतें, चोरी के डर के चलते इस इमिटेशन ज्वेलरी का बिजनेस बहुत लोकप्रियता हासिल कर रहा है। हर व्यक्ति अपना कॅरियर बनाना चाहता है आवश्यकता होती है अच्छा और दमदार पर्याय ढूंढ़ निकालने का। आजकल इमिटेशन ज्वेलरी ने 9 हजार करोड़ के उद्योग की सीमा लांघ ली है। अमीर लोगों में इमिटेशन ज्वेलरी का ट्रेंड इन दिनों बहुत बढ़ा है। इसलिए इस क्षेत्र में भी कॅरियर की संभावनाएं बढ़ गई हैं। आजकल इस युग में नकली का बोलबाला है। असली कुछ मिलता ही नहीं। यहां तक कि जहर भी नकली आने लगा है। खाने के बाद भी आदमी जिन्दा बच जाता है।



इस क्षेत्र में अब प्रीमियम क्वालिटी रेंज आ गई है जिसमें गोल्ड, सिल्वर व प्लेटिनिम ज्वेलरी का समावेश है। इस क्षेत्र की विशेषता यह है कि इसके सभी प्रोडक्ट्स, फैंसी होने के कारण मटेरियल को बहुत ज्यादा महत्व न होकर सारा फोकस फैशन, पॉलिश व फिनिशिंग पर बहुत ज्यादा होता है। इस कारण इस इमिटेशन ज्वेलरी उद्योग में मार्जिन ऑफ प्रॉफिट भी बहुत है। सोने की दिनोदिन बढ़ती कीमतें, चोरी के डर के चलते इस इमिटेशन ज्वेलरी का बिजनेस बहुत लोकप्रियता हासिल कर रहा है। अब समाज का हर वर्ग न सिर्फ धनी और उच्च बल्कि मध्यम वर्ग भी इस तरफ आकर्षित होने लगा है। इस व्यवसाय में खास धूम मचाने वाले पूरे विश्व में सिर्फ दो ही देश हैं- पहला भारत और दूसरा चीन।

इस इमिटेशन ज्वेलरी के निर्माण में चीन पहले क्रमांक पर है। भारत में इस व्यवसाय में 900 हजार करोड़ का लेन-देन होता है और लगभग पांच लाख लोगों को इस क्षेत्र में रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है। परन्तु बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि बीते दो सालों में चीन ने भारत से 30 प्रतिशत व्यवसाय छीन लिया है। इस प्रकार का कब्जा भारत में इमिटेशन ज्वेलरी के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकता है। इमिटेशन ज्वेलरी के आन-लाइन विक्रय का प्रतिशत मात्र एक है। अभी इसमें काफी सुधार लाने की आवश्यकता है। अनुमानतः इस उद्योग को घरेलू उद्योग में गिना जा सकता है। क्योंकि 20 से 30 लाख तक का रॉ मटेरियल लाकर घर में ही चार-पांच महिलाएं मिलकर ज्वेलरी का काम शुरू कर सकती हैं। इस ज्वेलरी का निर्यात कर पाना भी संभव हो सकेगा। जब उसके निर्माण में नए-नए डिजाइन का इस्तेमाल करें। इस उद्योग में हर साल 20 प्रतिशत की वृद्धि भी संभव हो सकती है। यदि हम भारत की ही बात करें तो सिर्फ महानगरी मुंबई में ही तीन हजार से अधिक उद्योजक इस व्यवसाय से जुड़े हैं।

ये सभी व्यवसायी उत्पादन, ट्रेडिंग निर्यात प्रोसेसिंग, रॉ मटेरीयल इत्यादि क्षेत्रों से जुड़े हैं। इन सब का टर्न ओव्हर से 1 लेकर 50 करोड़ तक का है। मुंबई की तर्ज पर ही यह उद्योग गुजरात और राजस्थान में भी फल-फूल रहा है। यदि उद्योजकों ने नई कनीक का लाभ उठाते हुए ई-कामर्स के माध्यम से पूरे विश्व में ज्वेलरी का विक्रय किया तो वो दिन दूर नहीं जब इस इमिटेशन ज्वेलरी का ग्राहक हाथों हाथ झेल लेगा। इस व्यवसाय को यदि आज का तरुण वर्ग या तरुणियां अपनाना चाहती हैं तो उन्हें पांच कामगार 500 वर्गफुट जगह, ई-कामर्स वेबसाईट का ज्ञान और मार्केटिंग का टेक्ट मालूम होना आवश्यक है।

### कम लागत

इस व्यवसाय को शुरू करने के लिए लागत (कैपिटल) 20 से 30 लाख रुपए अनुमानित हो सकती है। इस ज्वेलरी में 20 से 25 प्रतिशत नफा सहज रूप से प्राप्त किया जा सकता है। यह व्यवसाय अच्छा चल जाए तो लागत को देखते हुए एक साल में एक कोटि तक पहुंचा सकता है। इमिटेशन ज्वेलरी का मार्केट, यूरोप, अफ्रीका, अमेरिका और एशियाई देशों में बहुत बड़े प्रमाण पर होता है। यदि युवाओं ने मेहनत और लगन के साथ व्यवसाय किया तो न सिर्फ यह शहरों तक सीमित रहेगा बल्कि गांव, कस्बों तक फैलाया जा सकता है। इस उद्योग के शुरू होने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सकते हैं। हम चाहेंगे युवा बेझिझक इस क्षेत्र में आएं। अच्छा कैरियर बनाएं, नाम कमाएं, निर्णय उन्हें लेने दें।

### कोर्स के दौरान

तेजी से बढ़ते इस क्षेत्र की डिमांड लोगों को इसमें करियर बनाने के लिए आकर्षित कर रही है। ज्वेलरी डिज़ाइन कोर्स के दौरान अलग-अलग पत्थरों, ज्वेलरी बनाने में कलर कॉम्बिनेशन, डिज़ाइन थीम, प्रेज़ेंटेशन, फ्रेमिंग, कॉस्ट्म ज्वेलरी आदि सिखाया जाता है।

### तकनीकी शिक्षा

ज्वेलरी डिज़ाइन कोर्स के दौरान कम्प्यूटर एडेड ज्वेलरी सॉफ्टवेयर, जैसे- ज्वेल कैड, ऑटो कैड, 3 डी स्टुडियो आदि के बारे में टेक्निकल नॉलेज भी दिया जाता है। इसके साथ ही फोटोशॉप, कोरल ड्रॉ, वेट एंड मेटल कम्पोजिशन के बारे में भी बताया जाता है।

### प्रमुख संस्थान

- जैमोलॉजी इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, मुंबई।
- सेंट जेवियर्स कॉलेज, मुंबई।
- जैमस्टोन्स आर्टिसन्स ट्रेनिंग स्कूल, जयपुर।
- इंडियन जैमोलॉजी इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली।
- जैम एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, जयपुर।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली।
- ज्वेलरी डिज़ाइन एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट, नोएडा।
- एसएनडीटी यूनिवर्सिटी, मुंबई।



## ग्लोबल मार्केट और फैशन के प्रति रुचि होना बहुत ज़रूरी

ज्वेलरी डिज़ाइन में करियर बनाने के लिए सबसे पहले इस क्षेत्र के प्रति लगाव और ज्वेलरी डिज़ाइन का सेंस होना बहुत ज़रूरी है। इसके साथ ही क्रिएटिव, कल्पनाशील, न्यू ट्रेंड का सेंस, फैशन सेंस आदि के साथ मेहनती होना बहुत आवश्यक है। ज्वेलरी डिज़ाइन में करियर बनाने की सोच रहे हैं, तो धैर्य को अपना साथी बना लें। इस काम में ईमानदारी भी बहुत ज़रूरी होती है। खासतौर पर अगर आप किसी गोल्ड, डायमंड जैसी धातुओं से ज्वेलरी बनाने में लगे हैं, तो थोड़ी सी भी लापरवाही आपके व्यक्तित्व पर प्रश्न चिह्न लगा सकती है। ग्लोबल मार्केट और फैशन के प्रति रुचि होना बहुत ज़रूरी है।

### रोजगार के अवसर

ज्वेलरी डिज़ाइन में आगे बढ़ने के लिए बहुत स्कोप है। कोर्स करने के बाद आप फुल टाइम किसी कंपनी के साथ जुड़कर काम शुरू कर सकते हैं। ज्वेलरी डिज़ाइन हाउस, एक्सपोर्ट हाउस, फैशन हाउस आदि जगहों पर आप काम शुरू कर सकते हैं। इसके साथ ही अगर आप आर्थिक रूप से मज़बूत हैं, तो ऑफिस-कम होम से भी काम शुरू कर सकते हैं। घर से काम शुरू करने के कई फायदे होते हैं। घर के काम के अलावा आप अपने करियर को भी संवार सकते हैं। इतना ही नहीं दिन में किसी ऑफिस में काम करके आप घर पर पार्ट टाइम इस काम को जारी रख सकते हैं। आप अगर किसी कंपनी से फुल टाइम नहीं जुड़ना चाहते तो फ्रीलांस के तौर पर काम शुरू कर सकते हैं। इससे आप मनमुताबिक पैसा कमा सकते हैं।



# खुद को दूसरे से कम न आंकिए

सफलता का पहला मंत्र है प्रयत्न करना। यदि आप प्रयत्न करने को तत्पर हो जाते हैं, तो आधी सफलता तो आपको मिल गई समझो। कहा भी तो है कि अच्छी शुरुआत यानी आधी सफलता। सफलता का दूसरा मंत्र है कि अपने मन में हीन भावना न आने दें।

सफलता मिलने की आशा नहीं है, तो इस का मतलब यह नहीं कि कोशिश ही न करें। असफलता मिलने की उम्मीद के कारण कोई कार्य ही न करें। कार्य करें और अपनी ओर से पूर्ण मेहनत के साथ कार्य करें। पर अगर मन में जरा-सी भी शंका हो तब उस शंका का निवारण जरूरी है। दरअसल प्रयत्न और भीतर की आवाज सुनने में एक तरह से संतुलन बैठाना होता है और जिसने सही तरीके से संतुलन बिठा लिया, उसकी सफलता की दर बढ़ने की संभावना रहती है, क्योंकि वह अपनी गलतियों को स्वयं के सामने रखने का माद्दा रखता है। कई बार ऐसा होता है कि स्टूडेंट्स दूसरों के ओपिनियन के आधार पर अपने बारे में गलत राय बना लेते हैं। याद रखिए जो कामयाब हैं वे इसलिए कि वे अपने को किसी से कम नहीं आंकते। वे हमेशा अपनी बेहतर चीजों पर फोकस करते हुए अपना सेल्फ कान्फिडेंस बढ़ाते रहते हैं और अपनी पर्सनैलिटी को चमकाते रहते हैं। इसलिए अपने भीतर झांकिए और दूसरों से अपने को बिलकुल कम मत आंकिए कई स्टूडेंट्स इस प्रॉब्लम से जूझते दिखाई देते हैं। न तो उनका फिजिकल अपीयरेंस अच्छा है न उनकी चाल न उनकी आवाज अच्छी है और न एटीच्यूड। वे दूसरों की धारणा पर अपने बारे में राय बना लेते हैं और परेशान रहते हैं। वे अपनी स्टडी, कैरियर और लाइफ से नाखुश रहते हैं। इसलिए वे कोशिश करते हैं कि वे कुछ और हो जाएं। कामयाब होने की पहली सीढ़ी है अपने को स्वीकार करना, अपने को प्यार करना और अपनी गलतियों को भुला देना। इसकी आज से ही शुरुआत कर दीजिए। यहां दी जा रही कुछ टिप्स को अपनाएं और आगे बढ़ जाएं। गौरतलब है कि सबसे पहली बात तो यह है कि अपने बारे में तमाम नापसंद बातों को भूल जाएं। आपको लगता है कि न तो आप स्मार्ट हैं और न ही हंबल, यह सब निगेटिव थिंकिंग का रिजल्ट है। इसलिए अपने बारे में अच्छी बातें सोचिए। अपने बारे में दूसरों की राय को ज्यादा महत्व मत दीजिए और अपने को सफल होते देखने की आदत डालिए।



आत्मविश्वास बढ़ाने का एक आसान और सहज तरीका है अपने को आईने में देखना। आईने के समाने खड़े होकर अपने से लगातार कहते रहिए कि आप यूनिक हैं, हैंडसम हैं या ब्यूटीफुल हैं। सेल्फ कान्फिडेंस हासिल करने के बाद उस तरफ बढ़ने की कोशिश करिए, जो आप हासिल करना चाहते हैं। अपने बारे में तमाम अच्छी बातें या अपनी क्वालिटीज को लिख लें और कमजोरियों को भी लिख लें। यदि आपको लगता है कि आप जल्द ही इमोशनल हो जाते हैं या हर्ट हो जाते हैं तो उसकी जड़ों को समझने की कोशिश करिए। इससे आप अपने ही बारे में बेहतर अंडरस्टैंडिंग बना पाएंगे। दुनिया में तमाम ऐसे उदाहरण हैं कि जिनके पास खूब पैसा और शोहरत थी, लेकिन वे कभी अपनी जिंदगी में खुश नहीं रह पाए। जाहिर है खुशी बाहर नहीं, भौतिक सुख-सुविधाओं में नहीं। यह पूरी तरह आप पर निर्भर है कि आप खुश रहना चाहते हैं कि दुखी। इसलिए अपने भीतर सदा ब्रीनर साइड ही देखें। अपने बारे में हमेशा सकारात्मक सोचें। क्योंकि आपकी सोच ही आपकी जिंदगी का आईना होती है। मनुष्य जैसा सोचता है, वैसा ही बन जाता है। तो क्यों न ऐसा सोचा जाए कि आप अच्छे बन जाएं। नकारात्मक सोच आपको असफलता के धुंधलके में ले जाती है। कोई आपको लाख सलाह दे, पर जब तक आप स्वयं अपने मन को नकारात्मक सोचने से मना नहीं करेंगे, तब तक कुछ नहीं होगा। सफलता का सफर सकारात्मकता से शुरू हो कर उपलब्धियों पर आकर खत्म होता है और असफलता का तो कोई सफर ही नहीं होता। असफलता खुद-ब खुद आपके द्वार आ जाती है। और यदि आप कुछ करें तो यही असफलता सफलता में तब्दील हो सकती है। सफलता का पहला मंत्र है प्रयत्न करना। यदि आप प्रयत्न करने को तत्पर हो जाते हैं, तो आधी सफलता तो आपको मिल गई समझो। कहा भी तो है कि अच्छी शुरुआत यानी आधी सफलता। सफलता का दूसरा मंत्र है कि अपने मन में हीन भावना न आने दें। अपने को दूसरों से हमेशा बेहतर समझें। आप यह मानकर चलें कि जो काम आप कर सकते हैं, वह कोई दूसरा नहीं कर सकता। आप अपने आप को इस विश्व का अद्वितीय इनसान समझें। यह धारणा आप में आत्मविश्वास पैदा करेगी। ध्यान रहे कि इस दरमियान अपने ऊपर अभिमान को हावी न होने दें। क्योंकि यदि आप के मन में अहंकार घर कर गया तो आप सब कुछ गवा बैठेंगे।

प्रीमियर लीग : मैनचेस्टर यूनाइटेड ने बोर्न माउथ को 4-1 से पराजित किया

## वेस्ट हैम ने एवर्टन को 2-1 से दी मात

एजेंसी। शिकागो



मैनचेस्टर यूनाइटेड ने प्रीमियर लीग समर सीरीज़ के तहत भारतीय समयानुसार गुरुवार को शिकागो के सोल्जर फील्ड स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बोर्नमाउथ को 4-1 से हराकर टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की.रुबेन आमोरिम की टीम की ओर से रासमुस होयलुंड, पैट्रिक डॉर्गू, अमाद डायलो और युवा खिलाड़ी ईथन विलियम्स ने गोल दागे. यूनाइटेड ने इससे पहले शनिवार को वेस्ट हैम को 2-1 से हराया था.बारिश और तेज हवाओं के बीच खेले गए मुकाबले में यूनाइटेड ने आठवें ही मिनट में बढ़त बना ली जब डॉर्गू के शानदार क्रॉस पर होयलुंड ने हेडर से गोल किया. 25वें मिनट में डॉर्गू ने खुद गोल कर यूनाइटेड की बढ़त 2-0 कर दी.

मेसन माउंट की फ्री-किक पर गेंद को कंट्रोल कर उन्होंने बोर्नमाउथ के गोलकीपर डजॉर्ज पेट्रोविच को छकाते हुए गेंद को गोल में पहुंचाया.दूसरे हाफ के 53वें मिनट में अमाद डायलो ने तीसरा गोल किया. फिर 70वें मिनट में आमरोजिन

ने नौ बदलाव किए और इसके दो मिनट बाद ही सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी ईथन विलियम्स ने लो शॉट के जरिए चौथा गोल किया.हालांकि 88वें मिनट में यूनाइटेड के लिए एकमात्र निगेटिव पल तब आया जब डिफेंडर माथायस डी लिट ने आत्मघाती गोल कर दिया, जिससे स्कोर 4-1 हुआ.

**वेस्ट हैम ने एवर्टन को हराया :** दिन के दूसरे मुकाबले में वेस्ट हैम ने पिछड़ने के बावजूद दमदार वापसी करते हुए एवर्टन को 2-1 से शिकस्त दी.एवर्टन के लिए इद्रिसा गुये ने 17वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई. लेकिन हाफ टाइम से ठीक पहले ब्राजील के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लुकास पकेटा ने बराबरी का गोल दागा.फिर जर्मनी के निक्लास फुल्क्रुग ने 64वें मिनट में गोल कर वेस्ट हैम को निर्णायक बढ़त दिला दी.एवर्टन के लिए यह प्री-सीजन में लगातार दूसरी हार रही. इससे पहले उन्हें बोर्नमाउथ के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था.मैच के बाद एवर्टन के कोच डेविड मोयस ने कहा, "मैं ज्यादा चिंतित नहीं हूं क्योंकि मेरे पास वो खिलाड़ी ही नहीं हैं जिनकी मुझे ज़रूरत है. हम पहले से जानते थे कि यहां हमें मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा. इस समय हम न तो इस टूर्नामेंट के लिए तैयार हैं और न ही प्रीमियर लीग सीज़न की शुरुआत के लिए."

**अंतिम मुकाबले रविवार को :** यह चार टीमों का टूर्नामेंट रविवार को अटलांटा में समाप्त होगा, जिसमें मैनचेस्टर यूनाइटेड का सामना एवर्टन से और वेस्ट हैम का मुकाबला बोर्नमाउथ से होगा.

## जूल्स कौंडे ने क्लब के साथ 2030 तक के लिए किया नया करार

एजेंसी। सियोल



एफसी बार्सिलोना के डिफेंडर जूल्स कौंडे ने बुधवार को पुष्टि की कि उन्होंने क्लब के साथ 2030 तक के लिए एक नया पांच वर्षीय अनुबंध कर लिया है. हालांकि क्लब की ओर से अब तक इस खबर की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन कोरियाई दौरे के दौरान फ्रेंच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने मीडिया से बात करते हुए यह जानकारी दी.कौंडे ने कहा, अनुबंध से जुड़ी सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. अब यह सिर्फ कुछ दिनों की बात है जब इसे औपचारिक रूप से घोषित किया जाएगा.

उन्होंने यह भी जोड़ा कि वह इस तेज़ी से हुई बातचीत से ₹बहुत खुश₹ हैं.उन्होंने आगे कहा, बार्सिलोना और मेरी सोच एक जैसी रही है. मैं इस टीम का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं. यह एक महत्वाकांक्षी क्लब है और हम हर साल खिताब के लिए लड़ सकते हैं. गौरतलब है कि कौंडे ने पिछले सीजन कोपा डेल रे फाइनल में रियल मैड्रिड के खिलाफ निर्णायक गोल किया था जिससे बार्सिलोना को जीत मिली थी. 26 वर्षीय जूल्स कौंडे ने 2022 में सेविया से बार्सिलोना में कदम रखा था और अब तक क्लब के लिए 141 मैचों में सात गोल कर चुके हैं. शुरुआत में उन्हें सेंटर-बैक के तौर पर साइन किया गया था, लेकिन हाल के सीज़न में उन्होंने राइट-बैक के तौर पर भी खुद को साबित किया है.

### पूर्व 100 मीटर विश्व चैंपियन फ्रेड केरली प्रतियोगिता से बाहर




**यूजीन ।** पूर्व 100 मीटर विश्व चैंपियन फ्रेड केरली ने इस सप्ताह ओरेगन में होने वाली यूएस ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है, जिससे अब वह सितंबर में टोक्यो में होने वाली वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में हिस्सा नहीं ले पाएंगे.2022 में विश्व चैंपियन रह चुके और दो बार के ओलंपिक 100 मीटर पदक विजेता केरली ने सोशल मीडिया पर अपने नाम वापसी की जानकारी दी.उन्होंने लिखा, 100 मीटर दौड़ एक सीधी स्प्रिंट होनी चाहिए. 2025 ने कई बाधाएं पेश की हैं. अब कुछ समय ट्रैक पर वापसी के लिए ले रहा हूं. इस साल कोई चैंपियनशिप नहीं. सभी समर्थकों का धन्यवाद.30 वर्षीय केरली ने टोक्यो ओलंपिक में 100 मीटर में रजत पदक और 2024 पेरिस में कांस्य पदक जीता था.2022 में उन्होंने यूजीन स्थित हेवर्ड फील्ड में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था-यही स्टेडियम इस वर्ष की यूएस चैंपियनशिप का भी आयोजन स्थल है, जो विश्व चैंपियनशिप के लिए ट्रायल्स का कार्य भी करती है.केरली ने मई में 100 मीटर दौड़ में 9.98 सेकंड का समय निकाला था, जो कि एक प्रभावशाली प्रदर्शन माना गया. हालांकि, उनका यह सीजन ट्रैक से बाहर की विवादों से प्रभावित रहा है.मई की शुरुआत में उन्हें मायामी में ग्रैंड स्लैम ट्रैक मीटिंग से पीछे हटना पड़ा था, जब बैटरी (हिंसा) के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया गया था.

टोरंटो ओपन : बेन शेल्टन ने एड्रियन मन्नारिनो को हराया

## हार्ड कोर्ट पर रुबलेव ने ह्यूगो गैस्टन को हरा कर 250वीं जीत दर्ज की



एजेंसी। टोरंटो

बेन शेल्टन ने कैनेडियन ओपन के अपने पहले मैच में एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया. शेल्टन ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी 25वीं जीत दर्ज की. 22 वर्षीय बेन शेल्टन फिलहाल पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर हैं. वह पिछले 10 में से 8 मुकाबले जीत चुके हैं.चौथे वरीय अमेरिकी खिलाड़ी ने एटीपी स्टैट्स के अनुसार अपने पहले सर्व पर 90 प्रतिशत (28 में से 31) अंक जीते और जिन दो ब्रेक प्वॉइंट्स का सामना किया, उन्हें भी बचा लिया. इसके साथ ही उन्होंने फ्रेंच खिलाड़ी के खिलाफ एटीपी स्तर पर तीसरे आमने-सामने के मुकाबले में पहली जीत हासिल की. शेल्टन ने मैच के बाद कहा कि आखिरी गेम में थोड़ा तनाव जरूर था, लेकिन मुझे खुशी है कि मैं अंत तक संयमित रहा और ब्रेक प्वॉइंट पर भी सर्व करते हुए मैच को खत्म कर पाया. अब शेल्टन का अगला मुकाबला 25वें वरीय ब्रैंडन नकाशिमा से होगा, जिन्होंने हमवतन खिलाड़ी एथन क्विन को 7-6(6), 6-4 से हराया. टोरंटो में इस फोर्टनाइट के दौरान शेल्टन अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीतने की कोशिश में हैं.

एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में फिलहाल नौवें स्थान पर हैं. इस साल वह निट्टो एटीपी फाइनल्स में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराने की ओर बढ़ रहे हैं. इससे पहले, आंद्रे रुबलेव ने ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर अपने करियर की 250वीं जीत दर्ज की. 27 वर्षीय रुबलेव ने गैस्टन के खिलाफ 19 विनर्स और 17 अनफोर्स्ड एरर्स के साथ मुकाबला समाप्त किया और तीसरे दौर में प्रवेश किया. छठे वरीय रुबलेव ने पिछले साल इसी एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में फाइनल तक का सफर तय किया, जहां उन्हें एलेक्सी पोपिरिन से हार का सामना करना पड़ा था. इस सीजन का अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश में दोहा ओपन चैंपियन रुबलेव अब 28वें वरीय लोरेंजो सोनेगो से भिड़ेंगे.बुधवार को एक अन्य मुकाबले में कनाडा के गेब्रियल डायलो दूसरी बार मास्टर्स 1000 इवेंट के तीसरे दौर में पहुंच गए. डायलो ने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में 3/5 से वापसी करते हुए माटेओ गिगांटे को 6-3, 7-6(5) से हराया.

### कनाडियन ओपन : विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक तीसरे दौर में

एजेंसी। मॉन्ट्रियल



विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने नेशनल बैंक ओपन (कनाडियन ओपन) के तीसरे दौर में आसानी से प्रवेश किया. खेले गए मुकाबले में उन्होंने चीन की गुओ हानयू को सीधे सेटों में 6-3, 6-1 से हराया. स्वियातेक का यह मुकाबला विंबलडन फाइनल के बाद पहला था, जिसमें उन्होंने अमांडा अनीसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराकर अपना छठा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था. इस जीत के साथ उन्होंने लगातार 24 गेम जीतने का सिलसिला भी जारी रखा.

मैच के बाद स्वियातेक ने कहा- मुझे लगता है कि मैंने आज काफी ठोस खेल दिखाया. हार्ड कोर्ट पर इतने लंबे ब्रेक के बाद खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन मैं खुद पर फोकस कर सकी, परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाल सकी और अच्छा प्रदर्शन किया.दूसरी वरीयता प्राप्त पोलिश स्टार अब शुक्रवार को रूस की अनास्तासिया पावल्युचेनकोवा और जर्मनी की ईवा लिस के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी. अमेरिका की दो बार की डिफेंडिंग चैंपियन जेसिका पेगुला ने भी तीसरे दौर में जगह बनाई. उन्होंने ग्रीस की मारिया सक्कारी को 7-5, 6-4 से हराया.छठी वरीयता प्राप्त अमेरिका की मैडिसन कीज़ ने जर्मनी की लॉरा सीगेमंड को 6-2, 6-1 से पराजित किया. वहीं, जापान की पूर्व विश्व नंबर एक नाओमी ओसाका ने रूस की ल्यूडमिला समसोनोवा के खिलाफ संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की. ओसाका ने 4-6, 7-6 (6), 6-3 से मुकाबला अपने नाम किया.

आईसीसी ने जारी की रैंकिंग : टेस्ट रैंकिंग में जडेजा को बढ़त

## अभिषेक शर्मा टी-20 फॉर्मेट के नंबर-1 बल्लेबाज बन गए

एजेंसी। नई दिल्ली




मैनचेस्टर में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के बाद रवींद्र जडेजा और बेन स्टोक्स ने आईसीसी पुरुष टेस्ट खिलाड़ियों की रैंकिंग में शानदार बढ़त हासिल की है. वहीं, अभिषेक शर्मा टी-20 फॉर्मेट में नंबर-1 बल्लेबाज बन गए. चौथे टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ चार विकेट लेने के बाद जडेजा ने भारत की दूसरी पारी में नाबाद 107 रन बनाए. इसी के साथ जडेजा ने ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली. 422 रेटिंग अंकों के साथ जडेजा ऑलराउंडर्स की लिस्ट में शीर्ष पर बने हुए हैं.

इस लिस्ट में बांग्लादेश के मेहदी हसन (305 रेटिंग अंक) दूसरे पायदान पर हैं. जडेजा बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी पांच पायदान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर, जबकि गेंदबाजों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं. इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स तीन पायदान की छलांग लगाते हुए ऑलराउंडर्स की फेहरिस्त में तीसरे स्थान पर पहुंच गए. यह दिसंबर 2022 के बाद से उनका सर्वोच्च स्थान भी है. चौथे टेस्ट में इंग्लैंड के कप्तान ने 141 रन की पारी खेली थी. इसके अलावा उन्होंने कुल छह विकेट भी झटके. स्टोक्स बल्लेबाजों की सूची में आठ पायदान ऊपर चढ़कर 34वें, जबकि गेंदबाजों की सूची में 45वें से 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं. भारत के ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने दूसरी पारी में नाबाद 101 रन बनाए और जडेजा के साथ पांचवें विकेट के लिए 203 रनों की अटूट साझेदारी करते हुए भारत को टेस्ट ड्रॉ कराने में मदद की. वह बल्लेबाजों की लिस्ट में आठ पायदान ऊपर चढ़कर 65वें स्थान पर पहुंच गए हैं. सुंदर ऑलराउंडर्स की सूची में भी आठ पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं, उन्होंने मैच में दो विकेट भी लिए थे. मैनचेस्टर टेस्ट में जो रूट ने 150 रन की पारी खेली. उसी के साथ बल्लेबाजों की लिस्ट में 904 रेटिंग के साथ शीर्ष पर मजबूती के साथ जमे हुए हैं. सलामी बल्लेबाज बेन डकेट पांच स्थान ऊपर चढ़कर 10वें स्थान, जबकि जैक क्रॉली दो पायदान ऊपर चढ़कर 43वें स्थान पर पहुंच गए. ओली पोप को एक स्थान का फायदा हुआ है. वह 24वें पायदान पर हैं.जोफ्रा आर्चर ने भारत के खिलाफ 73 रन देकर 3 विकेट लिए. वह 38 पायदान की जबरदस्त छलांग लगाते हुए 63वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि क्रिस वोक्स मैच में तीन विकेट लेने के बाद एक स्थान ऊपर चढ़कर 23वें पायदान पर पहुंच गए.इस बीच, टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पहली बार शीर्ष रैंकिंग वाले बल्लेबाज बन गए. वेस्टइंडीज में ऑस्ट्रेलिया ने पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज खेली, जिसमें ट्रेविस हेड नहीं खेले. इसी के साथ उन्होंने अपनी एक साल की बादशाहत खो दी है. कैरेबियाई दौरे पर सीरीज जीतने में जोश इंगलिस का अहम योगदान रहा, जिन्होंने दो अर्धशतकों के साथ 172 रन बनाए. वह छह पायदान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गए, जबकि टिम डेविड 12 पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गए. इनके अलावा कैमरून ग्रीन 64 स्थान की छलांग के साथ 24वें स्थान पर पहुंचे.

वेस्टइंडीज के लिए, ब्रैंडन किंग नौ स्थान की छलांग के साथ संयुक्त रूप से 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं. शीर्ष सात गेंदबाजों में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जैकब डफी शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं, जिन्होंने जिम्बाब्वे में त्रिकोणीय सीरीज में छह विकेट लेकर न्यूजीलैंड को जीत दिलाई थी. ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज नाथन एलिस सात स्थान की छलांग के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं.

विशाखापत्तनम, जयपुर, चेन्नई और दिल्ली होंगे मेजबान शहर

### पीकेएल सीजन 12 की शुरुआत 29 अगस्त से

**मुंबई ।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीज़न 12 की शुरुआत इस बार 29 अगस्त 2025 से होने जा रही है. चार शहरों विशाखापत्तनम (विजाग), जयपुर, चेन्नई और दिल्ली में फैले इस बहु-शहर प्रारूप में देशभर के दर्शकों को बेहतरीन कबड्डी एक्शन देखने को मिलेगा.ओपनिंग वीकेंड का शेड्यूलः पहला मुकाबला शुक्रवार, 29 अगस्त को विजाग के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगु टाइटंस और तमिल थलाइवाज के बीच खेला जाएगा. इसके बाद दूसरे मुकाबले में बेंगलुरु बुल्स का सामना पुनेरी पलटन से होगा. शनिवार, 30 अगस्त को तेलुगु टाइटंस एक बार फिर मैदान में उतरेंगे और इस बार उनका मुकाबला यूपी योद्धाज से होगा. वहीं, दूसरे मैच में यू मुंबा और गुजरात जायंट्स आमने-सामने होंगे. रविवार को 'सुपर संडे' के तहत तमिल थलाइवाज और यू मुंबा के बीच मुकाबला होगा, जिसके बाद गत चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स अपनी खिताबी रक्षा की शुरुआत बंगाल वॉरियर्ज़ के खिलाफ करेंगे.विजाग की घर वापसीः पीकेएल सीज़न 12 के लिए विजाग की वापसी एक ऐतिहासिक क्षण है, क्योंकि यह शहर सात वर्षों बाद फिर से लीग की मेज़बानी कर रहा है.

## भारत अपने फैसले पर अडिग,आज होना था मैच,पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेलेंगे सेफा

एजेंसी ।नई दिल्ली




विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच गुरुवार को खेला जाना था. इससे पहले भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल मैच खेलने से इनकार कर दिया. बता दें कि, मंगलवार को युवराज सिंह की अगुआई वाली भारत चैंपियंस टीम ने वेस्टइंडीज चैंपियंस को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी. हालांकि, भारत के टूर्नामेंट से नाम वापस लेने पर पाकिस्तान की टीम फाइनल में पहुंच गई है.

लीग राउंड में भी भारतीय टीम ने किया था पाकिस्तान से मैच का बहिष्कार. भारत और पाकिस्तान के बीच 31 जुलाई को सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाना था. हालांकि, शिखर धवन, इरफान पठान, हरभजन सिंह, युवराज सिंह, सुरेश रैना जैसे दिग्गजों वाली भारतीय टीम ने इस मैच में खेलने से इनकार कर दिया है. यह पहला मौका नहीं है जब भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ मैच का बहिष्कार किया है. इससे पहले भारत ने लीग राउंड के दौरान पाकिस्तान से मुकाबले का बहिष्कार किया था और खेलने से इनकार कर दिया था. वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में एबी डिविलियर्स की अगुआई वाली दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस टीम ब्रेट ली की अगुआई वाली ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस टीम से 31 जुलाई को ही भिड़ेगी.

### ईज माई ट्रिप का भी मैच पर आया बयान

ईज माई ट्रिप के संस्थापक और अध्यक्ष निशांत पिट्टी ने ट्वीट किया, 'हम टीम इंडिया, इंडिया चैंपियंस की वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहना करते हैं. आपने देश को गौरवांवित किया है. हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ आगामी सेमीफाइनल महज एक और मैच नहीं है. आतंकवाद और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते. हम भारत के साथ खड़े हैं. हम ऐसे किसी भी आयोजन का समर्थन नहीं कर सकते, जो आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश के साथ संबंधों को सामान्य बनाने का प्रयास करता हो.'

### पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सख्त

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये पाकिस्तान और पीओके स्थिति आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था. भारत की इस जवाबी कार्रवाई में कई आतंकी मारे गए थे. इसके बाद पाकिस्तान ने फिर हमले की कोशिश की थी, जिसे भारत ने नाकाम कर दिया था. इस्लामाबाद की कायराना हरकत के बाद टीम इंडिया ने पड़ोसी मुल्क के साथ किसी भी तरह के रिश्ते रखने से इनकार कर दिया था.

लीग्स कप 2025 निलंबन के बाद मैदान में लौटे मेसी ने दिखाया खेल

## इंटर मियामी ने एटलस को 2-1 से पराजित किया

एजेंसी। फ्लोरिडा




इंटर मियामी के सुपरस्टार लियोनेल मेसी ने दो शानदार असिस्ट करते हुए अपनी टीम को लीग्स कप 2025 के पहले मुकाबले में बुधवार (भारतीय समयानुसार गुरुवार) को एटलस के खिलाफ 2-1 की रोमांचक जीत दिलाई.यह मेसी का पहला मैच था, जब वह और उनके साथी खिलाड़ी जोर्डी अल्बा, एमएलएस ऑल-स्टार गेम में शामिल न होने के कारण लगे एक मैच के निलंबन के बाद मैदान में लौटे. मेसी ने मुकाबले के अंतिम सेकंडों में मार्सेलो वाइगांट को निर्णायक गोल के लिए असिस्ट किया, जिसने इंटर मियामी को जीत दिलाई. मैच का पहला गोल 58वें मिनट में आया, जब मेसी ने टेलास्को सेगोविया को पास देकर स्कोरिंग का खाता खोला. इसके बाद एटलस के लिए 82वें मिनट में रिवाल्डो लोज़ानो ने बराबरी का गोल किया.हालांकि, 96वें मिनट में वाइगांट ने निर्णायक गोल दागा, जिसे पहले ऑफसाइड करार दिया गया था, लेकिन वीडियो असिस्टेंट रेफरी (वीएआर) की पुष्टि के बाद गोल मान्य घोषित किया गया.इस जीत के साथ जुलाई में मेसी के कुल पांच असिस्ट हो गए हैं. उन्होंने इस महीने आठ गोल भी किए, जिसके चलते उन्हें ₹मेजर लीग सॉकर प्लेयर ऑफ द मंथ₹ चुना गया.

इस दौरान इंटर मियामी ने एमएलएस में 4 जीत, 1 हार और 1 ड्रॉ दर्ज किया.पहले हाफ में दोनों टीमों ने कई मौके बनाए लेकिन गोल नहीं कर पाए. मियामी के गोलकीपर रोको रियोज़ नोवो ने पहले हाफ में तीन बेहतरीन बचाव किए, जिनमें एक मौके पर उन्होंने एडुआर्डो एग्विर्रे के हेडर को शानदार तरीके से रोका. हाफ के अंतिम क्षणों में लुइस सुआरेज़ का एक शक्तिशाली शॉट क्रॉसबार से टकरा गया.इस मैच में अर्जेंटीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डि पॉल ने इंटर मियामी के लिए डेब्यू किया. मेसी के राष्ट्रीय टीम साथी डि पॉल ने पिछले सप्ताह ही क्लब के साथ आधिकारिक अनुबंध किया था.

टोरंटो मास्टर्स : शेल्टन ने मानारिनो के खिलाफ हार का सिलसिला तोड़ा

## रूबलेव की हार्डकोर्ट पर 250वीं जीत

एजेंसी ।टोरंटो



अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन ने बुधवार को टोरंटो मास्टर्स में फ्रांस के अनुभवी खिलाड़ी एड्रियन मानारिनो के खिलाफ पहली जीत दर्ज करते हुए तीसरे दौर में जगह बना ली. शेल्टन ने 56 मिनट में 6-2, 6-3 की आसान जीत हासिल की. इससे पहले दोनों आमने-सामने मुकाबलों में शेल्टन को हार का सामना करना पड़ा था.शेल्टन ने मैच के बाद कहा, यह जीत मेरे लिए बेहद अहम रही. वह शानदार शॉटमेकर हैं और कई बार वह आपके हाथ से रैकेट तक छीन लेते हैं. मैंने पहले भी उनके खिलाफ अच्छा खेला है लेकिन नतीजा मेरे पक्ष में नहीं रहा.पहले सेट में शेल्टन ने दो बार सर्विस ब्रेक कर बढ़त बनाई और दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली. अंतिम गेम में उन्हें हल्की परेशानी हुई जब उन्होंने डबल फॉल्ट किया, लेकिन ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए 16वें ऐस और एक शानदार सर्विस विनर के साथ मैच अपने नाम किया.शेल्टन ने कहा,मानारिनो के हाथ बहुत सधे हुए हैं. इसलिए सर्विस करते वक्त सटीकता बेहद जरूरी होती है. मैं खुश हूं कि मैंने आज अच्छा सर्व किया.

**रूबलेव की 250वीं हार्डकोर्ट जीत :** वहीं, रूस के छठी वरीय एंड्री रूबलेव ने फ्रांस के ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराकर अपने करियर की हार्डकोर्ट पर 250वीं जीत दर्ज की. पिछले साल इस टूर्नामेंट में उपविजेता रहे रूबलेव ने 86 मिनट में चार मैच प्वाइंट्स में से एक का फायदा उठाकर मुकाबला अपने नाम किया.अब रूबलेव का सामना इटली के लोरेंजो सोनेगो से होगा, जिन्होंने चीन के बु युनचाओकेटे को 6-1, 6-4 से हराया.

**कोबोली और डियालो भी अगले दौर में :** विंबलडन क्वार्टर फाइनलिस्ट फ्लावियो कोबोली ने वर्षा से बाधित मुकाबले में कनाडा के एलेक्सिस गालारनो को 6-4, 5-7, 6-4 से हराया. कोबोली ने अंतिम गेम में चार ऐस लगाते हुए जीत सुनिश्चित की.

## ब्रीफ न्यूज

### हादसे में तीन इंजीनियरिंग छात्रों की मौके पर मौत

**लखीसराय।** जमुई बॉर्डर के तेतरहाट थाना क्षेत्र में जमुई से लौट रहे इंजीनियरिंग छात्रों से भरे एक ऑटो को तेज़ रफ्तार वाहन ने जबरदस्त टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भयानक थी कि ऑटो कई मीटर तक घसीटता चला गया. इस दर्दनाक हादसे में तीन छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद तेतरहाट थाना की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल भेजा गया.

### महागठबंधन की बैठक से छोड़ दिल्ली गए मुकेश

**पटना।** बिहार की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है. विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के सुप्रीमो मुकेश सहनी के अचानक दिल्ली रवाना होने और महागठबंधन की अहम बैठक में गैरहाजिर रहने से नए राजनीतिक समीकरणों की अटकलें तेज हो गई हैं. मंगलवार को सहनी ने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर घोषणा की कि उनकी पार्टी आगामी 2025 विधानसभा चुनाव में 60 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि बाकी सीटों पर सहयोगी दलों को समर्थन देगी. इस घोषणा के ठीक बाद उनके दिल्ली जाने से राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है.

### विकास योजनाओं का सीएम नीतीश ने किया शिलान्यास

**मुजफ्फरपुर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुजफ्फरपुर में करीब 570 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया. इनमें दो बड़ी परियोजनाएं – रेल ओवरब्रिज और आरसीसी पुल शामिल हैं, जो क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान करेंगी. सीएम सड़क मार्ग से मुजफ्फरपुर पहुंचे और सबसे पहले माड़ीपुर पावर हाउस के पास प्रस्तावित 167 करोड़ रुपये की लागत वाले रेल ओवरब्रिज का शिलान्यास किया. यह ओवरब्रिज जाम से जूझ रहे इस क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत देगा और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाएगा.

### जेल में बंद बाहुबली राजद विधायक रीतलाल से राजद ने किया किनारा

# जज के सामने गिड़गिड़ाते हुए मांगी इच्छामृत्यु

संवाददाता ।पटना



सिविल कोर्ट में पेशी के दौरान राजद विधायक और बाहुबली नेता रीतलाल यादव ने जज के सामने गिड़गिड़ाते हुए इच्छामृत्यु की मांग कर सनसनी फैला दी. उन्होंने कहा, "हुजूर, मुझे इच्छामृत्यु दे दीजिए. मुझ पर लगातार केस दर केस लादा जा रहा है. मेरा कोई पैरवी करने वाला नहीं बचा. मैं थक चुका हूं." रीतलाल यादव फिलहाल भागलपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं और उन्होंने खुद को फिर से बेऊर जेल में शिफ्ट करने की गुहार लगाई है.

दानापुर के राजद विधायक रीतलाल यादव का कहना है कि न तो पार्टी के किसी नेता ने उनसे अब तक मुलाकात की है और न ही लालू प्रसाद या तेजस्वी यादव की ओर से कोई बयान आया है. उनका आरोप है कि उन्हें राजनीतिक षड्यंत्र के तहत फंसाया जा रहा है और अब पार्टी ने भी उनसे किनारा कर लिया है. माना जा रहा है कि चुनावी माहौल में राजद ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहती जिससे पार्टी की छवि पर असर पड़े. रीतीलाल की पत्नी रिंकू देवी ने 2 जुलाई को विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर अपने पति की हत्या की साजिश की आशंका जताई थी. उन्होंने एक पुलिस अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि यदि उन्होंने नाम लिया तो उनकी और बच्चों की भी हत्या हो सकती है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रीतलाल को जेल में मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना दी जा रही है और इलाज तक नहीं मिल रहा.

अब विधायक की पत्नी रिंकू देवी की नौकरी भी खतरे में आ गई है. पुलिस मुख्यालय ने शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर उनके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की है. आरोप है कि वह सरकारी शिक्षक होते हुए भी 2017 से एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में बिजनेस पार्टनर हैं, जो नियमों का उल्लंघन है. दानापुर के एक बिल्डर से 50 लाख की रंगदारी मांगने के मामले में रीतलाल ने 17 अप्रैल को सरेंडर किया था. इसके बाद उन्हें बेऊर जेल में रखा गया, लेकिन 1 मई को भागलपुर सेंट्रल जेल भेज दिया गया. उनके चार करीबी समर्थकों के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई है. इसके अलावा, प्रशासन अब रीतलाल और उनके भाई पिंकू यादव की संपत्ति की जांच कर रहा है. पीएमएलए एक्ट के तहत अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को जब्त करने की तैयारी हो रही है. पुलिस को अब तक 100 से अधिक फ्लैट और जमीन के प्लॉट मिले हैं जो कथित तौर पर गलत तरीके से खरीदे गए हैं. भागलपुर जेल में बंद रीतलाल को पटना कोर्ट में पेशी के लिए हर बार करीब 500 किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ती है. पटना से भागलपुर की दूरी लगभग 247 किलोमीटर है, जिससे परिजनों के लिए भी नियमित मुलाकात संभव नहीं हो पा रही है. पुलिस का तर्क है कि भागलपुर शिफ्ट करने का मकसद यह है कि जेल से आपराधिक गतिविधियां न संचालित हो सकें. रीतीलाल यादव की हालत और उनके आरोपों ने बिहार की सियासत में हलचल मचा दी है, लेकिन फिलहाल राजद की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है.

### बिहार में अब छोटे टुकड़ों में होगी घाटों की नीलामी

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य में बढ़ते अवैध बालू खनन पर लगाम लगाने के लिए बड़ा कदम उठाया है. उप मुख्यमंत्री एवं खान व भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने निर्देश दिया है कि अब बालू घाटों की नीलामी छोटे-छोटे टुकड़ों में की जाएगी. सरकार का मानना है कि लंबे समय से खाली पड़े या सरेंडर किए गए घाटों से न तो राजस्व मिल रहा है और न ही वैध खनन हो पा रहा है, जिससे अवैध खनन को बढ़ावा मिल रहा है. राज्य में फिलहाल 147 बालू घाटों की नीलामी लंबित है. इनमें जमुई, औरंगाबाद, जहानाबाद, रोहतास, नालंदा और भोजपुर जैसे जिले शामिल हैं, जहां सबसे अधिक घाट या तो सरेंडर कर दिए गए हैं या खाली पड़े हैं. उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जिन्होंने कई घाटों का बंदोबस्त लिया और फिर घाट सरेंडर किए हैं, उन्हें नोटिस भेजा जाएगा. उन्होंने सवाल उठाया कि जब कोई दो घाट नहीं चला पा रहा तो बाकी घाटों का संचालन कैसे करेगा?

### तेजस्वी यादव का नीतीश सरकार पर तीखा हमला

# बिहार में क्रिमिनल ही चला रहे सरकार

शुभम संदेश।हाजीपुर



बिहार की राजनीति में गर्मी बढ़ाते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर राज्य की कानून-व्यवस्था और सरकार पर जोरदार हमला बोला है. हाजीपुर के जढ़ूआ में एक रिंग सेरेमनी में शामिल होने पहुंचे तेजस्वी ने कहा, ₹बिहार में लॉ एंड ऑर्डर की नहीं, क्रिमिनल डिसऑर्डर की बात होनी चाहिए. अपराधी ही अब सरकार चला रहे हैं. तेजस्वी यादव ने सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं पर सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी खुद अपराधी हैं. उन्होंने दावा किया कि बिहार में एक सप्ताह के भीतर 100 से अधिक हत्याएं हो चुकी हैं, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ₹अचेत अवस्था₹ में हैं और कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है. भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी तेजस्वी ने सरकार को घेरा. उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में 80 हजार करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है, जिसकी पुष्टि हाल ही में सामने आई कैग रिपोर्ट में हुई है. उन्होंने तंज कसते हुए कहा, ₹एक इंजन भ्रष्टाचार में है और दूसरा इंजन अपराध में लिप्त है. यही है डबल इंजन सरकार की असली तस्वीर.₹ तेजस्वी के इस तीखे बयान से बिहार की सियासत में नई हलचल पैदा हो गई है. पहले से ही विपक्ष सरकार को अपराध और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेर रहा है और अब तेजस्वी यादव के इस आक्रामक रुख से राजनीतिक तापमान और चढ़ने की पूरी संभावना है.

### बीमा भारती से करीब चार घंटे तक गहन पूछताछ

**पटना।** फरवरी 2024 में नीतीश कुमार सरकार के विश्वास मत प्रस्ताव के दौरान विधायकों को प्रलोभन देने के आरोपों की जांच आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने तेज कर दी है. इसी कड़ी में बुधवार को पूर्व मंत्री और राजद नेता बीमा भारती से करीब चार घंटे तक गहन पूछताछ की गई. ईओयू ने परबत्ता के जदयू विधायक डॉ. संजीव, पश्चिम चंपारण नरकटियागंज के विधायक फजले हक अंसारी और मनेर के विधायक मोनू कुमार को भी नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए तलब किया है. सूत्रों के अनुसार, डॉ. संजीव को अगस्त के पहले सप्ताह में ईओयू कार्यालय में हाजिर होकर बयान दर्ज कराने को कहा गया है, जबकि अन्य दोनों विधायकों को अलग-अलग तिथियों पर पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा. बीमा भारती से पूछताछ के दौरान ईओयू अधिकारियों ने विश्वास मत के दिन उनकी लोकेशन को लेकर सवाल किए. उन्होंने बताया कि वे पश्चिम बंगाल में माता के दर्शन को गई थीं, लेकिन जब झारखंड में मौजूदगी के सबूत सामने रखे गए तो वे असहज हो गईं. उन्होंने कुछ सवालों के जवाब दिए, जबकि कई सवालों को टाल गईं. बाहर निकलने पर पत्रकारों से बातचीत में बीमा भारती ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा, "मुझे फंसाया जा रहा है. यह साजिश है, सरकार को अस्थिर करने का प्रयास मैंने नहीं किया." उल्लेखनीय है कि यह मामला हरलाखी के जदयू विधायक सुधांशु शेखर के बयान के आधार पर फरवरी में कोतवाली थाने में दर्ज हुआ था और बाद में गंभीरता को देखते हुए ईओयू को सौंपा गया. अब जांच एजेंसी पूरे मामले की तह तक जाने की तैयारी में है.

## न्यूज अपडेट

### 1 से लागू होगी 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना

**पटना।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना 1 अगस्त से पूरे राज्य में लागू हो रही है. राज्य मंत्रिमंडल ने इस योजना को 18 जुलाई को मंजूरी दी थी, जिसके तहत जुलाई महीने से ही 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जाएगी, लेकिन इसका वास्तविक लाभ उपभोक्ताओं को अगस्त से मिलेगा. मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत राज्य के करीब 1.86 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी. इसमें लगभग 60 लाख स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ता भी शामिल हैं. आंकड़ों के अनुसार, राज्य में 1.67 करोड़ उपभोक्ता ऐसे हैं जो प्रति माह औसतन 125 यूनिट या उससे कम बिजली का उपयोग करते हैं, उन्हें इस योजना का सीधा लाभ मिलेगा. सरकार के अनुसार, इस योजना से शहरी उपभोक्ताओं को औसतन 550 रुपये और ग्रामीण उपभोक्ताओं को करीब 306 रुपये प्रति माह की सीधी बचत होगी.

### पटना मेट्रो: अब 23 अगस्त को होगा उद्घाटन

**पटना।** पटना मेट्रो रेल परियोजना के उद्घाटन की तारीख में बदलाव किया गया है. पहले यह उद्घाटन 15 अगस्त को प्रस्तावित था, जिसे अब 23 अगस्त को कर दिया गया है. पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन और दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने इस बदलाव की पुष्टि की है. परियोजना के पहले चरण में अब 5 के बजाय केवल 3 स्टेशनों से मेट्रो सेवा की शुरुआत की जाएगी. हालांकि पीएमआरसी ने इन स्टेशनों के नामों की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन सूत्रों के अनुसार मलाही पकड़ी, भूतनाथ और न्यू आईएसबीटी स्टेशन से सेवा शुरू होने की संभावना है, क्योंकि इनके सिविल कार्य 80% पूरे हो चुके हैं. खेमनीचक और जीरो माइल स्टेशन को बाद में जोड़ा जाएगा. यह निर्णय तकनीकी तैयारियों और भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए लिया गया है. प्राथमिक कॉरिडोर (कॉरिडोर-II) मलाही पकड़ी से न्यू आईएसबीटी तक 6.49 किमी लंबा एलिवेटेड खंड है. ट्रैक बिछाने और ट्रायल रन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है. अब केवल सिग्नलिंग और सुरक्षा परीक्षण बाकी है.

### टाटी नदी में डूबने से 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**नवादा।** जिले के वारसलीगंज थाना क्षेत्र के गंगटा गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया. गांव के 60 वर्षीय दिनेश राम की टाटी नदी में डूबने से मौत हो गई. बताया जाता है कि दिनेश राम नदी के किनारे किसी काम से गए थे, तभी अचानक उनका पैर फिसल गया और वे नदी में जा गिरे. इस दौरान किसी ने उन्हें डूबते हुए नहीं देखा, जिससे समय रहते उनकी मदद नहीं हो सकी. घटना की जानकारी सबसे पहले गांव के बच्चों ने दी, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया. सूचना मिलते ही वारसलीगंज थाना प्रभारी रूपेश कुमार सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की. ग्रामीणों की मदद से बुजुर्ग को नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेजा. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. इस दुखद हादसे के बाद दिनेश राम के घर में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. गांव में शोक का माहौल है.

### पटना एम्स में विधायक चेतन आनंद के साथ मारपीट

**पटना।** पटना एम्स में गुरुवार को शिवहर विधानसभा से विधायक चेतन आनंद के साथ मारपीट और बदसलूकी की गंभीर घटना सामने आई है. जानकारी के अनुसार चेतन आनंद एक मरीज से मुलाकात करने अस्पताल पहुंचे थे, जहां सुरक्षा में तैनात एक गार्ड से उनकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई. यह कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच हाथापाई की नौबत आ गई. विधायक चेतन आनंद ने आरोप लगाया है कि सुरक्षाकर्मी ने न सिर्फ उनके साथ अभद्र व्यवहार किया, बल्कि धक्का-मुक्की और मारपीट भी की. घटना के बाद चेतन आनंद ने स्थानीय थाने में मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है, वहीं एम्स प्रशासन ने भी घटना की गंभीरता को देखते हुए आंतरिक जांच शुरू कर दी है. घटना के बाद अस्पताल परिसर में हल्का तनाव का माहौल देखा गया. मरीजों और उनके परिजनों में भी भय का माहौल व्याप्त हो गया. चेतन आनंद पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह और वर्तमान सीतामढ़ी सांसद लवली आनंद के पुत्र हैं. वर्ष 2020 में वे राजद के टिकट पर शिवहर से विधायक चुने गए थे, हालांकि बाद में वे पार्टी से बागी हो गए.

## कारोबार

### ट्रंप के भारी टैक्स लगाने से बाजार में रही हलचल

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय सामान पर 25% का भारी टैक्स लगाने का ऐलान किया है. इस कदम से भारत के कपड़ा और दवा जैसे कई उद्योगों में अस्थिरता फैल गई है. सुबह के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी करीब 1% गिर गए, लेकिन बाद में बाजार में सुधार हुआ. सेंसेक्स 300 अंक से अधिक बढ़कर और निफ्टी 24,900 के पार पहुंच गया. ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि यह टैक्स दर अंतिम नहीं है और भविष्य में इसमें बदलाव संभव है. अमेरिका की ट्रेड डील टीम अगले महीने भारत आकर इस मामले पर बातचीत करेगी.

### अमेरिका टैरिफ लगाने से कई सेक्टर प्रभावित होंगे

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आने वाले सामान पर 1 अगस्त से 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है. इसके साथ ही, रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर पेनल्टी लगाने की भी धमकी दी गई है. इस कदम से भारत के कई महत्वपूर्ण सेक्टरों पर गंभीर असर पड़ सकता है, खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयां, गहने और ऑटो पार्ट्स बनाने वाली कंपनियों को बड़ा नुकसान होने की संभावना है. चीन के बाद अमेरिका भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है.

### भारतीय रत्न में श्रमिकों पर बेरोजगारी का खतरा

**नयी दिल्ली।** भारतीय रत्न और आभूषण उद्योग अमेरिकी सरकार द्वारा 25 प्रतिशत टैरिफ बढ़ाने के कारण गंभीर संकट में है. 1 अगस्त से लागू इस नए टैरिफ से देश के हाथ से बने आभूषणों के निर्यात पर भारी प्रभाव पड़ने की संभावना है. अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद के अध्यक्ष राजेश रोकड़े ने बताया कि इस कदम से भारतीय आभूषण अमेरिका में बिकने में मुश्किलों का सामना कर सकते हैं और बाजार में उनकी मांग कम हो सकती है. उन्होंने कहा कि पहले जब टैरिफ 10 प्रतिशत था, तब भी करीब 50 हजार श्रमिक बेरोजगार होने की आशंका थी.

### टाटा ट्रस्ट्स ने टाटा संस से मांगा एसपी ग्रुप के लिए एग्जिट प्लान

# आरबीआई की लिस्टिंग डेडलाइन के बीच टाटा संस ने 30 हजार करोड़ का कर्ज चुकाया

एजेंसी।नयी दिल्ली



देश के सबसे बड़े औद्योगिक समूह टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस को लेकर एक बड़ा फैसला सामने आया है. टाटा ट्रस्ट्स, जो टाटा संस में सबसे बड़ी हिस्सेदार है, ने चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को निर्देश दिया है कि वे टाटा संस के सबसे बड़े माइनॉरिटी शेयरहोल्डर शापूरजी पलोनजी (एसपी) ग्रुप के लिए एक एग्जिट प्लान तैयार करें. यह पहली बार है जब टाटा ट्रस्ट्स ने इस मसले पर खुलकर कदम उठाया है.

टाटा ट्रस्ट्स का यह रुख इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि रतन टाटा के कार्यकाल के दौरान एसपी ग्रुप द्वारा पेश किया गया ऐसा ही प्रस्ताव ठुकरा दिया गया था. उस समय एसपी ग्रुप चाहता था कि टाटा संस की संपत्ति और देनदारियों को उसकी 18.37% हिस्सेदारी के हिसाब से विभाजित किया जाए, लेकिन ट्रस्ट्स ने इसे अस्वीकार कर दिया था. इस नए घटनाक्रम के पीछे एक बड़ी वजह भारतीय रिजर्व बैंक का वह आदेश है, जिसमें कहा गया है कि टाटा संस को 30 सितंबर तक स्टॉक मार्केट में लिस्ट होना होगा. अगर कंपनी लिस्ट होती है, तो एसपी ग्रुप को अपनी हिस्सेदारी बेचने का सहज रास्ता मिल जाएगा. मगर टाटा ट्रस्ट्स नहीं चाहते कि टाटा संस पब्लिक कंपनी बने. वे इसे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में ही बनाए रखना चाहते हैं. लिस्टिंग से बचने की तैयारी में टाटा संस ने पिछले दो साल और दस महीने में करीब 30,000 करोड़ रुपये का कर्ज चुका दिया है. इसके अलावा कंपनी ने अपने सभी प्रेफरेंस शेयर भी वापस ले लिए हैं. टाटा संस ने आरबीआई से यह भी अनुरोध किया है कि उसे कोर इन्वेस्टमेंट कंपनी का दर्जा न दिया जाए. इस पर आरबीआई में विचार चल रहा है.टाटा ट्रस्ट्स और एसपी ग्रुप के बीच टाटा संस की वैल्यू को लेकर भी मतभेद रहे हैं. ट्रस्ट्स, एसपी ग्रुप की हिस्सेदारी का मूल्यांकन बुक वैल्यू और इलिक्विडिटी डिस्काउंट के आधार पर करते हैं, जबकि एसपी ग्रुप का मानना है कि वैल्यूएशन मार्केट वैल्यू के अनुसार होना चाहिए. वर्तमान में एसपी ग्रुप पर भारी कर्ज है और उसने टाटा संस में अपनी पूरी हिस्सेदारी कर्जदाताओं के पास गिरवी रख दी है. टाटा संस को उसके शेयर खरीदने का पहला अधिकार प्राप्त है, लेकिन यह प्रक्रिया जटिल हो सकती है. टाटा और एसपी ग्रुप के रिश्ते तब से तनावपूर्ण हो गए जब साइरस मिस्त्री को टाटा संस के चेयरमैन पद से हटाया गया था. इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, जहां टाटा ग्रुप को जीत मिली और कोर्ट ने मिस्त्री को हटाने तथा टाटा संस को प्राइवेट कंपनी बनाए रखने के फैसले को वैध बताया. अब टाटा ट्रस्ट्स की कोशिश है कि आरबीआई से बातचीत कर टाटा संस की मौजूदा स्थिति को बनाए रखा जाए और एसपी ग्रुप को एक सम्मानजनक एग्जिट का रास्ता दिया जाए,

### एनसीडीसी को 2000 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता मंजूर की गई

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2025-26 से 2028-29 तक चार वर्षों की अवधि के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) को 2000 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता मंजूर की है. यह जानकारी केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी. इस अनुदान से एनसीडीसी को सहकारी समितियों को ऋण देने और उनकी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन जुटाने में मदद मिलेगी. एनसीडीसी इस अवधि में खुले बाजार से अतिरिक्त 20,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखेगा. सरकार ने बताया कि इस योजना के तहत नई परियोजनाओं की स्थापना, संयंत्रों के विस्तार, और सहकारी समितियों को ऋण प्रदान करने के लिए निधियों का उपयोग किया जाएगा. इस पहल से देशभर में डेयरी, पशुधन, मत्स्य पालन, चीनी, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, भंडारण और कोल्ड स्टोरेज जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय 13,288 सहकारी समितियों के 2.9 करोड़ सदस्यों को लाभ होगा. विशेष रूप से श्रम और महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों को इस योजना से महत्वपूर्ण समर्थन मिलेगा.

**राहत की खबर** भारत $4.19 ट्रिलियन की जीडीपी के साथ चौथे नंबर पर है

# भारत बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

एजेंसी।नयी दिल्ली



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय सामान पर 25% टैरिफ और रूस से तेल खरीदने पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने की चेतावनी के बीच भारत के लिए अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर राहत भरी खबर सामने आई है. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था 2025 और 2026 में 6.4% की रफ्तार से बढ़ेगी. इस ग्रोथ रेट के साथ भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है. आईएमएफ के अनुसार भारत वर्तमान में $4.19 ट्रिलियन की जीडीपी के साथ विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है. पहले स्थान पर अमेरिका ($30.51 ट्रिलियन), दूसरे पर चीन ($19.23 ट्रिलियन) और तीसरे पर जर्मनी ($4.74 ट्रिलियन) हैं. लेकिन जिस तरह से भारत की आर्थिक वृद्धि हो रही है और जर्मनी की रफ्तार धीमी पड़ी है, उसे देखते हुए भारत जल्द ही तीसरे स्थान पर काबिज हो सकता है. इस बीच, जर्मनी की अर्थव्यवस्था दबाव में है. ताजा आंकड़ों के मुताबिक, साल की दूसरी तिमाही में जर्मनी की जीडीपी में 0.1% की गिरावट दर्ज की गई है. इससे पहले की तिमाही में वहां 0.3% की मामूली वृद्धि हुई थी, जो टैरिफ बढ़ने की आशंका के चलते अमेरिकी आयातकों द्वारा की गई खरीदारी का परिणाम थी. लेकिन अब अमेरिका में मांग घटने के कारण जर्मनी को नुकसान उठाना पड़ रहा है.

गौरतलब है कि अमेरिका जर्मनी का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है. दोनों देशों के बीच बीते वर्ष 278 अरब डॉलर का व्यापार हुआ. लेकिन अमेरिका ने यूरोपीय संघ पर 15% टैरिफ लगा दिया है, जिससे जर्मनी की अर्थव्यवस्था पर खासा असर पड़ने की आशंका है. विशेषज्ञों का मानना है कि फिस्कल स्टिम्यूलस (राजकोषीय प्रोत्साहन) के चलते अगले साल जर्मनी की अर्थव्यवस्था कुछ हद तक संभल सकती है.

दूसरी ओर आईएमएफ के अनुमान के मुताबिक चीन की विकास दर 2025 में 4.8% और 2026 में 4.2% रहेगी. अमेरिका की आर्थिक वृद्धि दर 2025 में 1.9% और 2026 में 2.0% रहने का अनुमान है. इन आंकड़ों से साफ है कि भारत न सिर्फ एशिया बल्कि पूरी दुनिया में आर्थिक मोर्चे पर सबसे तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है, और निकट भविष्य में वह वैश्विक अर्थव्यवस्था में तीसरे स्थान पर आ सकता है.

### अमेरिका की नई टैरिफ नीति से निर्यातकों में चिंता

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत कई देशों से आयातित सामान पर नए टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जो 1 अगस्त से लागू होगी. भारत से आने वाले सामानों पर 25% टैरिफ लगाया जाएगा, जबकि ब्रिटेन से 10%, यूरोपीय संघ और जापान से 15%, इंडोनेशिया से 19% और वियतनाम से 20% टैरिफ लागू होंगे. इसके अलावा, ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर जुर्माना लगाने की भी बात कही है. यह घोषणा भारतीय निर्यातकों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है, खासकर टेक्सटाइल, रत्न-आभूषण, कालीन और समुद्री भोजन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में. भारत के प्रमुख चमड़ा और जूता निर्यातक फरीदा ग्रुप के एम रफीक अहमद ने कहा कि अमेरिका से ऑर्डर मिलने की उम्मीद में वे वहां जाने की योजना बना रहे थे, लेकिन अब इस अनिश्चितता के कारण उनकी योजना पर पुनर्विचार करना पड़ रहा है. उन्होंने बताया कि वियतनाम की तुलना में भारत को पांच प्रतिशत अधिक नुकसान हो सकता है, जिससे ऑर्डर रद्द होने और कीमतों पर फिर से बातचीत होने की संभावना बढ़ गई है.

### ऊंची सैलरी पर पेंशन अर्जियों का ऑडिट शुरू किया

**नयी दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन अब ऊंची सैलरी पर पेंशन से जुड़ी सभी अर्जियों का ऑडिट करेगा. यह कदम सुप्रीम कोर्ट के 4 नवंबर 2022 के निर्देशों के अनुपालन की जांच के लिए उठाया गया है. ईपीएफओ की अपनी इंटरनल ऑडिट टीम इस ऑडिट को इस साल 30 सितंबर तक पूरा कर लेगी. खास तौर पर उन कंपनियों पर ध्यान दिया जाएगा यह ऑडिट श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के निर्देश और पेंशन तथा ईडीएलआई इम्प्लीमेंटेशन कमिटी की सिफारिश के बाद शुरू किया गया है. ईपीएफओ ने नोटिफिकेशन में बताया है कि छूट वाली कंपनियों से जुड़ी अर्जियों और 'वैलिडेशन ऑप्शन' वाले मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि ऑडिट का काम त्वरित और प्रभावी तरीके से पूरा हो सके. ईपीएफओ ने सभी जोनल कार्यालयों को निर्देश दिया है कि वे डिमांड लेटर जारी करने में देरी, पेंशन पेमेंट ऑर्डर जारी करने में विलंब, पीपीओ की सटीक जानकारी और एरियर-पेंशन भुगतान में किसी भी गड़बड़ी की जांच करें.

### भारत में एमएसएमई क्षेत्र की तिमाही बिक्री में वृद्धि

**नयी दिल्ली।** भारत में 50 प्रतिशत से अधिक विनिर्माण एमएसएमई ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2025) में बिक्री में वृद्धि दर्ज की है. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक द्वारा किए गए हालिया एमएसएमई आउटलुक सर्वेक्षण (एमओएस) के अनुसार, सेवा क्षेत्र के 42 प्रतिशत एमएसएमई ने भी इस अवधि में बिक्री में बढ़ोतरी देखी, जबकि 48 प्रतिशत ने स्थिर बिक्री की सूचना दी. सर्वेक्षण में यह भी पता चला कि सालाना आधार पर सभी क्षेत्रों के एमएसएमई ने बिक्री में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है. हालांकि, लगभग 40 प्रतिशत एमएसएमई निर्यातक टैरिफ-संबंधी मुद्दों से प्रभावित रहे हैं. ये टैरिफ भारत के व्यवसायों पर वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के नकारात्मक प्रभाव को दर्शाते हैं. निर्यातकों के लिए यह चुनौती अभी भी बनी हुई है, जिससे उनकी कारोबार की रफ्तार पर असर पड़ा है. इन चुनौतियों के बावजूद, एमएसएमई क्षेत्र का समग्र मूड सकारात्मक बना हुआ है. आगामी तिमाही के लिए एमएसएमई व्यवसाय अपेक्षा सूचकांक (एम-बीईआई) 62.19 दर्ज किया गया है, जबकि वित्त वर्ष 2027 के लिए यह सूचकांक 67.88 रहा.

### 50% टैरिफ का फैसला घरेलू उद्योग के लिए नुकसानदेह

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 1 अगस्त से अर्ध-निर्मित तांबे और तांबा आधारित उत्पादों के आयात पर 50 प्रतिशत भारी टैरिफ लगाने का निर्णय अमेरिकी घरेलू उद्योगों पर विपरीत प्रभाव डाल सकता है. थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा है कि यह कदम अमेरिकी उद्योगों को नुकसान पहुंचाएगा, जबकि इसका मकसद विदेशी तांबे पर निर्भरता कम करना था. अमेरिका ने इस टैरिफ को राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, व्यापरा विस्तार अधिनियम की धारा 232 के तहत लागू किया है. सरकार का दावा है कि तांबा रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, और बुनियादी ढांचे जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए आवश्यक है और विदेशी आपूर्ति पर अत्यधिक निर्भरता खतरा पैदा कर सकती है. इस घोषणा को 29 जुलाई 2025 को औपचारिक रूप दिया गया. लेकिन जीटीआरआई का मानना है कि तांबा इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), पावर ग्रिड, अर्धचालकों और रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए एक अनिवार्य कच्चा माल है.



## न्यूजीलैंड में तटवर्ती क्षेत्रों में सुनामी गतिविधियां शुरू , तटीय इलाकों में लहरें और तेज धाराएं

**वेलिंगटन ।** न्यूजीलैंड के आपातकालीन प्रबंधन अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि देश के तटवर्ती क्षेत्रों में सुनामी की गतिविधि शुरू हो चुकी है. बुधवार देरात देशभर में मोबाइल फोन पर अलर्ट प्रसारित कर लोगों को समुद्र, तटों, बंदरगाहों, नदियों और खाड़ियों से दूर रहने की सलाह दी गई.

हालांकि अब तक किसी इलाके में अनिवार्य निकासी आदेश जारी नहीं किए गए हैं, लेकिन अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मजबूत समुद्री धाराएं और लहरों का अचानक उठना लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है. न्यूजीलैंड, भूकंप के केंद्र से लगभग 6,000 मील दूर है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि भूकंप के कारण उत्पन्न लहरों की पहली श्रृंखला सबसे बड़ी नहीं हो सकती. आने वाले समय में और भी बड़ी लहरें तटों से टकरा सकती हैं. अधिकारियों ने कहा है कि यह खतरा गुरुवार दोपहर तक बना रह सकता है और तब तक लोग समुद्री इलाकों से पूरी तरह दूर रहें. आपातकालीन विभाग ने लोगों से सावधानी और संयम बरतने की अपील की है और कहा है कि जब तक आधिकारिक रूप से अलर्ट रद्द नहीं किया जाता, तब तक सभी को इस खतरे को वास्तविक और गंभीर मानना चाहिए.

### न्यूज अपडेट

#### आईपीएस एसबीके सिंह को दिल्ली पुलिस आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में होम गार्ड्स के महानिदेशक आईपीएस अधिकारी एसबीके सिंह को एक अगस्त से दिल्ली पुलिस आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. वह 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे संजय अरोड़ा का स्थान लेंगे. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को एक आदेश में कहा कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से एजीएमयूटी कैडर के 1988 बैच के आईपीएस एसबीके सिंह जो वर्तमान में होम गार्ड्स, दिल्ली के महानिदेशक के रूप में तैनात हैं, को 01 अगस्त 2025 से अगले आदेश तक दिल्ली के पुलिस आयुक्त के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है.

#### पचमढ़ी: 27 साल के भूटानी सैनिक गेलसेन की तालाब में डूबने से मौत

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले में स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी में भारतीय सेना के आर्मी एजुकेशन कोर (एईसी) के करियप्पा कंपनी परिसर में रॉयल भूटान आर्मी के 27 वर्षीय जवान शिवांग गेलसेन की तालाब में डूबने से मौत हो गई. यह घटना बुधवार दोपहर करीब दोपहर 2:20 बजे की. अंतरराष्ट्रीय मामला होने की वजह से इसे आवश्यक प्रक्रिया के तहत मृतक जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भोपाल स्थित गांधी मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां गुरुवार को पोस्टमार्टम किया गया. पचमढ़ी थाना प्रभारी अनूप सिंह उइके ने गुरुवार को इस मामले में बताया कि रॉयल भूटान आर्मी में आरक्षक (रैंक-चुमा) के पद पर पदस्थ शिवांग गेलसेन पुत्र सोनम 7 मई 2025 से 7 अक्टूबर 2025 तक की 5 महीने की ट्रेनिंग पर पचमढ़ी आया था.यहां वह एईसी के आरएम कोर्स में बैंड सीखने की ट्रेनिंग ले रहा था.

#### अमेरिकी नौसेना का एफ-35 लड़ाकू विमान कैलिफोर्निया में दुर्घटनाग्रस्त

**वाशिंगटन।** अमेरिकी नौसेना का एफ-35 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. यह विमान हादसा बुधवार को मध्य कैलिफोर्निया में नेवल एयर स्टेशन लेमूर के पास हुआ. इस लड़ाकू विमान का पायलट सुरक्षित है. नौसेना का कहना कि जांच शुरू कर दी गई है. नौसेना के बयान के अनुसार यह विमान मध्य कैलिफोर्निया के फ्रेस्नो शहर से लगभग 40 मील दूर दक्षिण-पश्चिम में नेवल एयर स्टेशन के पास खेत में गिर गया. इस दौरान उसमें आग लग गई. हादसे के दौरान पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया. शाम लगभग 6:30 बजे हुई इस दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है. फ्रेस्नो काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कहा कि कैलिफोर्निया फायर ने पायलट की मदद की.

#### पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस कैलिफोर्निया के गवर्नर पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने बुधवार को घोषणा की कि वे अगले साल कैलिफोर्निया के गवर्नर पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगी. पिछले साल के राष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद उन्होंने एक और चुनाव अभियान छोड़ते हुए इस दौड़ में शामिल होने के बारे में चल रही अटकलों पर विराम लगा दिया. द न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार की खबर के अनुसार, कमला हैरिस ने बयान में कहा कि वह अब लोगों की बात सुनेंगी. ऐसे डेमोक्रेट्स उम्मीदवारों का चयन करेंगी, जो निडर होकर चुनाव लड़ेंगे. उन्होंने कहा कि वह कैलिफोर्निया के गवर्नर पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगी.

#### राष्ट्र सेविका समिति की चतुर्थ प्रमुख संचालिका प्रमिला ताई मेढ़े का निधन

**नागपुर।** राष्ट्र सेविका समिति की चतुर्थ प्रमुख संचालिका प्रमिला ताई मेढ़े का गुरुवार को निधन हो गया. वे 97 वर्ष की थीं. उन्होंने यहां के देवी अहिल्या मंदिर में सुबह 9 बजकर 5 मिनट पर अंतिम श्वांस ली. वे पिछले 3 महीने से उम्रजनित समस्याओं से पीड़ित थीं. राष्ट्र सेविका समिति के पदाधिकारियों के मुताबिक उनकी पार्थिव देह को अंतिम दर्शन के लिए यहां के धंतोली स्थित देवी अहिल्या मंदिर में रखा गया है. वर्ष 1965 से देवी अहिल्या मंदिर ही उनका केंद्र था. उनकी इच्छानुसार उनकी पार्थिव देह को नागपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को शुक्रवार सुबह 8 बजे सौंप दिया जाएगा.

#### पाकिस्तान का अमेरिका से तेल भंडार विकसित करने का समझौता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अमेरिका ने बुधवार रात वाशिंगटन में व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है. इस पर पाकिस्तान ने टैरिफ में छूट मिलने की उम्मीद जताई है. हालांकि, पाकिस्तान ने इस व्यापार समझौते का विवरण नहीं दिया, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के तेल भंडार को विकसित करने में मदद के उद्देश्य से इस समझौते का हवाला दिया है. डान अखबार की खबर के अनुसार पाकिस्तान के वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब टैरिफ पर बातचीत के लिए वाशिंगटन में हैं. उन्होंने बुधवार को वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों चर्चा भी की है. अमेरिका में पाकिस्तान दूतावास ने गुरुवार सुबह 'एक्स' पर 'एक व्यापार समझौते' को अंतिम रूप देने का जिक्र किया है.

### फ्रांस, ब्रिटेन के बाद कनाडा व माल्टा भी देंगे फिलिस्तीन को मान्यता

## इजराइल ने बताया पाखंड

एजेंसी। ओटावा




फ्रांस और ब्रिटेन के बाद अब कनाडा और माल्टा ने भी फिलिस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा देने की घोषणा की है. यह घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा से पहले की गई है, जो 23 सितंबर से शुरू हो रही है. इससे जी-7 के तीन प्रमुख देश-फ्रांस, ब्रिटेन और कनाडा, फिलिस्तीन को मान्यता देने के मामले में एक मंच पर आ गए हैं. कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने के लिए तैयार है. हालांकि इसके लिए कुछ शर्तें भी रखी गई हैं. इन शर्तों में सबसे अहम है कि फिलिस्तीन वर्ष 2026 में आम चुनाव कराएगा, जिसमें चरमपंथी संगठन हमास को कोई भूमिका नहीं दी जाएगी. इसके अलावा, फिलिस्तीन को 'हथियारमुक्त क्षेत्र' के रूप में स्थापित करना होगा.

कार्नी ने बताया कि उन्होंने इस बारे में फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात की है और अब्बास ने इन शर्तों पर सहमति व्यक्त की है. कार्नी ने जोर देते हुए कहा कि यह कदम मध्य पूर्व में स्थायी शांति की दिशा में एक आवश्यक पहल है. वहीं माल्टा के विदेश मंत्रालय के स्थायी सचिव क्रिस्टोफर कटाजार ने भी ऐलान किया कि उनका देश सितंबर में फिलिस्तीन को औपचारिक मान्यता देगा.

ब्रिटेन ने भी फिलिस्तीन को मान्यता देने के लिए शर्तें रखी हैं. ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा है कि यदि इजराइल हमास के साथ संघर्षविराम (सीजफायर) पर सहमत नहीं होता है, तो ब्रिटेन फिलिस्तीन को मान्यता देगा. इसके विपरीत, फ्रांस ने बिना किसी शर्त के फिलिस्तीन को मान्यता देने का समर्थन किया है. इन घोषणाओं का इजराइल ने तीखा विरोध किया है. कनाडा की घोषणा के बाद इजराइल के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि यह कदम गाजा में संघर्षविराम और बंधकों की रिहाई की कोशिशों को कमजोर करेगा. इजराइल ने इसे ₹पाखंड और समय की बर्बादी₹ करार देते हुए कहा कि यह निर्णय फिलिस्तीन में शांति लाने की दिशा में नहीं, बल्कि उसके विपरीत है.

गौरतलब है कि फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से अब तक 147 देशों का समर्थन प्राप्त है, लेकिन अभी तक संयुक्त राष्ट्र द्वारा उसे पूर्ण सदस्यता नहीं मिली है. फिलिस्तीन 1970 के दशक से संयुक्त राष्ट्र में स्वतंत्र राष्ट्र की मान्यता के लिए प्रयासरत है. गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच लगभग दो वर्षों से जारी संघर्ष में अब तक 60,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं. क्षेत्र में खाद्यान्न संकट, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और शरणार्थी शिविरों पर हमलों के कारण मानवीय संकट और गहरा होता जा रहा है. इसे देखते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय का इजराइल पर दबाव बढ़ता जा रहा है कि वह एक स्थायी समाधान की दिशा में आगे बढ़े. फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा और माल्टा द्वारा हाल की घोषणाएं इस दिशा में एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकती हैं, हालांकि इस पर अंतिम निर्णय संयुक्त राष्ट्र महासभा में होने वाली चर्चा और मतदान पर निर्भर करेगा.

### लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह अगले उप सेना प्रमुख होंगे

**नयी दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह अगले उप सेना प्रमुख (वीसीओएएस) होंगे. मौजूदा उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि सेना में 39 वर्षों की सेवा के बाद गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए. नए वीसीओएएस 01 अगस्त को अगले उप सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण करेंगे. उन्हें लेबनान और श्रीलंका में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में विदेशी युद्ध का अनुभव है. अगले उप सेना प्रमुख भारतीय सैन्य अकादमी के पूर्व छात्र हैं और उन्हें दिसंबर, 1987 में 4 पैरा (विशेष बल) में कमीशन दिया गया था. लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेन्द्र सिंह 01 अगस्त को अगले उप सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण करेंगे. तीन दशकों से भी अधिक के शानदार करियर के साथ उन्होंने ऑपरेशन पवन, ऑपरेशन मेघदूत, ऑपरेशन रक्षक और ऑपरेशन ऑर्किड में भाग लिया है. उन्हें लेबनान और श्रीलंका में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में विदेशी युद्ध का अनुभव है. उन्होंने अप्रैल, 2022 में राइजिंग स्टार कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग का पदभार संभाला था. 2005 में स्थापित यह कोर हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला के दक्षिण-पूर्व में कांगड़ा घाटी के योल छावनी शहर में स्थित है. लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने अपने करियर में विभिन्न नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभाई हैं.

### धर्मस्थल गांव में एसआईटी को मिली मानव अस्थियां



**मंगलुरु।** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के बेल्थांगडी तालुक स्थित धर्मस्थल गांव में कथित तौर पर शव दफनाने के मामले की जांच में अब नया मोड़ आ गया है. विशेष जांच दल (एसआईटी) की खुदाई में छठे स्थान से कुछ मानव अस्थियां बरामद होने की पुष्टि की है. इससे पहले जिन पांच स्थानों पर खुदाई की गई थी, वहां से कोई कुछ नहीं मिला था. दरअसल, एक व्यक्ति ने पुलिस के समक्ष दावा किया था कि उसने धर्मस्थल गांव में विभिन्न स्थानों पर कई शवों को दफनाया है. उसके इस बयान के आधार पर कर्नाटक सरकार ने 19 जुलाई 2025 को राज्य पुलिस महानिदेशक डॉ. प्रणव मोहन्टी के नेतृत्व में एक एसआईटी गठित की थी. इस एसआईटी ने युवक से पूछताछ के बाद गांव के 13 स्थानों की पहचान चिह्नित कर सोमवार से खुदाई शुरू करवाई थी.पहले तीन दिन में पांच स्थानों पर खुदाई के दौरान कहीं से कोई भी आपत्तिजनक सामग्री या मानव अस्थियां बरामद नहीं हुई थीं.

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमला, पांच गिरफ्तार



**ढाका।** बांग्लादेश के बेतगारी संघ के अलदादपुर बालापारा गांव में हिंदुओं पर हमले के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर बुधवार शाम रंगपुर डिवीजन की एक अदालत में पेश किया. अदालत ने पांचों को जेल भेज दिया. अलदादपुर बालापारा गांव रंगपुर के गंगाचारा उपजिले में आता है. द डेली स्टार की खबर के अनुसार, किशोरगंज पुलिस थाना के प्रभारी अशरफुल इस्लाम ने बताया कि रंगपुर की अदालत ने यासीन अली (25), स्वाधीन मिया (28), अशरफुल इस्लाम (28), अतीकुर रहमान खान (30) और सद्दाम हुसैन सलीम (22) को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया. सभी आरोपित निलफामारी के किशोरगंज उपजिले के अंतर्गत मगुरा गांव के निवासी हैं.

### नेपाल की ओली कैबिनेट में फेरबदल की तैयारी



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा 'ओली' ने अपने मंत्रिमंडल में सभी मंत्रियों के कामकाज में प्रदर्शन के आधार पर व्यापक फेरबदल करने की तैयारी कर ली है और सत्तारूढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक दल नेपाली कांग्रेस की सहमति मिलते ही मंत्रिमंडल का पुनर्गठन कर दिया जाएगा. प्रधानमंत्री के सरकारी आवास पर ओली मंत्रिमंडल में फेरबदल की तैयारियों गुरुवार की सुबह एक बैठक आयोजित की गयी. इस बैठक में प्रधानमंत्री ओली और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउबा और दोनों पार्टियों के अन्य शीर्ष नेता शामिल हुए. नेपाली कांग्रेस के नेता तथा सरकार में गृहमंत्री रमेश लेखक ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री के मंत्रिमंडल में फेरबदल के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा हुई. उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल फेरबदल के लिए कुछ आधार तय किए गए हैं जिसके मुताबिक दोनों ही दलों अपने अपने संगठन में आंतरिक विचार विमर्श करने के बाद फिर से बैठक करने पर सहमति जताई है. नेपाली कांग्रेस के तरफ से अध्यक्ष देउबा और गृह मंत्री रमेश लेखक के साथ साथ उपाध्यक्ष पूर्ण बहादुर खड़का उपस्थित थे जबकि नेकपा यूएमएल के तरफ से प्रधानमंत्री ओली के अलावा उनकी पार्टी उपप्रधानमंत्री तथा वित्त मंत्री विष्णु पौडेल, प्रधानमंत्री के प्रमुख सलाहकार विष्णु रिमाल मौजूद रहे.

### बीआरएएस ने पाक के सैन्य बलों पर हमले की जिम्मेवारी ली

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में आजादी की लड़ाई में शामिल सशस्त्र समूहों के समन्वयक संगठन 'बलूच राजी आजोई संगर' (बीआरएएस) ने जमुरान क्षेत्र में पाकिस्तान के सैन्य बलों और उनको रसद सामग्री की आपूर्ति करने वाले वाहनों पर हमला करने का दावा किया है. बीआरएएस के प्रवक्ता बलूच खान ने स्वीकार किया कि यह हमला उसके लड़ाकों ने किया. लड़ाकों ने सुरक्षा बल के कई जवानों को ढेर कर दिया. द बलूचिस्तान पोस्ट के अनुसार, बीआरएएस के प्रवक्ता बलूच खान ने 30 जुलाई को जारी बयान में यह दावा किया है. प्रवक्ता खान ने कहा कि 28 जुलाई की रात संगठन के लड़ाकों ने जमुरान के नवानो के पास पाकिस्तान सेना के लिए रसद सामग्री ले जा रहे वाहनों को रोककर उनमें आग लगा दी और चेतावनी देने के बाद ड्राइवरों को छोड़ दिया. बयान में कहा गया कि बीआरएएस के लड़ाके रातभर इलाके में जमे रहे और 29 जुलाई को दूसरा हमला किया. पाकिस्तान सेना के वाहनों और मोटरसाइकिलों के काफिले पर कथित तौर पर रिमोट-नियंत्रित इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस का इस्तेमाल कर हमला किया गया. इसके बाद स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की. बीआरएएस ने दावा किया कि हमले में पांच सैन्यकर्मी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए. बीआरएएस ने जमुरान के कुछ स्थानीय निवासियों पर सेना की मदद करने का आरोप लगाया है. समूह ने चेतावनी दी है कि लोग ऐसा न करें, वरना उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे. इस दौरान होने वाले जान-माल के नुकसान की जिम्मेदारी उन्हीं लोगों की होगी. बीआरएएस ने बयान में बलूचिस्तान की मुक्ति तक पाकिस्तान की सेना और उसके सहयोगियों के खिलाफ सशस्त्र प्रतिरोध जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई है.

### जर्मनी की एथलीट लॉरा डाहलमेयर की पाक में मौत

बर्लिन/इस्लामाबाद। जर्मनी की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बायथलीट लॉरा डाहलमेयर की पाकिस्तान में पर्वतारोहण के दौरान हुए हादसे में मौत हो गई. 31 वर्षीय लॉरा पाकिस्तान के काराकोरम पर्वत शृंखला की लैला चोटी पर अचानक हुए भू-स्खलन की चपेट में आकर संभल नहीं पाईं. दो बार ओलंपिक चैंपियन रहीं लॉरा के निधन पर जर्मन ओलंपिक खेल परिसंघ (डीओएसबी) और परिवार ने गहरा दुख जताया है. सीएनएन चैनल की खबर के अनुसार डीओएसबी ने लॉरा के निधन की पुष्टि की है. लॉरा डाहलमेयर 2018 के शीतकालीन ओलंपिक में स्प्रिंट और पर्स्यूट स्पर्धा में अलग-अलग स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला बायथलीट बनीं. अगले साल 2019 में वह विश्व चैंपियनशिप में पांच स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली बायथलीट बनीं. इसके बाद उन्होंने इस खेल से संन्यास ले लिया. बुधवार को जारी बयान में उनकी प्रबंधन टीम ने कहा, ₹ अलविदा लॉरा. आपने हमारे और कई अन्य लोगों के जीवन को समृद्ध बनाया है. आप बहुत याद आएंगी. आपने अपने कार्यक्रमों के समन्वय के लिए हम पर भरोसा जताया, इसके लिए आपका आभार. आपका संघर्ष हमें आगे बढ़ने की हिम्मत देता रहेगा.₹ डीओएसबी के अध्यक्ष वीकेर्ट ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा, ₹लॉरा डाहलमेयर अपने पीछे समृद्ध विरासत छोड़ गई हैं. खेल के प्रति उनका समर्पण, प्रकृति के प्रति उनका जुनून और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व बनाती है.₹ थॉमस वीकेर्ट ने कहा कि वह सोमवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर के आसपास कराकोरम पर्वत श्रृंखला में लैला चोटी पर चढ़ते समय गिर गईं.

## अन्न ही परब्रह्म स्वरूप है : डॉ. उमर अली शाह

एजेंसियां। पिठापुरम



श्री विश्व विज्ञान विद्या आध्यात्मिक पीठम के पीठाधिपति डॉ उमर अली शाह ने गुरुवार की सुबह अपने अनुग्रह भाषण में कहा कि अन्न ही परब्रह्म स्वरूप है. पीठाधिपति डॉ. शाह ने पीठम के पुराने आश्रम के सौंदर्यीकरण के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की. उनके अनुज मेहबूब पाशा, अहमद अली शाह और कबीर शाह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया. कार्यक्रम में पीठम के संयोजक रुरी सूरीबाबू, पीठम केंद्रीय समिति की सदस्य श्रीमती पेरुरी कोमली, एवीवी सत्यनारायण, पीठम के मुख्य अभियंता एमआरके राजू आदि ने भाग लिया.

पीठाधिपति डॉ. उमर अली शाह ने पुराने आश्रम में गुलाब उद्यान, मयूर उद्यान, जहां अष्टम पीठाधिपति परब्रह्म मोहिद्दीन बादशा इस दिन के शुभ मुहूर्त में हजारों लोगों को प्रवचन दिया करते थे और नए आश्रम में मयूर उद्यान, पंचम पीठाधिपति मोहिद्दीन बादशा कुटीर और पेरूरी विक्रम के अर्थ सहयोग से निर्मित लघु भोजन कक्ष का उद्घाटन किया. डॉ. शाह ने नए आश्रम के सौंदर्यीकरण में योगदान देने वाले 27 परिवारों के सदस्यों को विशेष प्रसाद भेंट किया. आश्रम के सौंदर्यीकरण के तहत गुलाब के पौधों के साथ-साथ नए आश्रम और पुराने आश्रम में अधिक ऑक्सीजन प्रदान करने वाले विभिन्न प्रकार के पौधे भी लगाए गए, जिससे विभिन्न उद्यानों से युक्त दोनों आश्रमों में सुखद व प्रदूषण रहित वातावरण बनाने में मदद मिली है.

पीठाधिपति डॉ. उमर अली शाह ने कहा कि इससे आश्रम में आने वाले सदस्यों को मानसिक शांति, स्वास्थ्य, खुशी और संतुष्टि मिल पा रही है, जो उन्हें करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी नहीं मिलती. उन्होंने बताया कि उनकी अध्यक्षता में हर गुरुवार शाम 4.30 से 6.30 बजे तक ज्ञान-जागरूकता संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा. बैठक की शुरुआत प्रार्थना से होगी और समापन विशेष गुरुवार बैठक में आरती के साथ होगा.

### मालेगांव विस्फोट मामले में षड्यंत्रकारी दंडित हों : अभय वर्तक

**रांची।** सनातन संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय वर्तक ने 2008 के मालेगांव बम विस्फोट मामले में एनआईए की विशेष अदालत द्वारा साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल प्रसाद पुरोहित, मेजर रमेश उपाध्याय, समीर कुलकर्णी सहित अन्य को बरी किए जाने को 'सत्य की जीत' और हिंदू समाज के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया. वर्तक ने कहा कि यह निर्णय धर्मनिष्ठता की जीत है और 'हिंदू आतंकवाद' की झूठी संकल्पना को पूरी तरह ध्वस्त कर देता है. हालांकि न्याय मिलना खुशी की बात है, लेकिन वर्तक ने स्पष्ट किया कि जब तक उन षड्यंत्रकारी शक्तियों को दंडित नहीं किया जाता, जिन्होंने झूठे सबूत गढ़े और निर्दोषों को सालों तक कैद रखा, न्याय अधूरा ही रहेगा.

## अपदस्थ पीएम शेखहसीना समेत 100 के खिलाफ छह मामलों में आरोप तय

एजेंसियां ।ढाका

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना समेत 100 लोगों के खिलाफ छह मामलों में दो अदालतों ने आज आरोप तय किए. यह मामले राजुक पुर्बाचल न्यू टाउन परियोजना में भूखंडों के आवंटन में अनियमितताओं से संबंधित हैं. ढाका स्पेशल कोर्ट-4 के न्यायाधीश रबीउल आलम ने तीन और ढाका स्पेशल कोर्ट-5 के न्यायाधीश मोहम्मद अब्दुल्ला अल मामून ने तीन मामलों में आरोप तय किए. न्यायाधीश रबीउल आलम ने इन मामलों में गवाही दर्ज करने के लिए 13 अगस्त की तारीख तय की और आरोपितों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया. ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, शेख हसीना के अलावा अन्य प्रमुख आरोपितों में अजमीना सिद्दीक, रदवान मुजीब सिद्दीक, सजीब वाजेद जॉय और साइमा वाजेद पुतुल प्रमुख हैं. आरोपितों के फरार होने के कारण उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है.

भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) के लोक अभियोजक मीर अहमद अली सलाम ने बताया कि दोनों अदालतों ने 22 जुलाई को इन मामलों में आरोप निर्धारण पर सुनवाई के लिए 31 जुलाई की तारीख तय की थी. ढाका मेट्रोपॉलिटन के वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन गालिब ने 20 जुलाई को मामले विशेष न्यायाधीश की अदालत में भेजे थे. इससे पहले, 01 जुलाई को अदालत ने इन मामलों में हसीना, उनकी बहन शेख रेहाना और उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय सहित 100 लोगों को तलब करते हुए एक राजपत्र अधिसूचना प्रकाशित करने का आदेश दिया था. एसीसी ने 12 जनवरी से 14 जनवरी के बीच छह मामले दर्ज किए थे. जांच अधिकारियों ने 10 मार्च को आरोपपत्र दाखिल किए थे. एसीसी के उप निदेशक मोहम्मद सलाहुद्दीन ने 14 जनवरी को शेख हसीना समेत आठ लोगों के खिलाफ पूर्वाचल न्यू टाउन परियोजना में 10 कट्ठा प्लॉट आवंटित करने में सत्ता का दुरुपयोग करने का मामला दर्ज कराया था.


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.